माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 88, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शेयर बाजारों में लौटी रौनक 10

सेक्शन 108 में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन 11

OUR TOP PERFORMERS IN JEE-MAIN-2024



Dr. K.L. Gupta (Father), Pooja Gupta (Mother), Keshav Gupta with Santosh Verma Sir & Vishal Varshney Sir

99.59 ( Percentile)
KESHAV GUPTA



Veeresh Bajpai (Father), Geeta Bajpai (Mother), Kshitij Bajpai with Vishal Varshney Sir & Santosh Verma Sir.

99.43 ( Percentile)
KSHITIJ BAJPAI

OUR TOPPERS IN NEET


2023
PRANJAL SINGH
NEET MARKS 705/720


2022
MOTI
NEET MARKS 687/720


2021
SAHIL VARSHNEY
NEET MARKS 696/720

Learn from the Expert Faculty of MEDIIT

PHYSICS BY

VISHAL SIR
B.Tech. IIT Kanpur

CHEMISTRY BY

VIPUL SIR
B.Tech. IIT Dhanbad

MATHS BY

SANTOSH SIR
B.Tech. IIT BHU

BIOLOGY BY

OMENDRA SIR
M.Sc.

ADMISSION OPEN
FOR IIT JEE / NEET COURSES

2 YEAR FOUNDATION COURSE
For 11th Studying Students

1 YEAR FOUNDATION COURSE
For 12th Studying Students

1 YEAR TARGET COURSE
For 12th Pass Students

PRE- FOUNDATION COURSE
For 9th/10th Studying Students

CRASH COURSE
For 12th appeared students / 12th pass Students

MEDIIT

149, Janakpuri, Bareilly Mob. 9639011515, 9639011516
www.mediitbareilly.com

# प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम से की जाएगी मॉनीटरिंग

## डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों समेत जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर व स्टेटिक मजिस्ट्रेट को समझाए दायित्व

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



गांधी भवन में यूपी बोर्ड परीक्षा के केंद्र व्यवस्थापकों को संबोधित करते डीएम उमेश प्रताप सिंह। साथ में हैं एसपी अशोक कुमार मीणा।

**अमृत विचार:** 22 फरवरी से शुरू होने वाली माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन संपन्न कराने के लिए मंगलवार को डीएम की अध्यक्षता में केंद्र व्यवस्थापकों की प्रशिक्षण बैठक हुई। इस अवसर पर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक भी मौजूद रहे।

गांधी भवन प्रेक्षागृह में डीआईओएस हरिवंश कुमार ने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड से प्राप्त दिशा निर्देश पढ़ कर सुनाए और परीक्षा प्रक्रिया के विस्तृत जानकारी दी। डीआईओएस ने बताया कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 44,130 एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 35,177 समेत कुल 79,307 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होगें। बोर्ड परीक्षा के लिए कुल 118 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलेगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में परीक्षा कराई जाएगी। साथ ही केंद्रों

**डीआईओएस ने बोर्ड के दिशा निर्देशों से कराया अवगत, कहा: सीसीटीवी 24 घंटे संचालित रखें**

की मॉनीटरिंग जिला और प्रदेश स्तरीय कंट्रोल रूम की जाएगी।

डीएम उमेश प्रताप सिंह ने केंद्र व्यवस्थापकों का आह्वान किया कि वह शासन की मंशानुरूप बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्ण, नकल विहीन तथा पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने में ईमानदारी बरतें। कोई भी समस्या होने पर तत्काल अपने क्षेत्र के जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय से पूर्ण कराई जाएं। सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकॉर्डर 24 घंटे सुचारू रूप से संचालित रखे जाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में गड़बड़ी करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल लायी जाएगी। संबंधित अधिकारी भी परीक्षा को गंभीरता से लें और परीक्षा के दौरान लगातार भ्रमण पर रहें। इस मौके पर एसपी अशोक कुमार मीणा ने केंद्र व्यवस्थापकों को आश्वस्त किया कि वह सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रहें और अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। बैठक में नोडल अधिकारी, समस्त जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक मौजूद रहे।

### कंट्रोल रूम में दर्ज कराएं हर सूचना

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यालय से दूर परीक्षा केंद्रों पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने तैनाती स्थल पर ही रात्रि विश्राम करेंगे। जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर-05842-223214, 223215, 223216 संचालित रहेगा। साथ ही जिले में धारा-144 भी लागू रहेगी, जिसका पालन करना सुनिश्चिति किया जाए। परीक्षा केन्द्र के आस पास घटित होने वाली सूक्ष्म से सूक्ष्म विपरीत घटना की सूचना जनपदीय कंट्रोल रूम में तत्काल दी जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा केंद्र के आसपास पत्थर, जलभराव आदि की स्थिति न देखने को मिले।

### पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर धारा 144 लागू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। डीएम ने परीक्षा तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक के साथ चर्चा की। 17 व 18 फरवरी को प्रथम पाली में 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली में 3 बजे से 5 बजे तक 11 केंद्रों पर परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। डीएम ने बताया कि जनपद में धारा-144 प्रभावी है। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ व अन्य संचार संबंधी उपकरण, आईटी गैजेट्स ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। 200 मीटर की परिधि में फोटो कॉपी मशीन संचालित किया जाना और 200 मीटर की परिधि के भीतर अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक ऑफिसर और केंद्र व्यवस्थापक को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं और सीसीटीवी कैमरे व जैमर सुचारू रूप से संचालित हो। एआरएम रोडवेज और एआरटीओं को बसों के संचालन की व्यवस्था और निर्धारित किराया करने को निर्देश दिये। इस दौरान एसपी अशोक मीणा, एडीएम प्रशासन संजय कुमार, डीआईओएस हरिवंश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 326 परीक्षार्थियों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



एक परीक्षा केंद्र पर नकल पर कड़ी नजर रखते केंद्र व्यवस्थापक। ● अमृत विचार



परीक्षा देकर केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी, मौलवी, आलीम, कामिल और फाजिल की परीक्षाएं मंगलवार से जिले में पांच केंद्रों पर शुरू हो गई। सीसीटीवी कैमरों और पुलिसि की कड़ी निगरानी में प्रारंभ हुई परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

प्रथम पाली सुबह आठ बजे से 11 बजे तक चली, जिसमें पंजीकृत 842 परीक्षार्थियों में से 598 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 244 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में पंजीकृत 764 परीक्षार्थियों में से 682 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 82 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहम्मद खालिद ने परीक्षा केंद्र राजकीय कन्या इंटर कॉलेज तिलहर एवं मदरसा नूरुल हुदा बिजलीपुरा का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। द्वितीय पाली में भी उन्होंने परीक्षा केंद्र एजेड खान इंटर कॉलेज एवं मदरसा जामिया फातिमा का निरीक्षण कर केंद्र व्यवस्थापकों को नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए प्रेरित किया। केंद्रों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। कहीं भी कोई नकलची नहीं पकड़ा गया।

**पहले दिन पांचों केंद्रों पर 1280 परीक्षार्थी हुए शामिल**

**डीएमओ समेत सचल दलों ने परीक्षा केंद्रों की देखीं व्यवस्थाएं**



महानगर में अलग-अलग बाजारों में पतंगों की दुकानों पर जुटे रहे ग्राहक। ● अमृत विचार

# आधी रात तक खुली रहीं दुकानें, पतंग खरीदने पहुंचते रहे युवा और बच्चे

**वसंत पंचमी आज**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



खेत में पकी खड़ी सरसो के साथबसंत के आगमन को तैयार महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मां शारदे का प्राकट्य दिवस वसंत पंचमी जिले में पतंगबाजी के रूप में मनाया जाता है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी सुबह तड़के से छतों पर डट जाते हैं और पतंगबाजी का आनंद लेते हैं। हालांकि धीरे-धीरे इस शौक में कमी आई है, इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोग पतंगें उड़ाकर शौक पूरा करते हैं। मंगलवार को पूरे दिन पतंगों की दुकानों पर बच्चे और युवा पहुंचते रहे। इस बार पतंगें न उड़ा पाने वाले छोटे बच्चों के लिए खिलौनों की तरह चरखी और पतंगें बाजार में आई हुई हैं। गैस के गुब्बारे वाले भी पूरी तैयारी में जुटे दिखे। महिलाएं और युवतियां भी त्योहार के आगमन को लेकर उत्सुक दिखीं।

शहर में मुख्य बाजारों मंडी चौक, मालखाना मोड़, चौक, बहादुरगंज, जलालनगर, दलेलगंज समेत गली मोहल्लों में भी पतंगों की दुकानें सज गई हैं। दो रुपए लेकर 20-25 रुपए तक की पतंगों की भरमार है। वहीं, देशी और चाइनीज मांझे, रील, चरखी आदि की बिक्री भी जमकर हो रही है। रंग-बिरंगी पतंगी कागज समेत पन्नी से बनीं पतंगों की डिमांड खूब हो रही है। बच्चों के लिए कार्टून फिल्मों वाली पतंगें बाजार में आई हुई हैं। युवाओं और किशोरवय वर्ग के बच्चों में पतंगबाजी को लेकर उत्साह दिख रहा है। बच्चों को पन्नी पर प्रिंटिंग वाली पतंगें बहुत आकर्षित कर रही हैं। यह पतंगें दो रुपए से लेकर तीन रुपए तक की हैं, इसलिए हर वर्ग के बच्चों की रेंज में बनी हुई हैं। वहीं, भारी-भरकम पतंगें युवाओं की पसंद में हैं, जो 10 रुपए से लेकर 25 रुपए तक की हैं। चरखी, देशी यानि पारंपरिक मांझा, चाइनीज मांझा, रील अर्थात मांझे के बाद इस्तेमाल होने वाला सफेद धागा खूब बिक रहा है। लोगों ने दुकानें और ऑफिस से आने के बाद पतंगों की दुकानों पर पहुंच कर खूब खरीददारी की।

### पूजा में है चांदी की पतंग का महत्व

इस बार शाहजहांपुर के बाजार में चांदी की भी पतंग आई है। दुकानदारों का कहना है कि यह पतंग उड़ाने के काम भले ही न आ रही हो, लेकिन इसका पूजा में बहुत महत्व है। इसकी बिक्री भी हो रही है।



चांदी की पतंग दिखाते दुकानदार।

### छोटी पतंगें और चरखी देख मचले बच्चे

बड़ों को पतंगें उड़ाते देख बच्चे खूब मचलते हैं, इसलिए इस बार छोटे बच्चों के लिए उन्हीं के लिए मुफीद छोटी-छोटी पतंगें भी दुकानों पर बिक रही हैं। ये पतंगें इतनी छोटी हैं कि उड़ नहीं सकतीं, लेकिन इतनी छोटी पतंगे बनाने में मेहनत तो लगती ही है, इसलिए इनकी कीमत भी पांच रुपए है। इसके अलावा खिलौने की तरह प्लास्टिक की रंग-बिरंगी चरखी भी दुकानों पर बिक रही हैं।




माघ शुक्ल पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 14 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 88, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 12

लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति 11




# दिल्ली जाने पर अड़े किसान, शंभू बॉर्डर पर बवाल

## सुरक्षाकर्मियों ने ड्रोन से दागे आंसू गैस के गोले डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल

**चंडीगढ़, एजेंसी**

हरियाणा पुलिस ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानून बनाने की मांग कर रहे किसानों के दिल्ली कूच करने के बीच अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। यहां किसान बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान अंबाला कैंट के डीएसपी समेत कई पुलिसकर्मी-किसान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि कुछ किसानों को हिरासत में भी लिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च में शामिल युवाओं के एक समूह ने अंबाला में शंभू सीमा पर लगाए अवरोधक तोड़ने की कोशिश की, जिसके बाद हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। जब कुछ युवाओं ने लोहे के अवरोधक तोड़े और इसे घग्घर नदी पुल से फेंकने की कोशिश की तो पुलिस को आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बाद में आंसू गैस का गोला गिराने के लिए एक ड्रोन का भी इस्तेमाल किया। किसानों ने फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर दो केंद्रीय नेताओं के साथ बैठक बेनतीजा रहने के बाद दिल्ली की ओर कूच करने का फैसला किया है।

कई किसानों ने अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली के साथ फतेहगढ़ साहिब से सुबह करीब 10 बजे मार्च शुरू किया और वे शंभू सीमा के जरिए दिल्ली की ओर बढ़ रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब और शंभू सीमा के बीच दूरी करीब 35-40 किलोमीटर है। किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली काफिले को शंभू सीमा की ओर बढ़ते हुए देखा गया। ट्रॉली में बुजुर्ग, युवा और महिलाओं को बैठे हुए देखा गया। हरियाणा की ओर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पंजाब की ओर से सीमा पर आ रहे युवाओं के एक समूह को शंभू सीमा के समीप अवरोधकों से दूर रहने को भी कहा। हरियाणा में प्राधिकारियों ने कंक्रीट के अवरोधक, लोहे की कीलों और कंटीली तारों का इस्तेमाल कर अंबाला, जींद, फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र और सिरसा में कई स्थानों पर पंजाब के साथ राज्य की सीमाओं की किलेबंदी कर दी है।



पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर पुलिस द्वारा आंसू गैस के गोले दागे जाने के बाद तितर-बितर किसान। ● एजेंसी

## पंजाब और हरियाणा बॉर्डर पर पुलिस ने रबर की गोलियां चलाईं, खनौरी बॉर्डर पर लाठियां भांजी



शंभू बॉर्डर के पास लगाए गए कंक्रीट बैरिकेड को हटाने की कोशिश करते किसान।

### किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सरकार तैयार

**नई दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के बीच केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि सरकार किसानों की हर समस्या पर बात करने को तैयार है। मुंडा ने कहा कि कृषि और किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए लगातार प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ बातचीत चल रही है और सरकार हर मुद्दे पर बात करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि जनता को परेशानी में नहीं डालना चाहिए और किसान संगठनों को इसे समझना चाहिए। मुंडा ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए तैयार है।



**सरकार बनी तो हम एमएसपी पर कानून बनाएंगे :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही विभिन्न फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी वाला कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की देश भर के किसानों की लंबे समय से लंबित मांग है और सत्ता में आने पर सबसे पहले किसानों की इस मांग को पूरा किया जाएगा।



### हाईकोर्ट का हरियाणा, पंजाब और केंद्र को नोटिस

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने किसानों के 'दिल्ली चलो' मार्च से संबंधित दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्र के अलावा हरियाणा और पंजाब राज्यों को नोटिस जारी किए। याचिकाकर्ताओं में से एक ने अदालत से किसानों के विरोध-प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब तथा केंद्र सरकार की सभी 'अवरोधक' कार्रवाइयों पर रोक लगाने का अनुरोध किया है, जबकि दूसरे याचिकाकर्ता ने यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है कि प्रदर्शनकारियों द्वारा कोई राजमार्ग अवरुद्ध न किया जाए, क्योंकि इससे आम जनता का दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कोर्ट ने सुनवाई की अगली तारीख 15 फरवरी तय की है।

## एक नजर

### तेजस्वी ने माफी मांगी मानहानि का मुकदमा रद

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजद नेता तेजस्वी यादव के खिलाफ उनकी विवादास्पद टिप्पणी को लेकर अहमदाबाद की एक अदालत में दायर मानहानि का मुकदमा उनके माफी मांगने के साथ ही रद कर दिया। तेजस्वी ने पिछले साल मार्च में एक बयान में कहा था कि केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं। इसके बाद गुजरात के व्यवसायी हरेश मेहता ने उनके खिलाफ अदालत में मानहानि शिकायत की थी।

### प. बंगाल में वायुसेना का हॉक विमान दुर्घटनाग्रस्त

**कोलकाता।** भारतीय वायुसेना का हॉक ट्रेनर विमान पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे।

## फौजी ने दूल्हे समेत 7 लोगों को मारी गोली, एक की मौत

**गोंडा कार्यालय**

- जमीनी विवाद में 10-12 राउंड फायरिंग की, 6 लोग घायल
- छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में हुई वारदात

**अमृत विचार:** छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के पांडेयपुरवा में मंगलवार की सुबह जमीन विवाद को लेकर एक फौजी ने दूल्हे समेत सात लोगों को गोली मार दी। गोली लगने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मृतक महिला अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए आई थी। फायरिंग करने वाले आरोपी सीताराम पुलिस गिरफ्त में है।

पुलिस के अनुसार छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी गांव के मजरे पांडेयपुरवा के रहने वाले बाबू राम जायसवाल व सीताराम यादव के परिवार के बीच जमीन को लेकर रंजिश चल रही है। बाबूराम जयसवाल के मुताबिक मंगलवार को उसके बेटे अमनदीप की बारात जानी थी। रिश्तेदारों की सहूलियत के लिए बाबू राम गली में टिन लगा रहे थे। इससे नाराज फौजी सीताराम यादव भड़क गया और उसने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग शुरू कर दी।

## रामलला को मिले छह अंगरक्षक

**अयोध्या, अमृत विचार।** राम मंदिर में विराजमान बाल्य स्वरूप रामलला की सुरक्षा के लिए अब विशेष व्यवस्था भी पूर्ण हो गई है। दर्शन के लिए उमड़ रही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रामलला की सुरक्षा में छह अंगरक्षक तैनात कर दिए गए हैं। हर वक्त दो अंग रक्षक आठ-आठ घंटे रामलला की सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे। बताया जाता है कि ये अंगरक्षक गर्भगृह और रामलला के श्रृंगार के आभूषण और वस्त्र की निगरानी भी करेंगे। बता दें कि बीते दिनों राम मंदिर स्थाई सुरक्षा समिति की बैठक में श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अंगरक्षक नियुक्त किए जाने पर सहमति बनी थी। इसके बाद अब जिला प्रशासन की ओर से रामलला की सुरक्षा को लेकर छह अंगरक्षक प्रदान किए गए हैं।

## अंतरिक्ष में भी भारत-यूएई की दोस्ती का परचम

**अबू धाबी, एजेंसी**

- अबू धाबी में प्रवासी भारतीय समुदाय से बोले प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। यहां अबू धाबी में एयरपोर्ट पर खुद यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद दोनों नेताओं ने मुलाकात की और दोनों नेताओं के बीच कई अहम समझौते हुए।

इसके बाद पूर्व निर्धारित कार्यक्रम 'अहलन मोदी' में शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अबू धाबी के जायद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 'मोदी मोदी' के नारों के बीच 'अहलन मोदी' में शामिल हुए भारतवंशी लोगों का अभिवादन 'नमस्कार' कहकर किया। उन्होंने कहा कि आज मैं अपने परिवार के सदस्यों से मिलने आया है। समुद्र पार जिस देश की मिट्टी में आपने जन्म लिया, उस मिट्टी की खुशबू मैं आपके लिए लेकर आया हूं। भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीय भाई-बहनों को आप पर गर्व है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में इस स्नेह से अभिभूत हैं। मोदी ने कहा, 'भारत और यूएई प्रगति में साझेदार हैं। हमारे संबंध प्रतिभा, नवाचार और संस्कृति के हैं।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, 'अब अबू धाबी में भव्य दिव्य मंदिर के लोकार्पण का ऐतिहासिक समय आ गया है। भारत-यूएई की दोस्ती जितनी जमीन पर मजबूत है, उतना ही उसका परचम अंतरिक्ष में भी लहरा रहा है। मैं स्पेस में समय बिताने वाले यूएई के पहले अंतरिक्ष यात्री को बधाई देता हूं।'




जायद स्टेडियम में 'मोदी-मोदी' के नारों के बीच प्रवासी भारतीयों का अभिवादन स्वीकार करते पीएम मोदी।

### यूएई का सर्वोच्च नागरिक सम्मान करोड़ों भारतीयों का सम्मान

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि हमें भी चार बार शेख नाहयान का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला है। पहले वह गुजरात आए थे, तब लाखों लोग उनका आभार व्यक्त करने के लिए सड़क के दोनों ओर जमा हो गए थे। यह भी मेरा सौभाग्य है कि यूएई ने मुझे अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ जायद से सम्मानित किया। यह सिर्फ मेरा सम्मान नहीं है, बल्कि करोड़ों भारतीयों का सम्मान है।

## कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

- जेईई परिणाम आने के बाद उठाया कदम बीते 20 दिनों में चौथी घटना

**कोटा, एजेंसी।** कोचिंग सिटी कहे जाने वाले कोटा में जेईई का परिणाम आने के साथ ही एक और कोचिंग छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते 20 दिनों में कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की चौथी घटना है। जानकारी के अनुसार कोटा में रहकर एक निजी कोचिंग संस्थान से जेईई के लिए कोचिंग कर रहे छत्तीसगढ़ के एक कोचिंग छात्र शुभ कुमार चौधरी ने सोमवार रात किसी समय फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसका पता मंगलवार सुबह लगा। सोमवार रात ही जेईई मेंस की परीक्षा का परिणाम आया था। परिणाम आने की जानकारी मिलने के बाद उसके माता-पिता ने उसे मंगलवार की सुबह फोन किया। उसने फोन नहीं उठाया तो उन्होंने हॉस्टल के वार्डन को फोन किया। हॉस्टल के वार्डन ने शुभ के कमरे का दरवाजा धक्का देकर खोला तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला।

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा महासचिव पद से दिया इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित एक पत्र में न केवल इस्तीफा देने के कारणों की चर्चा की है, बल्कि यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने केवल पद से इस्तीफा दिया है, पार्टी से नहीं। वह पार्टी को सशक्त बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा प्रमुख को लिखे पत्र में जहां स्वयं को विधान परिषद भेजने और राष्ट्रीय महासचिव का पद देने के लिए अखिलेश का आभार जताया, वहीं गंभीर आरोप भी लगाए हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए इस पत्र में उन्होंने अपने हिंदू धर्म एवं कर्मकांड को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताते हुए अपने बयानों को जायज ठहराया है। माना जा रहा है कि स्वामी प्रसाद को अपने राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, न पूरी होने पर इस्तीफा दिया है।



## गुजरात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर दलित दूल्हे से मारपीट

**गांधीनगर।** अपनी शादी के दौरान बारात में घोड़े पर चढ़ने को लेकर एक दलित दूल्हे पर हमला करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना चाडसना गांव में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने दलित दूल्हे विकास चावड़ा को जातिसूचक गालियां भी दीं। दूल्हे के रिश्ते के भाई द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत में बताया गया कि दूल्हा घोड़े पर सवार होकर गांव में दुल्हन के घर जा रहा था, तभी मोटरसाइकिल पर सवार एक व्यक्ति ने उसे घोड़े से नीचे खींच लिया और थप्पड़ मार दिया। आरोपी के साथ तीन और लोग शामिल हो गए।

### निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति का मामला

## नए कानून पर रोक से कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों (ईसी) की नियुक्ति से संबंधित नए कानून के अमल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। नए कानून में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति ऐसी समिति द्वारा किये जाने का प्रावधान है, जिसमें प्रधान न्यायाधीश शामिल नहीं होंगे।



न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने एक गैर-सरकारी संगठन 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की ओर से दायर याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया और इस याचिका को इसी विषय पर लंबित अन्य याचिकाओं के साथ अप्रैल में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह कानून शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के उस फैसले के विपरीत है, जिसने निर्देश दिया था कि सीजेआई उस समिति का हिस्सा होंगे, जो सीईसी और ईसी की नियुक्ति करेगा। जब भूषण ने कानून के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगाने पर जोर दिया, तो पीठ ने कहा, 'माफ करें, हम आपको इस मामले में अंतरिम राहत नहीं दे सकते।'

## सोनिया गांधी राजस्थान से होंगी राज्यसभा के लिए उम्मीदवार

**नई दिल्ली/जयपुर।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी राज्यसभा चुनाव में राजस्थान से पार्टी की उम्मीदवार होंगी और वह बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। पार्टी सूत्रों ने ने बताया कि सोनिया गांधी बुधवार को जयपुर में नामांकन पत्र दाखिल करेंगी। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रह सकते हैं। कांग्रेस राज्यसभा चुनाव के लिए बहुत जल्द अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करेगी। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 15 फरवरी है। सोनिया गांधी वर्ष 1999 से लगातार लोकसभा सदस्य हैं। यह पहली बार होगा कि वह संसद के उच्च सदन में जाएंगी। कांग्रेस कर्नाटक, तेलंगाना, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हिमाचल से राज्यसभा की सीट जीतने की स्थिति में है। राजस्थान कांग्रेस ने पार्टी नेतृत्व से राज्य से सोनिया गांधी को नामित करने का आग्रह किया था।



## शोहदों की छेड़खानी से तंग आकर भाजपा नेत्री की बेटी ने दी जान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

- मां की तहरीर पर चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

**अमृत विचार:** छेड़खानी से तंग आकर भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री की पुत्री ने मंगलवार को पंखे के सहारे रस्सी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। इकलौती बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। भाजपा नेता ने पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाते हुए आरोपी युवकों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पनवड़िया के पास हाइडिल कॉलोनी में विद्युत निगम के कर्मचारी विवेक सक्सेना की पत्नी सविता सक्सेना भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री हैं। उनके दो पुत्र और एक पुत्री हैं। 13 वर्षीय पुत्री आठवीं की छात्रा थी। मंगलवार को भाजपा नेत्री किसी काम से कहीं गई थीं। उनके पति भी बाहर थे। इस बीच किसी समय उनकी पुत्री ने फंदे पर लटककर जान दे दी।

मृतका की मां ने पुत्री को परेशान करने का आरोप लगाते कुछ युवकों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में लिखित शिकायत की। इसमें कहा गया है कि इन युवकों ने उसका स्कूल जाना भी दुश्वार कर दिया था। उसको मारने तक की धमकी देते थे। परेशान हो जाने के बाद मामला युवकों के परिजनों को बताया गया तो युवक परिजनों के दबाव में लिखित में माफीनामा लिखकर दे गए थे। किशोरी के परिजनों का आरोप है कि मंगलवार दोपहर युवकों ने घर में घुसकर बेटी को परेशान किया था। एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भाजपा नेता की पुत्री ने फंदे पर लटककर जान दे दी है। रात को ही उसका पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

## 75 जिलों में शुरू होंगी 10.11 लाख करोड़ की परियोजनाएं: योगी

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

### मुख्यमंत्री ने की तीन दिवसीय जीबीसी 4.0 की तैयारियों की समीक्षा, आएंगे 35 सौ निवेशक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए प्रदेश के औद्योगिकरण को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने मंगलवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ हुई विशेष बैठक में कहा कि 19 फरवरी को एक साथ प्रदेश के सभी 75 जिलों में 10.11 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कई केंद्रीय मंत्री, बड़े उद्योगपति, पार्टनर देशों के प्रतिनिधि समेत देशी-विदेशी 35 सौ निवेशक इसके गवाह बनेंगे।



मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 को लेकर विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा एक साथ 14 हजार से अधिक निवेश प्रस्तावों के जमीनी क्रियान्वयन की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उद्योग जगत के अनेक प्रतिष्ठित समूह, सीईओ, निवेशकों आदि की उपस्थिति होगी। यह समारोह प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के औद्योगिक विकास को गति देने का माध्यम होगा। निर्देश दिए कि समारोह की गरिमा और महत्ता के दृष्टिगत सभी आवश्यक प्रबंध कर लिए जाएं।

> नया उत्तर प्रदेश 'उद्यम प्रदेश' बनकर, भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में देश के विकास को सतत गति दे रहा है। प्रदेश आज 6 वर्ष बाद चतुर्थ जीबीसी में 10 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
> -योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री

### वीवीआईपी मेहमानों को लेकर खास इंतजाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीबीसी में अनेक केंद्रीय मंत्री, विभिन्न राजदूतों, जनप्रतिनिधिगणों की सहभागिता भी होनी है। निर्देश दिया कि अति विशिष्ट जनों के सुरक्षा व सत्कार प्रोटोकाल का पूर्णतः अनुपालन किया जाना चाहिए। सीएम फेलो की काउंसिलिंग/ट्रेनिंग करके उन्हें इन अतिविशिष्ट जनों के साथ संबद्ध किया जाए। औद्योगिक जगत के शीर्षस्थ उद्यमियों, निवेशकों आदि की आवासीय व्यवस्था, भोजन, आवागमन, पार्किंग आदि के समुचित प्रबंध किए जाएं।

**सभी जिलों में होगा सीधा प्रसारण :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री संबोधन का सभी जिलों में सीधा प्रसारण कराया जाए। इसके लिए स्क्रीन लगाई जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय उद्यमियों/व्यापारियों को आमंत्रण पत्र भेजा जाए। यहां जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति हो।

जे.पी. क्लीनिक

डा. जितेन्द्र पाल सिंह

B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन

- दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
- बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
- जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
- गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज

बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।

हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है

पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206

सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश



दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दांत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधायें

1. शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। 2. दांतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler) 3. हिलते हुए दांतों को जाम करना। 4. दांतों की नसों का इलाज Root Canal Treatment, (Single Siting RCT) 5. मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। 6. दांतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। 7. सड़े गले दांतों को बना तकलीफ के निकालना (Laser Filling) 8. टेड़े-मेढ़े, ऊँचे-नीचे दांतों का इलाज। (Fix Braces) 9. डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दांत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) 10. मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) 11. गुटखे की वजह से मुंह कम खुलने का इलाज। 12. एक्सीडेन्टल टूटे जबडे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा 13. एडवान्स एक्स-रे यूनिट Oral Camera, IOPAR, RVG, CBCT, OPG.

Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

एशिया की नं. 1 लैब द्वारा दांतों एवं मुख का सम्पूर्ण इलाज।



5 साल से 11 साल के बच्चों की दांतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्र सेना /पुलिस/ ग्राम प्रधान/ स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/ स्वतंत्रता सेनानी

सम्पर्क करें:- 9997317000, 9411632121, 9412738720

निकट प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, पुरानी एम.आर.आई. बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, बरेली


# नाले के लिए खोदी सड़क...निर्माण का पता नहीं, गिरकर घायल हो रहे लोग

## निवाजपुर में खुदी सड़क बनी लोगों का सिरदर्द, धूल से दुकानदार परेशान

संवाददाता, रोजा



सीतापुर हाईवे पर निवाजपुर में अधूरा पड़ा नाला निर्माण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीतापुर हाईवे पर निवाजपुर में पानी निकास को लेकर बनाया जा रहा नाला लोगों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। नगर निगम के ठेकेदार ने नाला निर्माण को लेकर सड़क के एक तरफ की पटरी पर करीब सौ मीटर गड्ढा खोदकर छोड़े जाने से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गड्ढे में आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। दुकानदारों व ढ़ाबा स्वामियों को सड़क पर पड़ी उड़ती मिट्टी से परेशानी हो रही है। इससे क्षेत्रीय लोगों में असंतोष है।

सीतापुर मार्ग पर निवाजपुर में करन बिल्डिंग मैटेरियल से करीब दो सौ मीटर सड़क के एक ओर नाले का निर्माण होना प्रस्तावित है। बताया जाता है कि नगर निगम द्वारा नाले का टेंडर हो जाने के बाद ठेकेदार ने दो माह पूर्व सड़क के किनारे खोदाई कर मिट्टी सड़क पर छोड़ दी थी। लेकिन आज तक नाले का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। जिससे सड़क पर मिट्टी पड़े रहने से उठ रही धूल से प्रस्तावित नाले के किनारे दुकानदार व ढ़ाबा स्वामी परेशान हैं तथा लोगों को आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं।

### जल्द हो नाले का निर्माण दुकानदारों को दिक्कत



नाला निर्माण न होने के कारण दुकानदारों को काफी दिक्कत हो रही है। ठेकेदार ने दो माह पहले ही सड़क खोदकर डाल दी है, जिसके कारण ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम के अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना चाहिए। **–अतुल सिंह**, ट्रांसपोर्ट स्वामी

नाला निर्माण कार्य ठेकेदार की बीमारी की वजह से रुका पड़ा था। ठेकेदार एक माह नोएडा में भर्ती रहा है, अब कल से काम शुरू कराने का आश्वासन दिया गया है। कल काम शुरू करा दिया जाएगा। **– आशीष त्रिवेदी**, अधिशासी अभियंता निर्माण, नगर निगम

### मिट्टी की धूल से चौपट हो रहा धंधा



सड़क पर मिट्टी पड़ी होने के कारण सड़क से तेज रफ्तार से निकलने वाले वाहनों से मिट्टी की धूल उड़कर ढ़ाबे के अंदर आ जाती हैं जिससे खाना खाने वाले ग्राहकों को काफी दिक्कत होती है यहां तक ग्राहक धूल देखकर ढ़ाबे में आना पसंद नहीं करते हैं। **–ऋषिपाल**

### अधिकारी सुनते हैं और न ही ठेकेदार




लोगों की परेशानियों को लेकर कई बार नगर निगम के अधिकारियों से कहा गया लेकिन अधिकारियों ने जन समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया। ठेकेदार फोन नहीं उठाता है। बरसात में फिसलन हो जाने के कारण कभी भी बड़ा हादसे का खतरा हो सकता है। **–ध्रुव सिंह**, भाजपा नेता



गांव महुआ पिमई में आंगनबाड़ी केंद्र के बाहर बैठे बच्चे। ● अमृत विचार

# आंगनबाड़ी में भरा मजदूरों का सामान, बच्चे बैठ रहे बाहर



गांव महुआ पिमई में आंगनबाड़ी केंद्र के अंदर भरा मजदूरों का सामान।

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** जिम्मेदार बच्चों की पढ़ाई और शिक्षा के प्रति कितने जागरुक हैं। इसका अंदाजा महुआ पिमई के आंगनबाड़ी केंद्र में हो रहे अध्यापन कार्य को देखकर सहज ही लगाया जा सकता है।

महुआ पिमई के उच्च प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार सुबह करीब 11:37 बजे कार्यकत्री करीब 10 बच्चों को पढ़ा रही थी, लेकिन सहायिका मौजूद नहीं थी। बच्चे केंद्र के कक्ष के बाहर बैठे हुए थे, वहीं कक्ष के अंदर रजाई गद्दा आदि कपड़े और निर्माण सामग्री में कुछ लोहे आदि का सामान रखा हुआ था। पूछने पर कार्यकत्री द्रौपदी ने बताया कि प्रधानपति आशीष कुमार ने कक्ष में मजदूरों को रहने के लिए कहा है। जबकि प्रधानपति आशीष कुमार का कहना है कि गांव में पाइप लाइन डाली जा रही है। जिस कारण केंद्र में अतिरिक्त कक्ष होने के चलते मजदूरों को रहने के लिए कह दिया। लेकिन अगर बच्चों को पढ़ाई में परेशानी हो रही है। तो मजदूरों को रहने की दूसरी जगह दी जाएगी। वहीं गांव नरौठा देवीदास में प्राथमिक विद्यालय में आंगनबाड़ी केंद्र है। एक भवन में तीन आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 11: 12 बजे आंगनबाडी प्रथम में कार्यकत्री बंटी कनौजिया, सहायिका अनीता वर्मा, द्वितीय में कार्यकत्री शशि प्रभा, सहायिका मधुरानी मौजूद नही मिली। तृतीय में कार्यकत्री मनोरमा, सहायिका उमा देवी गर्भवती महिलाओं को पोषाहार वितरित करते मिली लेकिन यहां बच्चें नहीं मिले। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते बच्चों की शिक्षा पर असर पड़ रहा है। लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

### कार्यकत्री बोली, प्रधान ने मजदूरों को भवन में किया शिफ्ट

गांव में पाइप लाइन का काम चल रहा है। जिसके चलते मजदूरों को स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में शिफ्ट किया गया था। मजदूरों को तत्काल कक्ष खाली करने को कहा गया है। **–आशीष कुमार**, प्रधानपति, महुआ पिमई

# फोन में व्यस्त थे प्रा. स्कूल कुर्रिया के हेड मास्टर, बीएसए ने किया निलंबित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बीएसए रणवीर सिंह ने मंगलवार को दो स्कूलों का भ्रमण किया। निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिले। एक स्कूल में छात्र संख्या नगण्य मिली। अभिलेख संबंधी कार्य पूरा नहीं था, जिसके चलते संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया गया और अनुपस्थित शिक्षकों का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया। मंगलवार को बीएसए कांट क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कुर्रियाकलां पहुंचे। निरीक्षण के समय प्रधानाध्यापक कृष्ण गोपाल दीक्षित मोबाइल में व्यस्त थे। एक शिक्षामित्र चार छात्रों को कक्षा में पढ़ा रही थी। शिक्षामित्र और शिक्षक अनुपस्थित मिले। बीएसए ने बताया कि प्रधान अध्यापक कृष्ण गोपाल दीक्षित अनुपस्थितों के संबंध में कोई जानकारी नहीं दे पाए। अनुपस्थित कार्मिकों की मानव संपदा आईडी भी नहीं बनाई गई, जिस कारण प्रेरणा पोर्टल पर निरीक्षण का विवरण अंकित नहीं हो पाया। विद्यालय में पंजीकृत छात्रों 144 के सापेक्ष मात्र 8 छात्र ही उपस्थित थे, जिसमें 6 बिना यूनीफार्म के थे। बीएसए ने बताया कि विद्यालय में मध्याह्न भोजन बनता नहीं मिला और मसाले आदि सामग्री खुली पाई गई। मध्याह्न भोजन पंजिका काफी कहने के बाद उपलब्ध कराई गई, जो अधूरी थी। इससे पहले भी 25 नवंबर को इसी स्कूल के निरीक्षण में अनियमितताएं पाए जाने पर सभी का वेतन अवरुद्ध किया गया था। बीएसए ने बताया कि लापरवाही को देखते हुए प्रधान अध्यापक कृष्ण गोपाल दीक्षित को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, सवा नौ बजे कंपोजिट विद्यालय शहवेगपुर का भी निरीक्षण किया। यहां प्रभारी प्रधान अध्यापक मो. नफीस खां उपस्थित मिले। शिक्षिका प्रीति त्रिवेदी चिकित्सीय अवकाश, सुगंधा गुप्ता सीसीएल पर थे। शिक्षामित्र सुनील कुमार सिंह और विनोद कुमारी बीआरसी पर प्रशिक्षण में गए थे। शेष स्टाफ अनुपस्थित मिला, जिस कारण सभी का वेतन अवरुद्ध कर दिया गया।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582



डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव




डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322



डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।



डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### पीड़ित का पुलिस पर आरोप लगाते हुए वीडियो हो रहा वायरल, जनप्रतिनिधि पर जमीन कब्जाने का आरोप, मामला कोर्ट में विचाराधीन

# नहीं सुनी गई तो आत्मदाह करने पहुंच गया दिव्यांग, पुलिस ने थाने में बुलाकर पीटा

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** विवादित जमीन पर हो रहे निर्माण को रुकवाने के लिए थाने पहुंचे दलित दिव्यांग की बात जब पुलिस ने नहीं सुनी तो वह पेट्रोल से भरी बोतल लेकर बंडा चौराहे पर आत्मदाह करने पहुंच गया। पीछे से पहुंची पुलिस उसे थाने ले आई। आरोप है कि थाने में पुलिस ने उसकी पिटाई कर दी। बाद में पुलिस और लेखपाल गांव पहुंचे, लेकिन मामले का निस्तारण नहीं कर सके। पुलिस की ओर से पिटाई किए जाने की पीड़ा उजागर करते हुए पीड़ित का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

गांव सिंगापुर पनई निवासी सोलंकी ने बताया कि वह दलित जाति से है और शरीर से 90 प्रतिशत दिव्यांग है। आरोप लगाया कि उसकी जगह पर एक जनप्रतिनिधि कब्जा कर रहा है। इसी जमीन को लेकर मुकदमा भी चल रहा है। जनप्रतिनिधि उसकी जगह पर जबरन निर्माण कार्य करवा रहा है, जिससे परेशान होकर वह कई शिकायतें भी कर चुका है, लेकिन अब तक उसकी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका है। मंगलवार दोपहर को वह बंडा थाने में विवादित भूमि पर हो रहे कब्जे की शिकायत लेकर पहुंचा। आरोप है कि यहां थाना प्रभारी ने उसकी बात नहीं सुनी। काफी देर तक थाने में खड़े रहने के बाद वह आत्महत्या कर लेने की बात कहकर थाने से चल दिया और उसने एक बोतल में पेट्रोल खरीद लिया। वह जैसे ही चौराहे पर पहुंचा दो सिपाही और एक होमगार्ड उसे अपने साथ थाने बुला ले गए और कहा कि साहब ने बुलाया है। तुम्हारी समस्या का निस्तारण किया जाएगा। इस पर वह वापस थाने आ गया। आरोप है कि पुलिस वाले उसे कार्यालय के पीछे बनी गैलरी की तरफ ले गए, जहां कैमरे नहीं लगे हुए हैं, वहां पर उसे तीन चार तमाचे जड़ दिए और मुकदमा लिखकर जेल भेज देने की धमकी दी। दिव्यांग को पीटते समय कुछ मीडियाकर्मी मौके पर पहुंच गए, जिस पर पुलिसकर्मी उसे छोड़कर बाहर आ गए। इसके


पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाने वाला दिव्यांग आपबीती बताते हुए कुछ इस तरह रोने लगा।

बाद पीड़ित ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा बयां की। उसने कहा कि वह जमीन की शिकायत लेकर कभी भी थाने नहीं आएगा। उसके हिस्से की 54 डिसमिल जगह और साइकिल ही उसका सहारा है, जिसके सहारे वह अपना जीवन यापन कर रहा है। इस दौरान थाने में अपनी फरियाद लेकर आए अन्य फरियादियों के चेहरे की रंगत उड़ गई। मीडियाकर्मियों के पहुंचने के बाद थाना प्रभारी ने लेखपाल को मौके पर बुलाया और पीड़ित के गांव पहुंचे। जहां लेखपाल ने मौखिक जांच करते हुए पीड़ित से दो दिन का समय मांगा है। जबकि थाना प्रभारी ने निर्माण हो रहे कार्य को बंद न करवाते हुए एसडीएम पुवायां से नाप करने की बात कहते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया।

> अभी मामला पूरी तरह से संज्ञान में नहीं है, मामले की जांच कराई जाएगी, इसमें जो दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। **–पंकज पंत,** सीओ, पुवायां

> जमीन संबंधी विवाद कोर्ट में चल रहा है, अभी इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता, मुकदमे की स्थिति देखकर ही कुछ बताया जा सकता है। **–संजय कुमार पांडेय** एसडीएम पुवायां

#### कई वर्ष पहले पट्टे पर मिली थी जमीन

दिव्यांग ने बताया कि उसके पिता को गांव में कई वर्ष पहले पट्टे पर जमीन मिली थी, जिसके बाद वह खतौनी में भी चढ़ गई। पीड़ित ने बताया कि उसका एक हाथ ही काम करता है। बूढ़ी मां उसे कपड़े पहनाती हैं, वह बड़ी ही मुश्किल से ट्राई साइकिल से उतरकर अपने बिस्तर तक जा पाता है। आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि लगातार उसकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं।

#### दो वर्ष से लगा रहा थाने के चक्कर

लगभग दो वर्षों से वह बंडा थाने सहित दफ्तरों के चक्कर लगा रहा है। यहां तक कि वह मुख्यमंत्री के कार्यालय तक जा चुका है लेकिन जनप्रतिनिधि सत्ताधारी पार्टी से जुड़ा है, जिसके चलते उसकी कोई भी सुनने को तैयार नहीं है। पुलिस राजस्व का मामला बताकर अपने हाथ पीछे खींच लेती है और राजस्व कर्मी कोर्ट का मामला बताकर उसकी समस्या को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

## एक नजर

#### घर में घुसकर महिला को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** मिर्जापुर क्षेत्र के गांव मस्जिद नगला निवासी मीना बेगम ने बताया कि 15 दिन पूर्व दिन में दस बजे अपने घर पर थी। गांव के तहसीम आदि उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस ने तहसीम, बाबू, मुस्तफा, रहीश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

#### आज प्रतापगढ़ होकर जाएगी बेगमपुरा एक्सप्रेस

**शाहजहांपुर।** सीएमआई एसके ठाकुर ने बताया कि जौनपुर सिटी–बख्शा रेलवे स्टेशन के मध्य 15 फरवरी को रेल लाइन दोहरीकरण कार्य होना है। 15 फरवरी को अप लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस 12 बजकर 40 मिनट के स्थान पर एक बजकर 40 मिनट पर वाराणसी से चलेगी। डाउन लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस 14 फरवरी को सुल्तानपुर रेल मार्ग से न जाकर बल्कि प्रतापगढ़ होकर संचालित होगी। 14 फरवरी को डाउन लाइन की उपासना एक्सप्रेस प्रतापगढ़ होकर संचालित होगी।

#### घायल युवक की मौत

**शाहजहांपुर।** खुटार क्षेत्र के गांव प्रसादपुर निवासी वासुदेव(30) रविवार को अपने भांजे रवि के साथ बाइक मैलानी बाजार में खरीददारी करने के लिए गया था। मैलानी में कार ने बाइक को टक्कर मार दी थी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए थे। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया था। वासुदेव की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने रेफर कर दिया था। घायल को बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सोमवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

#### जुआ खेलते चार पकड़े

**कलान।** थाना प्रभारी प्रभाष चंद्र को मुखबिर ने सूचना दी कि कुछ लोग गांव धर्मपुर सथरा धान मिल के पीछे चार लोग जुआ खेल रहे हैं। एसआई संजीव तोमर के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने चारों को दौड़कर पकड़ लिया और फड़ से 8900 रुपये और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।

# दूध में डिटर्जेंट, चिली सॉस में हानिकारक रंग और देसी घी में निकला वनस्पति घी

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने जांच को भेजे थे नमूने, रिपोर्ट आने पर हुआ खुलासा

**मिलावटखोरी से रहें सावधान**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** मुनाफाखोर लोगों के स्वास्थ्य को ताक पर रख खाद्य पदार्थों में तरह-तरह की वस्तुएं मिला बाजार में खपाकर अपनी जेबें भर रहे हैं। मिलावटखोरी से लोगों की सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बीते एक साल के दौरान जिले भर में 417 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। इनमें से 305 की अब तक रिपोर्ट आई है। जिनमें से 203 नमूने फेल हुए हैं। इनमें भी 35 असुरक्षित पाए गए हैं। शेष 168 अधोमानक निकले हैं। जांच में नई तरह की मिलावट का पर्दाफाश हुआ है। पता चला है कि मुनाफाखोर दूध में डिटर्जेंट, चिली सॉस में हानिकारक रंग और देसी घी में वनस्पति घी मिलाकर बेच रहे हैं। यह खाद्यान्न सेहत के लिए बहुत घातक बताया जा रहा है। इससे कई तरह की बीमारियां होती हैं।

खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनवरी 2023 में बरेली रोड पर सुधीर कुमार नाम के दूध विक्रेता से दूध का नमूना लेकर जांच के लिए लखनऊ की लैब में भेजा गया था। हाल ही में इसकी रिपोर्ट आई है, जिसमें पता चला कि दूध में डिटर्जेंट मिलाया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। अक्टूबर 2023 में साउथ सिटी शाहजहांपुर स्थित मां वैष्णो प्रोविजन स्टोर से फलाहारी नमकीन का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया था। जांच में पाया गया कि नमकीन में रंग की मात्रा ज्यादा थी। नियमानुसार 100 पार्ट्स पर मिलियन मात्रा होनी चाहिए, लेकिन यहां 135 पीपीएम मात्रा नमकीन में थी। नवंबर 2023 में चिली सॉस का नमूना मोहन ट्रेडिंग कंपनी कटरा से लिया गया था। यह उत्पाद पूर्णागिरि फूड की ओर से बनाया गया था। जांच में चिली सॉस में घातक रंग पाया गया। नियमानुसार इस तरह के रंग का प्रयोग खाद्य पदार्थों में नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन इसमें किया जा रहा था।

इसी तरह मेरठ निवासी आमिर से जनवरी माह में पुवायां बाजार में देसी घी का नमूना लिया गया था, जांच में पता चला कि इसमें वनस्पति घी मिलाया गया है। देसी घी के नाम पर मिलावटी घी बाजार में बेचा जा रहा था।


शहर में बेचा जा रहा मिलावटी दूध। ● अमृत विचार

- **जिले भर में 417 खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने जिनमें से 203 नमूने हुए फेल**
- **खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बीते एक साल में लिए थे सैंपल**

#### दूध के 58 नमूनों में से 39 हुए फेल

मिलावटी दूध के खिलाफ खाद्य सुरक्षा विभाग का अभियान लगातार जारी रहता है। बीते एक साल के दौरान मिलावटी दूध को लेकर विभागीय अधिकारियों ने 201 निरीक्षण किए। इस दौरान 83 दूध के नमूने सील कर जांच के लिए भेजे गए। इनमें से अब तक 58 की रिपोर्ट जिले पर पहुंची है। इनमें से 39 फेल हुए हैं। इनमें से एक असुरक्षित पाया गया है। शेष नमूने अधोमानक निकले हैं। इस तरह देखें तो बड़ी संख्या में अधोमानक दूध बाजार में बेचा जा रहा है। लगातार छापेमारी होने के बावजूद मिलावटी और आधुनिक दूध की बिक्री बंद नहीं हो पा रही है।

#### मिलावटी दूध किडनी व लिवर को देता है नुकसान

मिलावटी दूध किडनी, लिवर को ज्यादा नुकसान पहुंचाता है। इससे तंत्रिका तंत्र भी प्रभावित होता है। बच्चों के लिए यह ज्यादा घातक होता है। बचपन से ही उनमें यह असाध्य बीमारियां पैदा कर सकता है। दूध में डिटर्जेंट, ज्यादा मात्रा में ग्लूकोज, चिकनाई बढ़ाने के लिए रिफाइंड के साथ यूरिया मिलाने की बातें भी सामने आती हैं। कई बार यह आंखों की रोशनी पर भी प्रभाव डालता है। मिलावटी दूध से बेचने के लिए लोगों को अपने घरों पर दूध की गुणवत्ता चेक करने की परखनली रखनी चाहिए। काफी लोग डेयरी से दूध सामने निकलवाकर लाते हैं। यह ज्यादा बेहतर है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. एमएल अग्रवाल बताते हैं कि डिटर्जेंट युक्त दूध लीवर और किडनी पर बुरा असर डालता है। साथ ही ब्लड प्रेशर व स्किन आदि की समस्या भी हो सकती है।



> मिलावटी खाद्यान्न बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में एक दूध के नमूने की रिपोर्ट आई है। जिसमें डिटर्जेंट की मात्रा पाई गई है। चिली सॉस और फलाहारी नमकीन में घातक रंग पाया गया है। ऐसे खाद्य पदार्थों को बनाने और बेचने वाले दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। **–चंद्रशेखर मिश्र,** सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा।

# 63 ई-रिक्शा का चालान, तीन सीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने चेकिंग अभियान चलाकर ई-रिक्शा पर शिकंजा कसा। उन्होंने यातायात नियमों का पालन न करने पर 63 ई-रिक्शा का चालान किया और तीन ई-रिक्शा को सीज कर दिया। सीज किए गए ई-रिक्शा को संबंधित थानों में खड़ा करा दिया।

एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडे ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा माह अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों को जागरुक करने के लिए स्कूल व कॉलेज समेत कई स्थानों पर गोष्ठियां की गई। मंगलवार को यात्री कर अधिकारी मोहम्मद आरिफ के साथ शहर में विभिन्न स्थानों पर ई-रिक्शा के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 63 ई-रिक्शा का चालान कर तीन ई-रिक्शा सीज कर संबंधित थानों में खड़ा करा दिया। एआरटीओ ने बताया कि बिना रजिस्ट्रेशन, डीएल न होने और टैक्स जमा नहीं करने पर कार्रवाई की गई। चालकों से कहा कि बकाया टैक्स जमा कर दें, वरना वाहन जब्त कर लिया जाएगा। क्षमता के अनुसार सवारियां बैठाए।


चेकिंग करते यात्री कर अधिकारी मोहम्मद आरिफ।

- **सड़क सुरक्षा माह में चालकों को दिए निर्देश, क्षमता के अनुसार बैठाएं सवारियां**

**सेहरामऊ दक्षिणी।** उप निरीक्षक अजय वर्मा ने मंगलवार की सुबह दस बजे थाना गेट पर वाहनों की चेकिंग की। जीप, मैजिक और टैंपो में क्षमता से अधिक सवारियां होने पर सवारियों को उतरवाकर चालक को हिदायत देकर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि दोबारा सवारियां अधिक मिली तो वाहन का चालान कर दिया जाएगा।

## युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला पुजारी ने बचाया

**बंडा, अमृत विचार:** बंडा गांव निवासी प्रवीण शुक्ला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह आठ फरवरी को सुबह नौ बजे बालाजी मंदिर पर पूजा करने गया था, तभी गांव का भूषणवीर सिंह वहां आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसके साथ झगड़े पर उतारू हो गया और उसे जान से मारने की नीयत से फावड़ा लेकर उस पर हमला कर दिया, तभी मंदिर के पुजारी और अन्य लोगों ने उसे बचा लिया। जिसके बाद उसने दोबारा कहीं भी मिल जाने पर जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी, जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# किशोरी से दुष्कर्म, विरोध करने पर गाल में काटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **शिकायत करने गए पिता को पीटा, एसपी से की शिकायत**

**अमृत विचार:** खेत पर शौच करने गई एक किशारी से युवक के दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने गाल में काट लिया। पीड़िता के पिता आरोपी के घर शिकायत करने गए तो आरोपी के परिवार वालों ने उसे मारा पीटा। एक सप्ताह बीत जाने के बाद जलालाबाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो पीड़ित परिवार एसपी से मिला।

जलालाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि सात फरवरी की शाम को उसकी 15 वर्षीया बेटी खेत पर शौच करने के लिए गई थी। आरोप है कि गांव के एक युवक ने उसकी बेटी को पकड़ लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर आरोपी ने उसके गाल में काट लिया। किशोरी ने शोर मचाया तो परिवार वाले मौके पर गए। किशोरी ने परिवार वालों को घटना से अवगत कराया। आरोपी मौका पाकर भाग गया था। पीड़िता किशोरी के पिता परिवार वालों के साथ आरोपी के घर शिकायत करने के लिए गए।

आरोप है कि आरोपी के परिवार वालों ने किशोरी के पिता को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने थाने पर जाकर तहरीर दी। उनका आरोप है कि पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की और न ही कोई कार्रवाई की है। पीड़ित किशोरी के पिता ने एसपी को शिकायती प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने सीओ जलालाबाद को जांच दी है।

# हमलावरों पर पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

संवाददाता, खुटार

- **बुझिया तिकुनियां में घर में घुसकर आठ लोगों ने की थी विधवा के साथ मारपीट**

**अमृत विचार:** पांच दिन पूर्व बुझिया तिकुनियां निवासी विधवा के घर में घुसकर आठ लोगों ने उसकी लात-घूसों और लाठी डंडों से पिटाई कर दी थी। इस मामले में खुटार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की।अनहोनी की आशंका जताकर पीड़िता मंगलवार को एसपी से मिली और घटना की जानकारी दी। जिस पर एसपी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

बुझिया तिकुनियां निवासी स्व. धीरज सिंह की पत्नी नीतू सिंह ने एसपी को पत्र देकर बताया कि नौ फरवरी की रात वह अपने घर में बर्तन साफ कर रही थी। तभी पड़ोस की महिला ने अपने पुत्र, बहू और चार अन्य व बंडा निवासी एक व्यक्ति के साथ मिलकर घर में घुसकर लात-घूसों से पिटाई कर दी। इस बीच किसी ने सोने का पेंडल, कुंडल निकाल लिए थे। पीड़िता ने अपने बचाव में ईंट पत्थर उठा लिए और उसकी वीडियो उक्त लोगों ने बना ली थी। उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। दस फरवरी को नीतू सिंह ने घटना की सूचना खुटार पुलिस को दी थी। बावजूद इसके पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। 11 फरवरी को पुलिस ने उसे और विपक्ष के दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया था। जिससे उक्त लोगों के हौसले बुलंद हैं औ कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है। मंगलवार को पीड़ित नीतू सिंह ने एसपी को पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं पीड़िता की बहन ज्योति सिंह ने मंगलवार को तिकुनियां स्थित एक कार्यक्रम में पहुंचे विधायक चेतराम और भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा को घटना से संबंधित जानकारी दी। विधायक चेतराम ने थानाध्यक्ष संजय कुमार को मौके पर बुलाकर जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

#### आरोपी की है बुरी नीयत इसलिए हुआ विवाद

पीड़िता ने बताया कि पांच दिन पहले पड़ोस के रहने वाले सात लोग और बंडा निवासी एक व्यक्ति ने घर में घुसकर पिटाई की थी। महिला का आरोप है कि एक व्यक्ति उस पर बुरी नीयत रखता है। जिसके चलते यहां विवाद हुआ है। पुलिस को तहरीर दी गई। लेकिन पुलिस ने तहरीर बदलने का प्रयास किया। इसी फेर में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस का कहना है कि तहरीर बदल दो तो रिपोर्ट तर्ज कर लेंगे।

#### वायरल वीडियो में बयां किया दर्द

पीड़िता का सोशल प्लेटफॉर्म पर 3 मिनट 7 सेकंड का वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें पांच दिन पहले हुई घटना को लेकर अपना दर्द बयां कर रही है। वीडियो में कह रही है कि दूसरे पक्ष के आठ लोगों ने पिटाई की थी। पुलिस ने उनका और दूसरे पक्ष से दो लोगों का सिर्फ शांतिभंग में चालान किया। जबकि बाकी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जबकि दो महिला सिपाही पर अभद्र व्यवहार और धमकाने का आरोप लगाया है। सरकार महिला सुरक्षा को लेकर सतर्क है। फिर भी महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। अब मोदी-योगी और एसपी ही मदद कर सकते हैं।

# तीन वाहन चोर तीन स्कूटी समेत गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सदर बाजार पुलिस और एसओजी टीम ने शहबाजनगर रेलवे फाटक पर तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के कब्जे से चोरी की तीन स्कूटी, मोबाइल व आधार कार्ड बरामद किया है। दिल्ली से स्कूटी चुराकर यहां बेचने के लिए आए थे। पकड़े गए चोर बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद के है।

एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह और एसओजी आरपी सिंह को सोमवार की छह बजे सूचना मिली की, शहबाजनगर रेलवे फाटक पर वाहन चोर खड़े है। पुलिस ने घेराबंदी कर तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए चोर शिवम निवासी तलैया नगला थाना कमाल जिला फर्रुखाबाद, लक्ष्य निवासी दिनरा मिर्जापुर थाना मीरगंज जिला बरेली, रिंकू निवासी सिरकी दम्मू थाना सहसवान जिला बदायूं है। पुलिस ने चोरी की तीन स्कूटी , तीन मोबाइल व एक आधार कार्ड बरामद किया है। पूछताछ के दौरान वाहन चोरों ने बताया कि नई दिल्ली में शास्त्रीनगर से तीन माह पूर्व एक स्कूटी और दो स्कूटी चार दिन पूर्व चोरी की थी। तीनों स्कूटियों को लेकर शाहजहांपुर बेचने के लिए आ रहे थे। दिल्ली में रहकर वाहन चोरी करते थे।

पुलिस ने तीनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक जुगेश कुमार, संतोष कुमार सिंह, राजाराम पाल आदि थे।


सदर पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

- **दिल्ली से चुराई, यहां बेचने आए तो पकड़े गए**
- **बरेली, बदायूं, फर्रुखाबाद के निवासी हैं तीनों**

# छात्रों को गांजा बेचने वाले दो तस्कर किए गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- **अभियुक्तों के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा, एक बाइक बरामद**

**अमृत विचार:** तिलहर पुलिस ने दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा व एक बाइक बरामद की है। तस्कर मेडिकल कॉलेज के छात्रों और ढाबों के आस-पास गांजा की पुड़िया बनाकर बेचते थे।

तिलहर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह को मंगलवार की सुबह दस बजे सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर कपसेड़ा गांव के सामने दो मादक पदार्थ तस्कर बाइक लिए खड़े है। पुलिस ने दोनों तस्करों को दबोच लिया।

पकड़े गए तस्कर कुनाल निवासी मौजमपुर थाना तिलहर व फुरकान निवासी मौजमपुर थाना तिलहर है। पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा व बाइक बरामद की है। पकड़े गए तस्करों ने बताया कि गांजा की पुड़िया बनाकर मेडिकल कॉलेज के छात्रों और ढाबों के आस-पास बेचते है। पकड़े गए अभियुक्तों पर पहले से एनडीपीएस एक्ट के मुकदमें दर्ज है।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों का चालान कर दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुकेंद्र पाल सिंह, मुख्य आरक्षी शिव कुमार, सिपाही सन्नी तोमर थे।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## पानी भरने गई महिला के पास दिखी खाली बाल्टी, युवक ने पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइया निवासी उदा देवी ने बताया कि मोहल्ले में सरकारी नल लगा हुआ है। सोमवार की सुबह आठ बजे खाली बाल्टी लेकर सरकारी नल पानी भरने के लिए गई।

मोहल्ले के एक युवक की निगाह खाली बाल्टी पर पड़ गई। युवक ने महिला से कहा कि सुबह-सुबह खाली बाल्टी दिखा दी है। युवक महिला को गाली देने लगा। विरोध करने पर युवक ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि आरोपी की पत्नी ने भी आकर महिला को मारा पीटा है। मोहल्ले के लोगों ने आकर उसे बचाया। पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सीपी शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# घर में लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव डभौरा सेवा में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी और शव फंदे पर लटका दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी फिंगर प्रिंट आदि लेकर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


मृतका प्रीति।

कस्बे के मोहल्ला पसियापुर निवासी प्यारेलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने पुत्री प्रीति की शादी पांच वर्ष पहले गांव डभौरा सेवा निवासी छोटेलाल के पुत्र अखिलेश के साथ की थी। जिसमें उसने हैसियत अनुसार काफी दान दहेज दिया था लेकिन शादी के कुछ दिन बाद दहेज लोभी ससुराली अतिरिक्त दहेज में बाइक की मांग कर पुत्री को प्रताड़ित करने लगे। प्रीति द्वारा जानकारी देने पर उसने रिश्तेदारों को बुलवाकर भी लड़की के ससुराल पक्ष के लोगों को समझा बुझाकर उसे दोबारा ससुराल भेज दिया। 12 फरवरी की रात को उक्त दहेज की मांग को लेकर पति अखिलेश, ससुर छोटेलाल और ननद पूजा ने गाली-गलौज कर उसकी पुत्री को मारा पीटा और गला दबाकर हत्या कर दी और शव को कमरे में बल्ली में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटका दिया। जिसकी सूचना उसने पुलिस को दी।

पुलिस व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका अपने पीछे दो वर्ष की पुत्री श्रद्धा को छोड़ गई है । प्रीति की मां ऊषा, भाई प्रदीप कुमार, शिवांकर, बहन रंजना का रो-रो कर बुरा हाल है।


मृतका के घर के बाहर बड़ी संख्या में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

- **मृतका के पिता ने लगाया हत्या का आरोप, पति-ससुर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज**
- **पुलिस के साथ गांव पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य**

> तहरीर के आधार पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। **–राकेश मौर्य,** थाना प्रभारी

#### दहेजलोभी पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर।** परौर थाना क्षेत्र के गांव अस्तौली निवासी भौला राठौर ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री रामखुशी की शादी चार साल पहले मुनेंद्र निवासी सतरा बरैनिया जिला बदायूं के साथ की थी। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था। उसकी बेटी दो बार गर्भवती हुई लेकिन ससुराल वालों ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया था। ससुराली दहेज में बाइक के लिए उसकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि चार माह पूर्व ससुराल वालों ने उसकी बेटी को मारा पीटा और घर से निकाल दिया। उसकी बेटी मायके में रह रही है। पुलिस ने पति मुनेंद्र, भूधर, रमनपाल समेत चार के खिलाफ दहेज उत्पीडन की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

#### रामगंगा नदी में मिला शव, शिनाख्त नहीं

**अल्हागंज।** रामगंगा नदी में अधेड़ व्यक्ति का शव उतराता मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई। मंगलवार की दोपहर बाद दो बजे चारागाह रामगंगा नदी पुल के नीचे गए तो नदी में उतराता हुआ शव देखा। लोगों की भीड़ लग गई। किसी ने थाने पर सूचना दी। पुलिस ने नदी से शव को बाहर निकलवाया। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 65 वर्ष है और कुर्ता व धोती पहने हुए था। शव एक दिन पुराना बताया जाता है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कोटे के प्रस्ताव के दौरान भिड़े दो गुट, भगदड़

## पल्हरई के ग्रामीणों को शांत कर लौटे अधिकारी, तय होगी अगली तारीख

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव पल्हरई में कोटे के प्रस्ताव के दौरान आपस में दो गुट भिड़ गए। बवाल होने की आशंका में लोगों में भगदड़ मच गई। अधिकारियों ने बमुश्किल ग्रामीणों को शांत किया और प्रस्ताव की अगली तारीख तय किए जाने की बात कह कर लौट गए। कोटे की दुकान अपने नाम करवाने को लेकर दो गुटों में तनातनी का माहौल है।

ब्लॉक जलालाबाद की ग्राम पंचायत पल्हरई में कोटे का प्रस्ताव मंगलवार को ब्लॉक के अधिकारी व पुलिस की उपस्थिति में होना तय हुआ था। प्रस्ताव की तय तारीख पर ब्लॉक जलालाबाद के एडीओ पंचायत विश्वकांत मिश्रा टीम के साथ गांव पहुंच गए, लेकिन पुलिस बल नहीं पहुंचा था। जैसे ही कोटे के प्रस्ताव को लेकर कार्रवाई शुरू हुई, तभी गांव के दो गुट आमने-सामने आ गए और अपने-अपने पक्ष में कोटे का प्रस्ताव कराए जाने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया। धीरे-धीर बात बिगड़ती चली गई और दोनों पक्ष के लोगों ने एक दूसरे को गाली-गलौज शुरू कर दी। बवाल की आशंका से घबराए गांव के लोग मौके से भाग निकले। ब्लॉक अधिकारी भी सकते में आ गए, चूंकि पुलिस बल मौजूद नहीं था, इसलिए अधिकारियों के भी हाथ-पांव फूल गए लेकिन उन्होंने सूझबूझ से ग्रामीणों को बमुकिल शांत किया और उन्हें बताया कि अब फिर से तारीख तय की जाएगी। इसके बाद अधिकारी गांव से लौट आए और कोटे का प्रस्ताव नहीं हो पाया। एडीओ पंचायत ने बताया कि पुलिस प्रशासन को लेटर ब्लॉक द्वारा भेजा गया, इसके बावजूद भी पुलिस बल कोटे के प्रस्ताव में नहीं पहुंचा। इसी वजह से कोटा के प्रस्ताव में बाधा डाली गई। अगर पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहता तो भगदड़ नहीं मचती। इस भगदड़ में किसी प्रकार का हमारे द्वारा प्रस्ताव नहीं किया जाएगा। ब्लाक कर्मचारियों की टीम में ग्राम पंचायत अधिकारी गिरीश यादव, प्रधान शाहरुन खां, शीलपाल पूर्व प्रधान, रामकृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कोटा का प्रस्ताव हो रहा था, लेकिन दो गुटों के भिड़ जाने से प्रस्ताव नहीं हो पाया।



कोटा प्रस्ताव की कार्रवाई करने पहुंचे ब्लॉक के अधिकारी। ● अमृत विचार



कोटा चयन की कार्रवाई में हिस्सा लेने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

> जलालाबाद पुलिस को ब्लॉक की ओर से लिखित में लेटर दिया गया था कि 13 फरवरी को ग्राम पंचायत पल्हरई में कोटे का प्रस्ताव होना है, जहां पुलिस बल की मौजूदगी रहेगी, लेकिन पुलिस बल नहीं पहुंचा और कोटे का प्रस्ताव रद्द हो गया। अगली तारीख तय की जाएगी, जिसमें पुलिस बल की उपस्थिति में ही प्रस्ताव होगा।
>
> **–विश्वकांत मिश्रा**, एडीओ पंचायत

> लिखित में सूचना दी थी लेकिन पुलिस बल प्रस्ताव में नहीं पहुंचा, जिसकी वजह से प्रस्ताव में पहुंचे कुछ लोगों ने मामले को बिगाड़ दिया, जिस वजह से प्रस्ताव निरस्त हो गया।
>
> **–शाहरून खा**, प्रधान

> ग्राम प्रधान ने मुझे कोई सूचना नहीं दी थी मैं इंतजार करता रहा, इसके बाद मैं दूसरे काम पर निकल गया। **–मनोज कुमार**, हल्का इंचार्ज

> कोटे के प्रस्ताव को ब्लॉक के कर्मचारियों के साथ टीम पहुंची। जहां एडीओ पंचायत द्वारा सभी को समझाने के बावजूद भी गांव वालों में भगदड़ मच गई। इसके बाद कर्मचारी उठकर ब्लॉक चले आए। पुलिस प्रशासन को लेटर ब्लॉक द्वारा भेजा गया, इसके बावजूद भी पुलिस बल कोटे के प्रस्ताव में नहीं पहुंचा, इसी वजह से कोटा का प्रस्ताव में बाधा डाली गई अगर पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहता तो जनता में भगदड़ नहीं मचती। **–प्रहलाद सिंह**, खंड विकास अधिकारी, जलालाबाद

## पांच शिकायतों में से तीन का हुआ निस्तारण

**शाहजहांपुर ,अमृत विचार:** नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को संभव जनसुनवाई दिवस नगर निगम कार्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश और कर विभाग से संबंधित अपनी शिकायतों को रखा। जन-सुनवाई दिवस में पांच शिकायतें आईं। जिनमें से मौके पर ही तीन का निस्तारण किया गया। जिसके बाद जन-मानस की ओर से संभव के बाद कराई गई समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण को नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल एसके आंबेडकर, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी राकेश कुमार सोनकर, अधिशासी अभियंता निर्माण आशीष त्रिवेदी, सहायक अभियंता जलकल प्रेमचंद आर्य आदि मौजूद रहे।

## युवती को अगवा कर ले गया शादीशुदा युवक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** शहर में शादीशुदा युवक एक युवती को अगवा करके ले गया। आरोपी एक बच्चे का पिता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक कोतवाली के एक मोहल्ले के एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी 21 वर्षीया बेटी रविवार की शाम को बाजार गई थी। वह रात नौ बजे तक घर वापस नहीं आई। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। परिवार वालों को अगले दिन पता चला कि दूसरे मोहल्ले का अनुज उसकी बेटी को अगवा करके ले गया है। आरोपी शादीशुदा है और एक लड़की का पिता है। प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी अनुज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

## युवती को ले गया युवक रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के एक गांव के व्यक्ति ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे घर पर गया तो उसकी 18 वर्षीया बेटी घर पर नहीं थी। उन्होंने बेटी को तलाश किया और पता नहीं चला। अगले दिन पता चला कि गांव का मोहम्मद सैफ उसकी बेटी को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## युवक से तमंचा बरामद कोर्ट से जेल गया

**कलान।** पुलिस ने वाराकला तिराहे पर चेकिंग के दौरान वाराखुर्द निवासी कुलदीप सिंह से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।


आखिर कब तक शर्माते रहोगे



हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें

शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी

बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google

भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट

डा.शेख

Best Sexologist in india

मिलें हर मंगलवार

मालियों की पुलिया बरेली

9837023223



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)

बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।



ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बरेली संस्करण स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट

साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST

अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :- 0581-4000222

हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006



मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

नाक, कान, गला रोग विभाग

दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)

दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक

समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक

शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें

- ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
- खून की जाँच (CBC) मुफ्त
- गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
- दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- CT Scan 50% छूट पर
- SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
- VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर




निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-

- आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।

ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये

पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें। स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल

Mob. 7521001988, 7521001989

## वेलेंटाइन डे आजः दिनभर खरीदे खास लोगों को गिफ्ट



शाहजहांपुर। मोहब्बत का विशेष पर्व वेलेंटाइन डे बुधवार को है। युवाओं ने चोरी छिपे वेलेंटाइन डे मनाने के लिए तैयारी की और अपने खास दोस्तों के लिए कीमती गिफ्ट भी खरीदे। वेलेंटाइन डे के महत्व को देखते हुए बाजारों में कई जगहों पर फूलों की दुकानें सजाई गई हैं। वहीं सदर बाजार, चौक, मंडी, बहादुरगंज आदि प्रमुख बाजारों में आकर्षक और कीमती गिफ्ट से दुकानें सजी हुई हैं। तमाम युवाओं ने वेलेंटाइन डे पर सख्ती को देखते हुए एक दिन पहले ही गिफ्ट खरीद कर रख लिए। इन दुकानों पर दिन भर रौनक रही।

# किसानों ने सीखी गन्ने की वसंत कालीन बुवाई और सहफसली खेती

**▸▸ गन्ना शोध परिषद में कासगंज और मुरादाबाद के 100 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग की ओर से प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए वृहद स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को किसानों ने गन्ने की वसंत कालीन बुवाई और सहफसली खेती सहित तमाम बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में गन्ना उत्पादक जिलों के किसानों ने हिस्सा लिया। गन्ना शोध परिषद के शाहजहांपुर संस्थान पर 100, सेवरही संस्थान पर 100 और मुजफ्फरनगर संस्थान पर 50 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया।

शाहजहांपुर संस्थान पर जनपद कासगंज की न्यौली गन्ना विकास परिषद के 50 किसान और मुरादाबाद की अगवानपुर गन्ना विकास परिषद के किसानों को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम में वैज्ञानिकों की ओर से गन्ने की नवीन किस्मों व गन्ना किस्म को-0238 के विकल्प और गन्ना किस्म संतुलन का महत्व आदि के बारे में विस्तार से बताया। वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार ने जोन के लिए उपयोगी प्रमुख किस्मों के बारे में भी बताया। डॉ. अनिल सिंह ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई, सहफसली खेती, ट्रेंच एवं रिंग पिट विधि से गन्ना बुवाई, रैटून मैनेजमेंट एवं मल्चिंग, कृषि यंत्रीकरण के लाभ, जल संरक्षण, ड्रिप सिंचाई आदि के बारे में बताया। डा. सुजीत प्रताप सिंह ने गन्ने के प्रमुख रोग व कीट व उनके नियंत्रण के उपाय, बीज एवं भूमि उपचार के तरीके एवं उनसे लाभ, जैव उर्वरकों एवं जैव पेस्टीसाइडस के उपयोग के लाभ के बारे में बताया। डा. संजीव पाठक ने एसटीपी व सिंगल बड विधि से गन्ने की नर्सरी तैयार करने की विधि आदि के बारे में बताया। किसानों को शोध प्रक्षेत्र एवं प्रयोगशाला का भी भ्रमण कराया गया, जिसमें गन्ना बुवाई की विभिन्न विधियों, विभिन्न कृषि यंत्रों आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

प्रशिक्षण के अंत में किसानों ने अपने-अपने फीडबैक भी प्रस्तुत किये। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया और इससे पूरी सतह संतुष्टि जताई। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा भी ली गयी, जिसमें जनपद कासगंज के जितेंद्र को प्रथम, जनपद मुरादाबाद के गौरव कुमार को द्वितीय और जनपद कासगंज के गजेंद्र सिंह को तृतीय पुरस्कार से वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एसपी सिंह ने पुरस्कृत किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ. अजय तिवारी, डॉ. सुजीत प्रताप सिंह, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, डॉ. एनएन सक्सेना आदि मौजूद रहे। इसी के साथ मंगलवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विलंदपुर गद्दी के 70 छात्र-छात्राओं ने शोध प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर जानकारी हासिल की।



किसानों को प्रशिक्षित करते कृषि वैज्ञानिक। ● अमृत विचार





## मुफ्त स्वास्थ्य मेला

**वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल**
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा

**20 फरवरी 2024, मंगलवार**
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

कैम्प स्थान
**अग्रवाल धर्मशाला**
तिलहर, शाहजहाँपुर

**में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।**

सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।

**कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें**

• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयां मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त।

**कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें**

- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।

**दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।**

**परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।**

**अन्य सुविधायें:**

1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।

**सौजन्य से :**
**अग्रवाल सेवा समिति, तिलहर, शाहजहाँपुर**

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

# किसान नेताओं का चीनी मिल कार्यालय पर प्रदर्शन

## किसान दिल्ली कूच न कर सकें इसलिए अधिकारियों ने किसानों से की वार्ता, समझाने के बाद माने किसान

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी सहित 12 मांगों के समर्थन में दिल्ली चलो आंदोलन को लेकर तमाम किसान नेताओं ने चीनी मिल स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। किसान दिल्ली कूच न कर सकें इसको लेकर पुलिस अधिकारियों ने भारतीय किसान मजदूर यूनियन राष्ट्रवादी कार्यालय पर कई घंटे किसान नेताओं से वार्ता कर किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। अधिकारियों के समझाने के बाद किसान दिल्ली कूच न करने के लिए माने।

मंगलवार को चीनी मिल स्थित यूनियन कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में तमाम पदाधिकारी और किसान एकत्र हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार गन्ने की बेहतर कीमतें निर्धारित करें, 60 साल से अधिक उम्र के प्रत्येक किसान को हर महीने 10 हजार रुपए पेंशन दें। उन्होंने कहा कि पिछली बार सरकार ने आश्वासन दिया था कि सभी मांगे पूरी करने का वादा किया था लेकिन अभी तक कोई भी मांग पूरी नहीं हुई है। इसी दौरान उप जिलाधिकारी अंजलि गंगवार पुलिस क्षेत्राधिकार प्रयांक जैन व क्राइम इंस्पेक्टर देवेंद्र यादव भारी पुलिस बल के साथ यूनियन के कार्यालय पर पहुंच गए।

इसी दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव के नेतृत्व में किसान दिल्ली कूच करने के लिए कार्यालय से भाजपा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निकल पड़े। किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। सीओ प्रयांक जैन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पराज सिंह यादव, तहसील अध्यक्ष प्रमोद वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी से कई घंटे तक दिल्ली न जाने के लिए वार्ता कर समझा बुझाकर शांत कराया। इसके बाद सभी की सहमति पर पुष्पराज सिंह यादव ने 24 घंटे के लिए दिल्ली कूच न करने का उप जिलाधिकारी अंजलि गंगवार ,सीओ प्रयांक जैन को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में अगर उनके किसी साथियों के साथ कोई दुर्व्यवहार किया गया तो वह किसानों के साथ दिल्ली जरूर जाएंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव, जिला प्रभारी शिशुपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष खुशीराम राठौर, जिला सचिव योगेंद्र पाल शाक्य, तहसील अध्यक्ष तिलहर प्रमोद कुमार वर्मा, तहसील अध्यक्ष सदर गुरदेव सिंह, वरिष्ठ किसान नेता चौधरी हरपाल सिंह यादव, तहसील उपाध्यक्ष राम रहीम, तहसील उपाध्यक्ष अनिल कुमार, तहसील संगठन मंत्री राजेश सिंह, तहसील संगठन मंत्री भवानी प्रसाद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष खुदागंज जयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर नेत्रपाल मौर्य, हाकिम सिंह, मुन्ना लाल, मोहन लाल, राधेश्याम श्री कृष्ण, कामता प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।





प्रदर्शन करते किसान और समझाते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

# वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विद्यार्थियों ने ली सेवा की शपथ



समारोह में उपस्थित अतिथि व छात्राएं। ● अमृत विचार

**▸▸ अतिथियों ने आपदा के समय सेवा व उदारता का उदाहरण देते हुए बताई नर्सिंग की भूमिका**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बंथरा में बीएससी नर्सिंग जीएनएम व एएनएम प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि सीओ तिलहर प्रयांक जैन ने बच्चों को नर्सिंग के महत्व के बारे में बताया और उज्जवल भविष्य की कामना की।

वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल और वाइस चांसलर डॉ. किरण अग्रवाल ने आपदा के समय सेवा व उदारता का उदाहरण देते हुए नर्सिंग की भूमिका के बारे में समझाते हुए नर्सिंग शाखाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में देवेंद्र खंडेलवाल एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर केशलता कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग बरेली एवं फ्लोरेंस नाइटेंगल कॉलेज के उप प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।संचालन वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग के उप प्रधानाचार्य दीपक पचौरी ने नर्सिंग कॉलेज और मरीज की सेवा के बारे में बताते हुए वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी बनने की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित रेणुका, विमला, हंसा, शिवानी, करिश्मा, मोनीषा, प्रियंका, जागृति, नीतू, शिवानी, शालू, शिवांगी आदि उपस्थित रहे।

# पहली बार हिंदी के पेपर में शामिल होगा अपठित गद्यांश, लाभ उठाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** 22 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा में पहला पर्चा हिंदी का है। मातृ भाषा हिंदी में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को बहुत सचेत रहना होगा। आमतौर पर देखा जाता है कि परीक्षार्थी हिंदी जैसे विषय को बहुत हल्के में ले लेते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें परीक्षा के दौरान भुगतना पड़ता है। नतीजा यह होता है कि उन्हें अंक भी कम मिलते हैं, जिससे डिवीजन प्रभावित हो जाती है।



डॉ. मलिक अस्मत अली

इस्लामिया इंटर कॉलेज के हिंदी प्रवक्ता डॉ. मलिक अस्मत अली बताते हैं कि बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थी स्वयं को मानसिक रूप से तैयार कर लें। अपने अंदर विश्वास पैदा करें कि परीक्षा में वह बहुत अच्छा करेंगे। बताया कि इस बार बोर्ड ने सामान्य हिंदी के पेपर में अपठित गद्यांश को शामिल किया है, जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। कुछ महत्वपूर्ण पाठ पूरी ईमानदारी से एक बार अपने आप पढ़ें। जिनमें गद्य के लिए राष्ट्र का स्वरूप, अशोक के फूल, भाषा और आधुनिकता, काव्य में पवन दूतिका, श्रद्धा मनु, कैकेयी अनुताप, नौका विहार, गीत (महादेवी जी) आदि तथा संस्कृत में आत्मज्ञ एव सर्वज्ञ, संस्कृत भाषाया महत्वम, सुभाषित रत्ननानि, जातक कथा समेत रस, छंद,अलंकार की परिभाषा और उदाहरण अवश्य तैयार कर लें। परीक्षार्थी अगर शब्द सीमा के अनुसार उत्तर तैयार करेंगे तो निश्चित ही अच्छे अंक मिलेंगे।

### कुछ महत्वपूर्ण बातें

- ▸▸ समय की बचत के लिए शब्द सीमा का ध्यान रखें।
- ▸▸ पेपर पैटर्न को देख लें। इस बार पहली बार सामान्य हिन्दी के छात्रों के लिए अपठित गद्यांश पेपर में आएगा।
- ▸▸ व्याकरण बहुत कम है, इसलिए रस, छंद अलंकार ठोस अंक देंगे ।परिभाषा और उदाहरण के साथ तैयार करें।
- ▸▸ खंड काव्य का सारांश और मुख्य पात्र का चरित्र चित्रण आना ही है।
- ▸▸ आवेदन पत्र और निबंध लेखन सही से आवेदन पत्र प्रारूप के अनुसार और निबंध प्वाइंट डाल कर लिखें।





## रुहेलखण्ड मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल

**सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली**

अब पहले से और उच्चस्तरीय सुविधायें

(आई.सी.यू. व इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देखरेख में।)

मुफ्त स्वास्थ्य सेवायें* | मुफ्त भर्ती एवं पलंग* | मुफ्त फेफड़ों के टी.वी. की दवा* | मुफ्त टीकाकरण*
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन* | मुफ्त डिलीवरी व सिजेरियन की सुविधा*

**विशेष कैम्प**
**1 से 15 फरवरी 2024 तक**

हड्डी रोग विभाग | बाल रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | छाती एवं क्षय रोग विभाग | शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग

**रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें**

ओ.पी.डी. पर्चा 20/- रु. मात्र
भर्ती मरीजों की मुफ्त सामान्य जांचे*
जल्दी करें उपरोक्त सभी सुविधायें सीमित समय तक

**हड्डी रोग विभाग** एक्सीडेन्ट के गम्भीर मरीजों का सबसे अच्छा एवं सस्ता इलाज अत्याधुनिक ट्रामा सेन्टर में गर्दन के समस्त ऑपरेशन। गर्दन के पीछे, कमर के समस्त दर्द एवं रोगों का इलाज।

**स्त्री रोग विभाग** स्त्री रोग विभाग, जच्चा बच्चा का पूर्ण इलाज, बच्चेदानी की रसौली एवं कैंसर का इलाज, बांझपन का इलाज सभी प्रकार के स्त्री रोगों का सम्पूर्ण इलाज।

**शल्य रोग (सर्जरी) विभाग** अनुभवी शल्य चिकित्सकों द्वारा दूरबीन से पित्त की थैली के ऑपरेशन हार्निया गुर्दे की पथरी पित्त की पथरी तथा आंतों व गुर्दे की पथरी तथा आंतों व गुर्दे के सफल ऑपरेशन बेहद घटे दरों पर किया जाता है।

**बाल रोग विभाग** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं (PICU) की सुविधा ट्रान्सफ्यूजन सरफेक्टेंट थेरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध है। बच्चों में खून व खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा।

**छाती एवं क्षय रोग विभाग** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, फेफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. की सुविधा एवं इलाज मुफ्त।

**मेडिसिन विभाग** अनुभवी चिकित्सकों द्वारा पेट, जिगर रोग एवं पीलिया, तेजाब, अलसर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग, लीवर, शुगर एवं गुर्दे की बीमारियों के इलाज व ऑपरेशन मुफ्त।

फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत दिनांक 10 से 28 फरवरी 2024 तक रोहिलखंड हॉस्पिटल के कमरा नं. 1167 में फाईलेरिया की दवाई मुफ्त में मिलेगी।

**रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें**

इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)

इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

केवल सामान व दवाई का खर्च अतिरिक्त*

**हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965**

**एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था** *एंट्री लेवल

# स्कूलों में मना ज्ञान की देवी मां शारदे का प्राकट्य दिवस





मसूरी स्कूल में पतंगों के साथ खेलते छात्र। ● अमृत विचार



कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में मां शारदे का पूजन करते बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** विकासखंड भावलखेड़ा के कंपोजिट विद्यालय अटसलिया में मंगलवार को बच्चों और शिक्षिकाओं ने ज्ञान की देवी मां शारदे का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन किया और आरती गाकर ज्ञान मांगा।

कोमल वर्मा, सीता वर्मा एवं आरुषि ने मां सरस्वती जी की आकर्षक झांकी भी सजाई। बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर निकहत परवीन, दपिंदर कौर, मीरा सिंह, रश्मि सक्सेना, शालिनी मिश्रा, नम्रता मिश्रा, ओमवती, अनीता आदि मौजूद रहे।

### मसूरी स्कूल में पूजन के बाद उड़ी पतंग

द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक अंशुल अंचल, प्रधानाचार्य एके तिवारी ने स्टाफ के सदस्यों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन किया। बच्चों ने भी ज्ञान की देवी का पूजन कर ज्ञान मांगा। स्कूल की ओर से प्रसाद वितरण किया गया। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय परिसर में ही खूब पंतगबाजी कर मस्ती की। स्कूल स्टाफ ने भी पतंगबाजी कर खुशियां मनाईं।

### बच्चों और शिक्षिकाओं ने किया गरबा



शाहजहांपुर। मंगलवार को ऑल सेंट्स स्कूल में मां शारदे का प्राकट्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने भजन सुनाकर मां शारदे का पूजन किया। बच्चों और शिक्षिकाओं गरबा नृत्य कर खूब मस्ती की। बाद में बच्चों ने पंतगबाजी का आनंद लिया। डायरेक्टर सचिन बाथम ने बच्चों को वसंत पंचमी की महत्ता समझाई। प्रधानाचार्य साक्षी रस्तोगी, नेहा सिद्दीकी, दीपिका अग्निहोत्री, समन, दीपिका, फरीन, किड्स जोन की प्रधानाचार्य मंतशा सिद्दीकी, को-आर्डिनेटर तस्कीन शगुफ्ता, नेहा सिद्दीकी, रूबी, फोजिया, जोया, पूजा, गुलशन, शुभा, सायमा, अंकुर, अजीम, प्रियंका, मेघा, ज्योति, पूजा आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

**सूचना**
मेरा माइग्रेशन सर्टिफिकेट बरेली स्टेशन से रोहिलखण्ड कॉलेज जाते समय रास्ते में कहीं गिर गयी। जिसे काफी तलाशने पर भी नहीं मिली। **ज्योति रानि पुत्री श्री मोती राम नि. 1414 भगवान नगर हापुड़ (उ.प्र.)**

**सूचना**
मैंने वर्ष 2013 में MBBS की परीक्षा रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली से उत्तीर्ण की थी। मेरी मूल उपाधि रोल न0 091701 रास्ते में जाते समय वास्तव में कहीं खो गई है। जो काफी तलाशने के पश्चात भी नहीं मिली। **अभिजीत कुमार पुत्र श्री ब्रहमप्रकाश 7/12 आकलैंड रोड इलाहाबाद।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### साहित्यकार डॉ. हरिओम को पितृशोक, अंत्येष्टि

**शाहजहांपुर।** श्री गांधी पुस्तकालय के उपाध्यक्ष साहित्यकार डॉ. हरिओम त्रिपाठी के वयोवृद्ध पिता बाबूराम त्रिपाठी का मंगलवार सुबह तड़के निधन हो गया। वह 97 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा आनंदपुरम स्थित आवास से गर्रा मोक्षधाम के लिए दोपहर बाद रवाना हुई। मुखाग्नि उनके पुत्र डॉ. हरिओम त्रिपाठी ने दी। बाबूराम त्रिपाठी के निधन की ख़बर सुनकर बड़ी संख्या में साहित्यकार उनके आवास पर पहुंच गए और उनके अंतिम दर्शन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंतिम यात्रा में वरिष्ठ गीतकार विजय ठाकुर, अजय गुप्त, डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र, ज्ञानेंद्र मोहन ज्ञान, लालित्य पल्लव, दीपक कंदर्प, विवेकाराज मिश्र, ललित हरि मिश्रा, केशव चंद्र मिश्रा, बृजेश पांडेय, शिवाजी गुप्त, प्रवीण गुप्ता, अभिषेक औदिच्य, गौरव पांडेय, ललित मोहन, पार्षद मौर्य समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### युवक की चप्पलों से पिटाई

**शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र के एक मोहल्ले की युवती सोमवार की रात आठ बजे रामचंद्र मिशन में बरात में आई थी। वह खाना खा रही थी। तभी सदर बाजार क्षेत्र के एक मोहल्ले के आकाश सक्सेना ने शराब के नशे में युवती का हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा। जिसपर युवती व उसकी सहेलियों ने मनचले युवक की चप्पलों से पिटाई कर दी।

# 72 घंटे में फिर घुसे बदमाश...लूटपाट पर घेराबंदी, मुठभेड़ में एक दबोचा

## मोहल्ला हनिया टोला में पुलिस को देख छत से कूदा सीतापुर का बदमाश, घायल, तीन मौके से फरार, बदमाश ने महिला की उतरवाईं पायल

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार :** बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रहा। यही वजह है कि खीरी के मोहल्ला हनिया टोला के एक मकान में सोमवार की रात बदमाश 72 घंटे में दूसरी बार डकैती डालने घुस गए। बदमाशों ने परिवार के सभी लोगों को तमंचे के दम पर बंधक बना लिया। मकान मालिक की पिटाई की। जान से मारने की धमकी देकर महिला की पायल लूटीं। लूटपाट के दौरान किसी तरह पीड़ित महिला ने पुलिस को मोबाइल पर सूचना दे दी। जिससे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दी। पुलिस की आहट पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ के दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। पकड़े जाने के डर से एक बदमाश हड़बड़ाहट में छत से नीचे कूद गया, जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तीन बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।



इसी घर में सीढ़ी लगाकर घुसे थे बदमाश।

मोहल्ला हनिया टोला निवासी गुड्डू गुप्ता की पत्नी माया देवी ने बताया कि 9 फरवरी की रात बदमाशों ने उनके समेत तीन घरों में लूटपाट की थी। जिसकी जानकारी पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। सोमवार की आधी रात के बाद सीढ़ी लगाकर चार बदमाश छत के सहारे फिर घर में घुस आए थे। आहट मिलने पर उन्होंने हेल्पलाइन 1076 पर काल कर बदमाशों के होने की आशंका जताई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही बदमाशों ने सभी को बंधक बना लिया। शोर मचाने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए पिटाई की। बहू के जेवर मांगने लगे। बताया कि बहू मायके गई है तो एक बदमाश ने उसे थप्पड़ जड़ दिया और उसकी पायल निकलवा ली। बदमाश लूटपाट कर रहे थे कि इसी बीच 112 पुलिस के साथ कस्बा चौकी इंचार्ज लाल बहादुर मिश्रा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस के आने पर एक बदमाश छत की तरफ भागा, जबकि तीन बदमाश मेन गेट खोलकर पुलिस के सामने से फायरिंग करते हुए भागने लगे। महिला ने बताया कि पुलिस ने भी फायरिंग की और कुछ पुलिस वालों ने पीछा भी किया, लेकिन बदमाश हाथ नहीं आए। छत पर पहुंचा चौथा बदमाश नीचे कूद पड़ा, जिससे वह छत में निकली सरियों में फंसकर घायल हो गया। नीचे गिरने से उसका एक पैर फ्रेक्चर हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल बदमाश ओमकार (42) निवासी मदौरा जिला सीतापुर का रहने वाला है। उसके पास से तमंचा और



जिला अस्पताल में भर्ती घायल बदमाश।

कारतूस बरामद हुआ है। घायल बदमाश का उपचार करने वाले इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर डॉ. अखिलेश ने बताया कि प्रथम दृष्टया बदमाश के पैर में गोली लगना प्रतीत नहीं हो रहा है। उसका एक्सरे कराया जा रहा है। एक्सरे रिपोर्ट आने पर पर ही सही स्थित पता चल सकेगी। कस्बा चौकी इंचार्ज लाल बहादुर मिश्रा ने बताया कि बदमाश लूटपाट करने आए थे। इसी बीच पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस और बदमाशों के बीच गोली भी चली। भागे बदमाशों की तलाश की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। वहीं, थाना खीरी के प्रभारी एसओ लाल बहादुर मिश्र की तहरीर पर थाना खीरी पुलिस ने घायल बदमाश ओमकार निवासी बेदौरा थाना रेउसा और अज्ञात चोरों के खिलाफ जानलेवा हमला और आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमे कहा गया है कि बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग की। जिस पर उन्होंने अपनी सरकारी पिस्टल से एक फायर किया है।

### दरवाजे पर खड़ी रही पुलिस और भाग निकले बदमाश

लखीमपुर खीरी : मोहल्ला हनिया टोला में जब यूपी 112 पुलिस पहुंची तो उस समय बदमाश गुड्डू के घर में मौजूद थे। पुलिस का हूटर बजने के कारण बदमाशों को यकीन हो गया था पुलिस आ चुकी है। मोहल्ले के लोग बताते हैं कि पुलिस मुख्य दरवाजे पर खड़ी थी। वह कुछ समझपाती इससे पहले ही बदमाशों ने दरवाजा खोल लिया और फायर कर भागने लगे। अचानक हुई फायरिंग से पुलिस पीछे हट गई। बदमाशों के कुछ दूर जाने के बाद पुलिस ने ललकारा और दौड़ाया। तब तक थाने से भी भारी फोर्स आ चुका था। पुलिस ने क्षेत्र की घेराबंदी कराई और आसपास के थानों की पुलिस की मदद से सर्च आपरेशन भी चलाया।

### पुलिस के जाते ही दाखिल हो गए थे बदमाश

मोहल्ला हनिया टोला के लोगों ने बताया कि 9 फरवरी को हुई वारदात के बाद से पुलिस मोहल्ले में गश्त करने लगी थी। रात करीब 2 :34 पुलिस हूटर बजाते हुए गश्त करते निकली थी। इसके 10 मिनट के बाद ही बदमाश गुड्डू के घर में घुस गए थे। इससे साफ अंदेशा है कि बदमाशों में पुलिस का कोई खोफ नहीं।

### गुड्डू समेत तीन घरों से पहले की थी लूट, पुलिस पचा गई घटना

**लखीमपुर खीरी।** तीन दिन पहले बदमाशों ने मोहल्ला हनिया टोला में गुड्डू समेत तीन घरों को निशाना बनाया और पांच बदमाश घरवालों की पिटाई कर तीनों घरों से 52 हजार रुपए और करीब चार लाख रुपए के जेवर लूट ले गए थे। पीड़ितों ने सूचना पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस पूरी घटना ही पचा गई। पुलिस वारदात को गंभीरता से लेती और बदमाशों की तलाश करती तो शायद बदमाश गुड्डू के घर दोबारा डकैती डालने की हिम्मत नहीं जुटा पाते।9 फरवरी की रात पांच बदमाशों ने मोहल्ला हनिया टोला निवासी गुड्डू, लल्लू और चक्रपाल के घर घुसकर लूटपाट की थी। गुड्डू की पत्नी माया देवी ने बताया कि आधी रात के बाद पांच बदमाश उसके घर के दरवाजे पर आए और पुलिस बताकर दरवाजा खुलवाया था। दरवाजा खुलते ही बदमाशों ने सभी को गन प्वाइंट पर लेकर बंधक बना लिया। घर में भैंस बिक्री के रखे 45000 हजार रुपये, सोने का हार, लर, चार अंगूठी, झाला, झुमकी, टप्स, एक पैंडिल का मंगल सूत्र, तीन जोड़ी चांदी की पायल लूट ले गए थे। इसी रात बदमाश मोहल्ले के लल्लू के घर पहुंचे और तीन जोड़ी पायल, चार नाक के फूल, चांदी के पांच जोड़ी कमर बिछुवा, एक जोड़ी झुमकी, लड़के के मुंडन कराने को रखे पांच हजार रुपए और कपड़े आदि लूट ले गए थे। सुरेश कुमार के घर भी पुलिस बताकर बदमाश घुसे थे और दो जोड़ी पायल, दो सोने के मंगलसूत्र और दो हजार रुपए की नगदी लेकर भागे थे।

## सार-संक्षेप

### स्वयंसेविकाओं ने निकाली सड़क सुरक्षा रैली




**शाहजहांपुर।** आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनीता जैसल के निर्देशन में बिजलीपुरा में चलाया गया। शिविर के प्रथम सत्र में डॉ. सुनीता जैसल ने सड़क सुरक्षा के बारे में सभी को जागरूक किया। इसी श्रंखला में शिविर के द्वितीय सत्र में ऋतु शर्मा, डॉ. रानू दुबे के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। स्वयं सेविकाओं ने क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में श्रेया, प्रांसी, कशिश, शिखा, ज्योति, दीपमाला, ऋषभ आदि का सहयोग रहा।

### एसएस कॉलेज में दिया महिला सशक्तिकरण का संदेश

**शाहजहांपुर।** एसएस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन मंगलवार को अजीजगंज में किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ तथा महिला सशक्तिकरण थीम पर लोगों को जागरूक करने के लिए स्वयंसेवियों ने पोस्टर, स्लोगन लिखी तख्तियों के साथ रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने ग्रामीण महिलाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में बताया। वाणिज्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने शिविरार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि तब तक नारी का सम्मान होगा तब तक देश का विकास कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने छात्रों को महिलाओं का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार यादव ने महिला सशक्तिकरण के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर जया कुमारी, नंदनी यादव, हंसमुखी, विनीता देवी, सरिता, शिव गुप्ता, मुस्कान, श्वेता, दीक्षांत भोजवाल ,अभिषेक सिंह ,अर्पित सिंह, बृजेश आदि स्वयंसेवियों का सहयोग रहा।

### स्वच्छता को अपनाकर रह सकते हैं स्वस्थ

**शाहजहांपुर।** जीएफ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई के तीसरे एक दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों को स्वच्छता अभियान चलाया। स्वच्छता और सामुदायिक सेवा के मूल्य को बढ़ावा देने के लिए स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की। इससे पहले प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता एक ऐसा महत्वपूर्ण अभियान है, जो स्वयं के साथ समाज और पर्यावरण के लिए लाभकारी है। स्वच्छता को अपनाकर हम रोगों से बच सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। स्वच्छता बीमारियों के प्रसार को रोकती है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब के मार्गदर्शन में चले शिविर में स्वयं सेवक शांतनु, सनी, ध्रुव, हर्ष, विकास आदि का योगदान रहा।

### आदित्य सिंह ने थामा भाजपा का दामन



**शाहजहांपुर।** नगर पंचायत कलान से चैयरमेन पद के प्रत्याशी रहे आदित्य सिंह उर्फ हनी ने मंगलवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्हें जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा एवं पूर्व विधायक शरदवीर सिंह ने पार्टी का झंडा देकर और कैप पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। हनी के भाजपा में शामिल होने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने कहा हनी सिंह के पार्टी में आने से नगर पंचायत कलान में पार्टी मजबूत होगी। इस मौके पर रमाकांत मिश्र, हरिओम गुप्ता, चमन गुप्ता, राहुल गुप्ता, करन गुप्ता, अभय सिंह भोला, दीपू गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, ऋषि सिंह, अंकित तोमर, राहुल तोमर, अनुभव चौहान, जयवीर सिंह, संदीप गुर्जर, अमन गुप्ता, सनी गुप्ता, अनिल शास्त्री, सुभाष गुप्ता, अरविंद सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए आदित्य सिंह का बधाई दी।

### खन्नौत नदी में मगरमच्छ, खतरे में जान



**शाहजहांपुर।** शहर के पूरब दिशा में लोधीपुर के पास से निकली खन्नौत नदी में मगरमच्छों ने बसेरा बना लिया है। इससे लोगों को खतरा बना हुआ है। समाजसेवी नवी सलमान ने वन विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर मगरमच्छ को पकड़वाकर दूसरी जगह छुड़वाए जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नदी किनारे छोटे-छोटे बच्चे बकरियां चराने भी पहुंच जाते हैं और डेयरी वाले भी जानवरों को लेकर पहुंचते हैं। मगरमच्छ कभी भी इनको निवाला बना सकता है।

## विधायक ने नेत्र जांच केंद्र का किया उद्घाटन



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस।


**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** मीरानपुर कटरा में मंगलवार को डॉ. श्राफ चैरिटी आई हास्पिटल एवं एक्सीलेंस इनिशिएटिव के संयुक्त तत्वाधान में नेत्र जांच केंद्र का उद्घाटन विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि नेत्र जांच केंद्र खुलने से संबंधित बीमारियों का इलाज बहुत आसान हो गया है। श्राफ हास्पिटल के डॉ. प्रबंधक अनुराग मिश्रा ने कहा कि उत्तर भारत में 81 नेत्र जांच केंद्र संचालित है। यह सुविधा कांट, निगोही, कटरा, सिंधौली में भी उपलब्ध है। अब जांच के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर संस्था के विपिन पाण्डेय, डा जावेद समीर अली, हिना शाह, सतीश शर्मा, अमित राठौर, शगुन आदि का सहयोग रहा।

# मैजिक में रखे बैग से नगदी समेत हजारों के जेवर चोरी

**संवाददाता, पुवायां**

**अमृत विचारः** डग्गामार वाहनों से बैग से जेवर चुराने वाला गिरोह सक्रिय है। आए दिन डग्गामार वाहनों से यात्रियों का जेवर और नगदी चोरी हो जाता है। सोमवार को एक महिला का बैग लेकर चालक ने मैजिक की छत पर रख दिया था। चोर ने बैग की चेन खोलकर नगदी समेत हजारों रुपये के जेवर चुरा लिए। पुलिस ने कई घंटे बीत जाने के बाद भी चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस घटना को संदिग्ध बताकर टरका रही है। हालांकि पुलिस ने दुकानों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले है।

पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला तिराहा बाजार निवासी राजेश कुमार ने बताया कि सीतापुर में रिश्तेदारी में शादी है। सोमवार को दिन में डेढ़ बजे वह अपनी पत्नी मीनू व बेटी अंजली के साथ राजीव चौक पहुंचे। उन्होंने मैजिक पर पत्नी और बेटी को बैठा दिया। चालक ने बैग लेकर मैजिक की छत पर रख दिया। उन्होंने चालक से बैग मैजिक की छत पर रखने के लिए मना किया था, लेकिन चालक ने बैग नहीं उतारा और कहा कि बैग



सीसीटीवी फुटेज में बैग में हाथ डालते दिख रहा युवक।

सुरक्षित रहेगा। उनकी पत्नी व बेटी शाहजहांपुर में मैजिक से उतरे। उनकी पत्नी ने देखा कि बैग की चेन खुली थी और बैग में रखे सोने की चार चूड़िया, हार व 15 हजार रुपये गायब थे। मीनू ने अपने पति राजेश गुप्ता को फोन किया और कहा कि बैग से जेवर चोरी हो गए हैं। उन्होंने थाने पर जाकर चोरी की तहरीर दी। पुलिस ने मैजिक चालक से पूछताछ की। मंगलवार को पुलिस ने राजीव चौक के आस-पास दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। कैमरे में दिख रहा था कि मैजिक के पीछे खड़ा एक युवक बैग में हाथ डाल रहा है। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज करने के टरका रही है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

▶▶ **सीसीटीवी कैमरे खंगाले, रिपोर्ट दर्ज करने के नाम पर टरका रही पुलिस**

### मिर्जापुर में दिनदहाड़े छात्र का मोबाइल लूटा

**मिर्जापुर।** दो माह पहले थाने के पास से बाइक सवार लुटेरों ने छात्र का मोबाइल छीन लिया था। पुलिस अभी तक उसका सुराग नही लगा सकी है। मंगलवार शाम फिर बाइक लुटेरों ने पुलिस को चुनौती को देते हुए साइकिल से घर जा रहे छात्र का मोबाइल लूट लिया। मंगलवार शाम करीब चार बजे कलान थाना क्षेत्र के गांव निकुर्रा निवासी सौरभ कुमार साइकिल से ढाई घाट गंगा स्नान कर घर वापस जा रहा था। मिर्जापुर कस्बा निकलते ही ब्लॉक मुख्यालय से थोड़ा आगे स्टेट हाईवे पर पीछे से आ रहे बाइक सवार लुटेरों ने छात्र का मोबाइल लूट लिया। छात्र के चीखने चिल्लाने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। छात्र के पिता जयवीर सिंह ने अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

# दो दुकानों से लाखों रुपये के टायर-ट्यूब ले गए चोर

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

▶▶ **पुलिस ने किया मौका मुआयना, चोरों की सुरागरसी को खंगाले सीसीटीवी कैमरे**

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय राजमार्ग पर कटरा में चोरों ने सोमवार की रात दो दुकानों के ताले तोड़कर दो लाख 12 हजार रुपये के टायर-ट्यूब चुराकर ले गए। पुलिस ने दोनों दुकानों का मौका मुआयना कर दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला है।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव मोहल्ला कायस्थान निवासी रईस अहमद की राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुकान है। उन्होंने दुकान में वाहनों के नए टायर-ट्यूब रखे हुए है। उन्होंने सोमवार की रात नौ बजे दुकान बंद की और घर चले गए। रात में चोरों ने दुकान के ताले तोड़ दिए और वाहनों के टायर-ट्यूब आदि सामान ले गए। मंगलवार की सुबह आठ बजे रईस अहमद दुकान खोलने के लिए आए तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए थे और टायर-ट्यूब आदि सामान गायब था।

इधर मोहल्ला इस्लामनगर निवासी समी खां की भी राष्ट्रीय राजमार्ग पर टायर-ट्यूब की दुकान है। चोरों ने रात में दुकान के ताले तोड़ दिए और टायर-ट्यूब आदि सामान चुराकर ले गए। दोनों दुकानदारों ने थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी सिपाहियों के साथ पहुंचे और दोनों दुकानों का निरीक्षण किया। रईस अहमद ने बताया कि चोर उसकी दुकान से दो लाख रुपये और समी खां ने बताया कि उसकी दुकान से चोर बारह हजार रुपये के टायर-ट्यूब ले गए है। पुलिस ने दुकानों के आस-पास ढाबों पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला है। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि चोरों की सुरागरसी की जा रही है और चोरी का शीघ्र खुलासा होगा।

### समय सीमा खत्म, आज से चल सकता है बुलडोजर



खुदागंज में खुद दुकानें तोड़ते लोग। ● अमृत विचार

**खुदागंज, अमृत विचार :** हाईवे चौड़ीकरण के चलते मार्ग में बाधक बन रही 200 से अधिक दुकानों को हटाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों द्वारा नोटिस चस्पा कर 13 फरवरी तक दुकान हटाने के निर्देश दिए गए थे। जिसकी समय सीमा आज समाप्त हो गई। 14 फरवरी से दुकानों पर बुल्डोजर चल सकता है। हालांकि कुछ लोगों ने खुद दुकानें हटानी शुरू कर दी। कुछ लोग मुआवजा नहीं मिलने की वजह से होली तक का समय मांग रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि अभी तक 70 प्रतिशत लोगों को दुकानों का मुआवजा प्रशासन द्वारा नहीं दिलवाया गया है। जिसके चलते व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपाशंकर रस्तोगी ने व्यापारियों के साथ जिला अधिकारी उमेश प्रताप सिंह से मुलाकात कर होली तक समय की मांग की थी। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें कुछ समय दिया जाएगा, तो वह अपनी दुकानें अन्य स्थान पर संचालित करने की व्यवस्था कर पाएंगे। नेशनल हाईवे 730 चौड़ीकरण के लिए आईसीटी संस्था को नामित किया गया है, जिसका कार्य मार्च 2024 तक पूर्ण होना है। कुछ दुकानदार जिन्हें मुआवजा मिल चुका है, उन्होंने अपनी दुकान खाली कर तोड़ना शुरू कर दिया है।

▶▶ **आरोप- दुकानों का मुआवजा दिए बिना ही तोड़ने की तैयारी में प्रशासन**

# वरुण अर्जुन कॉलेज के कैंप में 75 की हुई निःशुल्क जांच

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से मंगलवार को कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर में लगने वाले मेले में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें ब्लड प्रेशर एवं शुगर की जांचे निशुल्क की गई।


मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने जांचों का लाभ उठाया। शिविर में लगभग 75 लोगों की ब्लड शुगर की जांच की गई और एमआरआई व सीटी स्कैन और अन्य जांचों के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। शिविर में मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य टीम के साथ मेडिकल व कॉलेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे। पीआरओ ने लोगों को नियमित



मरीजों की जांच करते चिकित्सक।

जांचें करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपए में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य है। परिवार स्वास्थ्य कार्ड से ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा और दवाइयां व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत छूट मिलेगी। भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुफ्त बनेगी। दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट व सभी जांचों पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। सामान्य ऑपरेशन में 25 प्रतिशत की छूट मिलेगी और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। मेडिकल टीम के साथ पीआरओ रईस उपस्थित रहे।

### शिविर में 17 मरीजों का ऑपरेशन के लिए चयन



**शाहजहांपुर।** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर की ओर से मंगलवार को ब्लॉक ददरौल के गांव पिंगरा पिंगरी में नि :शुल्क नेत्र रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य अनिल कुमार प्रजापति की ओर से किया गया। शिविर में 71 मरीजों ने पंजीकरण कराया और जांच के बाद 17 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। मोतियाबिंद के चयनित मरीजों को मेडिकल कॉलेज की बस से वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी चयनित मरीजों का का नि :शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। जहां लेंस, दवाइयां एवं खाने की सुविधा उपलब्ध है। मरीजों को आई ड्रॉप एवं दवाइयां दी गई। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया गया व अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया गया। कैंप में मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग की चिकित्सक डॉ. तफीम, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की डॉ. सांभवी पांडे, वसुधा यादव, पीआरओ जितेंद्र गंगवार उपस्थित रहे।

# बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने और रविदास की प्रतिमा हटाने पर बवाल

**संवादाता, पसगवां (खीरी)**

▶▶ **दो पक्षों में लाठी-डंडों के बीच चले पत्थर, दो पुलिस कर्मी घायल और एक दर्जन चोटिल हुए**

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैंकीपुर में सोमवार की रात आंबेडकर पार्क में रखी बुद्ध की मूर्ति क्षतिग्रस्त करने और संत रविदास की मूर्ति उठाकर खलिहान में रखने को लेकर ऐसा विवाद छिड़ा कि रैदास और आरख जाति के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के लोगों में जमकर मारपीट हुई। पत्थरबाजी हुई। बवाल में दो पुलिस कर्मी घायल हो गए। महिला सहित एक दर्जन से अधिक लोग भी चोटिल हुए हैं। माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। पुलिस के साथ ही पीएसी भी तैनात कर दी गई है। इधर, जहां आरख पक्ष पर बुद्ध की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने तो रैदास पक्ष पर संत रविदास की मूर्ति हटाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला खलिहान की जमीन पर कब्जा करने को लेकर है। सोमवार की रात करीब 8 बजे अचानक गांव में उस समय खलबली मच गयी जब परिषदीय स्कूल के करीब खलिहान की जमीन पर कब्जे के नियत से दो जाति के लोगों में पत्थरबाजी के साथ जमकर मारपीट हुई। अयोध्या धाम में श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आरख समाज के लोगों ने इस खलिहान की जमीन पर श्रीराम पताका लगाकर पूजन कार्यक्रम आदि की थी। ध्वजा उतारा नहीं गया। सोमवार की शाम इसी जमीन पर रैदास जाति के लोगों ने संत रविदास की मूर्ति आंबेडकर पार्क से उठाकर खलिहान में रख दी। वहीं आंबेडकर पार्क में बुद्ध की प्रतिमा का छत्र प्रतिमा से अलग कर दिया। इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया और लाठी-डंडे चलने के साथ दोनों पक्षों में पत्थरबाजी हुई। जिससे दो पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हो गए। पत्थरबाजी रोकने के लिए पुलिस को बल प्रयोग भी करना पड़ा। पत्थरबाजी के बाद गांव में तनावपूर्ण माहौल बना है।

## एसपी ने तिलहर में किया रूट मार्च

**तिलहर, अमृत विचारः** एसपी अशोक कुमार मीणा मंगलवार को अचानक तिलहर पहुंच गए। उन्होंने सीओ प्रयांक जैन और पुलिस बल के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मंगलवार शाम लगभग 6:30 बजे एसपी ने बाईपास तिराहे से सीओ प्रयांक जैन और इंस्पेक्टर क्राइम देवेंद्र यादव तथा पुलिस बल के साथ अस्पताल रोड से बाजार मौजमपुर, विरियागंज, मुख्य बाजार से आंबेडकर पार्क होते हुए थाने तक पैदल मार्च किया। उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस से किसान आंदोलन व त्योहारों को लेकर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। थाने पर कुछ देर रुकने के बाद एसपी गंतव्य को प्रस्थान कर गए।

# पानी में नशीली गोली मिला यात्री से लाखों की लूट

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

▶▶ **डेबिट, क्रेडिट कार्ड से एक लाख रुपये निकाले, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचारः** पुरबिया एक्सप्रेस के एसी कोच में एक व्यक्ति ने एक यात्री की पानी बोतल में नशीली दवा मिला दी। यात्री के बेहोश हो जाने पर दो अंगूठी, क्रेडिट व डेबिट कार्ड व नगदी ले गया। डेबिट कार्ड से एक लाख रुपये भी निकाल लिए।

बिहार के बेगुसराय के गढ़हरा के मोहल्ला न्यू कॉलोनी निवासी धमेंद्र कुमार ने बताया कि वह 19 जनवरी को डाउन लाइन की पुरबिया एक्सप्रेस के एसी कोच में आनंद बिहार से बरौनी जा रहा था। ट्रेन रात में 11 बजे शाहजहांपुर स्टेशन पर पहुंचने वाली थी। पड़ोस में दूसरी बर्थ पर बैठे में एक संदिग्ध व्यक्ति ने उसकी पानी की बोतल में नशीली गोली डाल दी। जिससे उसे नींद आ गई। उसका परिवार दूसरी बर्थ पर था। सोनपुर रेलवे स्टेशन पर परिवार के लोगों ने उसे किसी तरह उठाया। जब उसका नशा दूर हुआ तो उसने देखा कि जेब से 3500 रुपये, दो सोने की अंगूठी, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड गायब थे। बताया कि एचडीएफसी बैंक के डेबिट कार्ड से 95000 रुपये व पीएनबी बैंक के क्रेडिट कार्ड से पांच हजार रुपये निकाल लिए है। उन्होंने कोच के टीटीई को घटना के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि विवेचना की जा रही है।

## कंबल में लपेटकर एक दिन की बच्ची को फेंका

**बरेली, अमृत विचार :** भोजीपुरा के एक गांव में एक दिन की बच्ची को कंबल में लपेटकर फेंक दिया गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर चाइल्ड लाइन को जानकारी दी और बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। बच्ची की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस बच्ची को फेंकने वालों का पता लगा रही है। मंगलवार को भोजीपुरा क्षेत्र के गांव कमुआ मकरुका में ग्रामीणों को एक स्कूल के मैदान में बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण उधर गए तो कंबल में लिपटी एक दिन की बच्ची मिली। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी तो भोजीपुरा थाना प्रभारी जगत सिंह और धौराटांडा चौकी इंचार्ज संजीव यादव मौके पर पहुंचे और लोगों से जानकारी ली। इसके बाद पुलिस ने चाइल्ड लाइन को जानकारी देकर बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। डाक्टरों ने जांच कर बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चाइल्ड लाइन कोऑर्डिनेटर सौरव गंगवार ने बताया कि बच्ची की हालत खतरे से बाहर है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उसे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जाएगा।

# सीबीगंज में बनेगा चिड़ियाघर डीपीआर व सर्वे को बजट मंजूर

## करीब 50 लाख की लागत से कराया जाएगा मिनी जू का सर्वे

**बरेली कार्यालय**

▶▶ **सीबीगंज में चिन्हित 12 हेक्टेयर जमीन पर बनाया जाएगा जू**

**अमृत विचार:** जिले में चिड़ियाघर बनाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। काफी कागजी जद्दोजहद के बाद पिछले दिनों मिनी जू बनाने का निर्णय लिया गया था। अब इसके डीपीआर व सर्वे के लिए बजट को मंजूरी मिल गई गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में मिनी जू का सर्वे कराने की बात कही जा रही है।

वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार के प्रयासों से शहर में लघु प्राणी उद्यान की योजना परवान चढ़ने लगी है। मिनी जू ( लघु प्राणी उद्यान) के लिए सीबीगंज स्थित खलीलपुर वन खंड में करीब 12 हेक्टेयर भूमि वन विभाग द्वारा चिन्हित की गई है। मुख्य वन संरक्षक रूहेलखंड जोन बी प्रभाकर ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र लिखकर बजट की मांग की थी। पत्र में उन्होंने कहा था कि डीपीआर व सर्वे सीमांकन के लिए 50 लाख रुपए की आवश्यकता है। सर्वे के लिए विशेषज्ञ परामर्शदाता को भी नामित करने की मांग की गई। अब शासन से बजट को मंजूरी मिल गई है। आगामी वित्तीय वर्ष में बजट प्राप्त होते ही सर्वे का काम शुरू कराया जाएगा।

### इन वन्यजीवों के कर सकेंगे दीदार

मिनी जू बनने के बाद बाघ, तेंदुआ, भालू, हिरन व विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों के दीदार शहर के लोगों को हो सकेंगे। बरेली के अलावा आसपास के जनपदों के लोगों के लिए भी यह अच्छा पिकनिक स्पॉट होगा।

सर्वे व डीपीआर के लिए बजट को मंजूरी मिल चुकी है। 50 लाख के बजट की मांग की गई थी, संभवत: अप्रैल में बजट प्राप्त हो जाएगा। इसके बाद कार्य शुरू किया जाएगा। सीबीगंज के खलीलपुर वन खंड में 12 हेक्टेयर भूमि को चिन्हित किया गया है। **– बी .प्रभाकर,** मुख्य वन संरक्षक, रूहेलखंड जोन

## बीटेक छात्रा के अपहरण की धमकी देने वाले पर एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अपरिचित लगातार फोन कर बीटेक की छात्रा को परेशान कर रहा है। पीड़िता के पिता के मुताबिक, उनकी बेटी के मोबाइल पर दो फरवरी की रात 12.30 बजे अपरिचित की कॉल आई और वह अपहरण कर लेने की धमकी दे रहा था। पीड़िता वनस्थली कॉलेज राजस्थान से बीटेक कंप्यूटर साइंस की द्वितीय वर्ष की छात्रा है। उन्होंने संजय पंडित के नाम के व्यक्ति के विरुद्ध मझोला थाने में नामजद एफआईआर भी दर्ज करा दी है। छात्रा के पिता ने बताया कि उनकी बेटी अभी 21 वर्ष की है। आरोपी संजय पंडित कहां का रहने वाला है, इस बात से पीड़ित परिवार अपरिचित है। उन्होंने बताया कि संजय पंडित नाम का व्यक्ति काफी समय से तीन सिम नंबरों से उनकी बेटी के फोन पर कॉल करता रहा है। अभद्र भाषा का प्रयोग कर अश्लील बातें करता है। इससे उनकी बेटी काफी परेशान है। इस मामले में मझोला थानाध्यक्ष संजय कुमार पांचाल ने बताया कि मामले में आरोपी के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

# एसएसपी ऑफिस के बाहर प्रेमी को पीटा, कपड़े फाड़े

**मुरादाबाद कार्यालय**

▶▶ **एसएसपी के पीआरओ व अन्य पुलिसकर्मियों ने युवक को बचाया**

**अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर प्रेमिका के घरवालों ने उसके प्रेमी को लात, घूसों और चप्पलों से जमकर पीटा। उसके कपड़े फाड़ डाले। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना मंगलवार दोपहर की है। युवक को पिटता देख वहां भीड़ जुट गई, अफरा-तफरी का माहौल हो गया। एसएसपी कार्यालय में मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर आकर बीच-बचाव करने लगे थे। साथ ही सिविल लाइंस थाना पुलिस को मामले की खबर की थी। जिस पर सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा और महिला थानाध्यक्ष दीपा त्यागी मौके पर पहुंचे थे। मार खाने वाले युवक का नाम देव शर्मा उर्फ प्रमुखी बताया जा रहा है। इसे पुलिस सिविल लाइंस थाने ले आई थी, जहां से उसे जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया था। उधर, महिला थानाध्यक्ष युवती को थाने ले आई थीं। बताया जा रहा है कि प्रेमी-प्रेमिका दोनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सामने पेश होना चाहते थे। युवती एसएसपी मिलने के लिए उनके चेंबर के बाहर बेंच पर बैठी अपनी बारी के इंतजार में थी, जबकि उसका प्रेमी बाहर सड़क पर था। प्रेमी-प्रेमिका के एसएसपी कार्यालय में आने की सूचना किसी तरह से युवती के परिवार वालों को मिल गई थी। वह लोग करीब 10-12 की संख्या में एसएसपी कार्यालय के पास आए थे और सड़क पर युवक को पाकर उसे पीटना शुरू कर दिया था। इस दौरान वहां काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सिविल लाइंस थानाध्यक्ष रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि युवक का नाम देव शर्मा उर्फ प्रमुखी पुत्र गंगा सहाय है। यह पाकबड़ा थाना क्षेत्र के गुरैठा गांव का रहने वाला है। आरोप है कि देव शर्मा शनिवार को प्रेमिका को उसके घर से भगा ले गया था। इस मामले में युवती के घर वालों ने पाकबड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।

## बरेली जंक्शन पर आठ घंटे की देरी से पहुंची कुंभ एक्सप्रेस

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेनों के लेट होने का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को करीब आधा दर्जन ट्रेनें बरेली जंक्शन पर घंटों की देरी से पहुंचीं। सुबह पहुंचने वाली कुंभ एक्सप्रेस आठ घंटे की देरी से शाम को पहुंची। परेशान यात्रियों ने एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की तो रेल अधिकारियों ने जवाब दिया कि ट्रेन को करीब छह घंटा रिशेड्यूल किया गया था। 12369 कुंभ एक्सप्रेस आठ घंटा 13 मिनट, 13005 हावड़ा अमृत पंजाब एक घंटा 30 मिनट, 15119 देहरादून जनता दो घंटा, 22453 राज्यरानी एक्सप्रेस एक घंटा, 12370 कुंभ एक्सप्रेस एक घंटा 22 मिनट, 22356 चंडीगढ़ पाटलीपुत्र एक्सप्रेस एक घंटा 41 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। इसके अलावा 15716 गरीब नवाज एक घंटा 39 मिनट और 13009 दून चार घंटा 28 मिनट देरी से चल रही थीं। इन ट्रेनों के देर रात तक बरेली जंक्शन पहुंचने की संभावना जताई जा रही थी।

## पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से संशोधित कार्यक्रम जारी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने पुलिस भर्ती परीक्षा की वजह से 17 फरवरी को होने वाले परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव किया है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी कृषि ऑनर्स चतुर्थ और षष्टम सेमेस्टर की 17 फरवरी को होने वाली परीक्षा अब 20 फरवरी को दूसरी पाली में 2 :30 से 5 :30 बजे में होगी। इसके अलावा परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। छात्र नया परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा 20 जनवरी को बीएएमएस तृतीय प्रोफेशनल स्वास्थ्यवृत्त एवं योग प्रथम प्रश्नपत्र की रद्द की गई परीक्षा अब 19 फरवरी को 2 :30 से 5 :30 बजे की पाली में होगी।

# पांच साल बाद मिला पति तो डबडबा गईं आंखें

**बरेली, अमृत विचार:** झारखंड का रहने वाला युवक मानसिक मंदित होने के चलते पांच साल पहले परिवार से भटक गया था। परिजनों ने बहुत तलाश किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं लगा। दो माह पहले वह बिथरी चैनपुर क्षेत्र में भटकते मिले। मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र पर काउंसिलिंग के बाद युवक ने अपना पता बताया। इसके बाद परिवार के लोगों को सूचना दी गई। मंगलवार को उनकी पत्नी अपने बेटे के साथ पति को लेने पहुंची। लंबे समय बाद पति को देख उनकी आंखें छलक उठीं। 31 दिसंबर 2023 को अलाउद्दीन बिथरी चैनपुर के नेशनल हाईवे पर भटक रहे थे। उन्हें मनोसमर्पण पुनर्वास केंद्र के लीगल एडवाइजर रजत बिंदल ने थाना बिथरी चैनपुर पुलिस की मदद से रेस्क्यू कर पुनर्वास केंद्र में शिफ्ट किया। यहां देखभाल व उपचार किया गया। सोशल वर्कर मुकुल ने अलाउद्दीन की काउंसलिंग की तो उन्होंने अपना पता बताया। उनके बताए गए पते के अनुसार झारखंड के जिला धनबाद के थाना चिरकुंडा पुलिस से संपर्क किया गया। इसके बाद अलाउद्दीन के परिवार से बात कर बरेली में होने की जानकारी दी गई। उनकी पत्नी परवीन निशा बेटे अब्दुल हमीद को लेकर बरेली पहुंचीं। परवीन ने बताया कि पति के मिलने की उम्मीद ही छोड़ चुके थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नांद अनगनी, वि.खं. भुता, बरेली

पत्रांक : 02/लेखा/निविदा/वर्ष 2023-24 दिनांक 02.02.2024

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न सी.सी. कार्य होना है। सामग्री हेतू सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, ईंट, रोड़ी आदि निविदा आमंत्रण की जाती है, जिन्हें कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 14.02.2024 से दिनांक 20.02.2024 प्रात: 11 बजे तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे खोला जायेगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत |
|---|---|---|
| 1. | मिसवाह के मकान से स्कूल होते हुये पप्पू के मकान तक सी.सी. व नाली कार्य | 3,66,184/- |

**श्री ताराचन्द** ग्राम प्रधान **श्री दानिश खान** सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत अठायन, वि.खं. भुता, बरेली

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अठायन में मनरेगा योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में बहादुर के घर से तोताराम के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य होना है, जिसकी प्राक्कलन धनराशि 3.94 लाख है। सामग्री आपूर्ति ईंट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, रेता हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है, जिसे दिनांक 14.02.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत में जमा कर सकते हैं, जिन्हें दिनांक 15.02.2024 की सुबह 11 बजे खोला जायेगा।

**तेजस यादव** प्रधान **अजेय राघव** सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत जगत पिपरी वि.खं. इस्लामनगर, बदायूं

**अल्पकालीन निविदा** दिनांक:- 13-02-2024

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बजरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत जगत पिपरी वि .खं इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20-02-2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। **कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-**

| क्र.स. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | नानक राम के प्लॉट से रामजीमल के घर तक सी सी निर्माण कार्य। | प्राकल्लन के अनुसार |

**प्रधान** **सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर अहियापुर, वि.खं. क्यारा, बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मानपुर अहियापुर, वि.खंड क्यारा में वर्ष 2023-24 मनरेगा योजना के अन्तर्गत मिट्टी खड़ंजा निर्माण होना है, जिसके लिये ईंट चटका की आवश्यकता है। पंजीकृत फर्म निविदायें कार्यालय ग्राम पंचायत में दिनांक 20.02.2024 तक जमा कर सकते हैं, जिन्हें उसी दिन सायं 4 बजे खोला जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | मानपुर पालपुर मार्ग से वृद्ध गौशाला तक मिट्टी खड़ंजा निर्माण कार्य | 7,07,360/- |

**ग्राम प्रधान** **सचिव**

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा, बरेली

पत्रांक: 3715-ए/लेखा/क्षेत्र निधि/2023-24 दिनांक: 09.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग / जिला पंचायत / राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भदपुरा बरेली द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत क्षेत्र निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरण के अनुसार निर्माण कार्य करवाने हेतु सीलबन्द निविदाएं दिनांक 26.02.2024 को समय 2 बजे तक सीलबन्द बाक्स में डाली जा सकती है। जो उसी दिवस में उपस्थित निविदादाताओं / उनके प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 02 बजे निर्धारित कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। प्रत्येक निर्माण कार्य कराये जाने हेतु पृथक-पृथक धरोहर धनराशि जमा करनी होगी। जिसकी जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (लाख में) | धरोहर राशि 05 प्रतिशत (रू.) | निविदा शुल्क | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | ग्राम जिगनिया भगवन्तापुर में शिव दयाल के घर से नरेश चन्द्र के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 554600.00 | 27800.00 | 766.00 | 04 माह |
| 02. | ग्राम दलेल नगर में मेन रोड गंगा राम के घर से पुत्तू लाल के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 999343.00 | 50000.00 | 766.00 | 04 माह |
| 03. | ग्राम अभयराजपुर में मेन रोड से नारायण लाल के घर होते हुए राजेश के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य। | 502300.00 | 25200.00 | 766.00 | 04 माह |
| 04. | ग्राम नवदिया कस्याब में सतीश के घर से मुक्ता प्रसाद एवं भगवान दास के घर तक सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य | 768400.00 | 38500.00 | 766.00 | 04 माह |
| 05. | ग्राम बबूरी में मुख्य मार्ग पर नहर की पुलिया से हरचन्दपुर की ओर मिट्टी/खडन्जा कार्य। | 995218.00 | 50000.00 | 766.00 | 04 माह |
| 06. | ग्राम जगराजपुर के मजरा कितकापुर में जयराम के घर से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 607300.00 | 30500.00 | 766.00 | 04 माह |

नियम व शर्ते:-

1. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का 05 प्रतिशत राष्ट्रीय बैंक का डी.बी., एफ.डी.आर. अथवा एन. एस.सी. जो कि बंधक खण्ड विकास भदपुरा के नाम पृथक-पृथक बन्धक करा कर देनी होगी तथा शेष धरोहर राशि 5 प्रतिशत बिड से कटौती की जायेगी।
2. निविदा दाता को निविदा के साथ अध्यतन हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र आयकर एवं जी.एस.टी. पंजीकरण की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदादाता को निविदा के साथ 100 रूपये के स्टाम्प पेपर पर स्वघोषण-पत्र / शपथ पत्र संलग्न करना होगा। तथा निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वयं के व्यय पर निर्धारित स्टांप पर अनुबन्ध गठित करना होगा। निविदा दाता को 100 रूपये के स्टांप पर फोटोयुक्त घोषणा-पत्र इन शर्तो के साथ कि वह किसी भी संस्था से ब्लैकलिस्टिड नहीं हुई है।
4. ठेकेदार/फर्म को निर्माण कार्य को नियत समय सीमा के अन्दर एवं लो.नि.वि. की विस्तृत विशिष्टियों/मानक के अनुबन्ध पूर्ण करना होगा।
5. समस्त निविदादाताओं को उक्त सभी निविदाओं के सम्बन्ध में समय-समय पर जारी विभिन्न शासनादेशों/नियमों /आदेशों का अनुपालन पूर्ण करना होगा।
6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रॉयल्टी का भुगतान किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज फर्म अनुभाग शासनादेश संख्या 3885/66-2015-292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
7. उल्लेखनीय है कि कार्य की धनराशि की उपलब्ध के आधार पर ही कराया जायेगा तथा शासनादेश संख्या 1639/33-3-2018-03/2015 पंचायती राज अनुभाग-3 दिनांक 19.06.20215 एवं समय-समय पर जारी शासनादेश एवं परिपत्रों का पालन किया जायेगा।
8. निविदा बिक्री की दिनांक 26.02.2024 तक की जाएगी।
9. निविदादाता को शासन के निर्देशों के अनुरूप करों (यथा जी.एस.टी. आदि) की व्यवस्था लागू रहेगी।
10. सशर्त निविदा/डाक से प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
11. निविदादाता किसी भी जनप्रतिनिधि या कार्यालय स्टाफ से पारिवारिक सम्बन्ध नहीं रखता हो।
12. निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद का निस्तारण माननीय न्यायालय जनपद बरेली को मान्य होगा।
13. निविदा के स्वीकार्य करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**खण्ड विकास अधिकारी भदपुरा, बरेली**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ-खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अत: नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो, वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा और तद्नुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी।
विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र. सं. | मोहल्ला | वार्ड सं. | भूमि भवन का विवरण | वर्तमान में दर्ज सम्पत्ति व स्वामी / विक्रेता का नाम | प्रस्तावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | भूड़वार्ड | 25 | भू-भाग | श्री अशोक कुमार आनन्द, राजेन्द्र आनन्द, पवन आनन्द पुत्र स्व0 सेठ चुन्नी लाल | श्री मो0 लईक खां पुत्र मो0 सिद्दीक | विक्रय-पत्र |
| 02. | भूड़वार्ड | 25 | भू-भाग | श्री मधुकर मेहरोत्रा पुत्र जगदीश नरायन मेहरोत्रा | श्री विनय गुप्ता पुत्र विजय कुमार गुप्ता | विक्रय-पत्र |
| 03. | भूड़वार्ड | 25 | भू-भाग | श्री मधुकर मेहरोत्रा पुत्र जगदीश नरायन मेहरोत्रा | श्री पंकज भसीन पुत्र गुलशन भसीन | विक्रय-पत्र |
| 04. | भूड़वार्ड | 25 | भू-भाग | श्री मधुकर मेहरोत्रा पुत्र जगदीश नरायन मेहरोत्रा | श्री जयगोपाल भसीन पुत्र शिवसरन भसीन | विक्रय-पत्र |
| 05. | कुम्हारन टोला | 8 | भू-भाग | श्री सरदार वीर सिंह पुत्र खुशहाल सिंह | श्री सरदार दलीप सिंह, जोगेन्दर सिंह पुत्र सरदार हरीसिंह | विक्रय-पत्र |
| 06. | गोकर्णवार्ड | 10 | भू-भाग | श्रीमती भागेश्वरी गोस्वामी पत्नी रामप्रकाश गोस्वामी | श्रीमती सोमवती पत्नी बृजलाल | विक्रय-पत्र |
| 07. | गोकर्णवार्ड | 10 | भू-भाग | श्रीमती सोमवती पत्नी बृजलाल | श्री बृजलाल पुत्र छुटकऊ व मनोज कुमार, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार, रोहित कुमार पुत्र बृजलाल | वरासत |
| 08. | भूड़वार्ड | 17 | भू-भाग | श्री लक्ष्मी नरायन गुप्ता पुत्र स्व0 जगन्नाथ प्रसाद | श्री जय नरायन गुप्ता पुत्र स्व0 लक्ष्मी नरायन गुप्ता, पंकज गुप्ता पुत्र राज नरायन गुप्ता | वरासत |
| 09. | भूड़वार्ड | 17 | भू-भाग | श्री हरीशचन्द्र गुप्ता पुत्र जगन्नाथ प्रसाद | श्री रामचन्द्र गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 हरीशचन्द्र गुप्ता | वरासत |
| 10. | कुम्हारन टोला | 1 | मकान-पक्का | श्रीमती रामकली पत्नी मुलई | श्रीमती पुष्पा वर्मा पत्नी उमाकान्त | विक्रय-पत्र |
| 11. | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान-पक्का | श्री प्यारेलाल श्रीवास्तव पुत्र दुनियापति | श्रीमती सुशीला श्रीवास्तव पत्नी स्व0 प्यारेलाल श्रीवास्तव, रजनीश श्रीवास्तव पुत्र प्यारेलाल श्रीवास्तव, रूपाली श्रीवास्तव पत्नी स्व0 राजीव श्रीवास्तव, अर्श श्रीवास्तव पुत्र स्व0 राजीव कुमार श्रीवास्तव | वरासत |
| 12. | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान-पक्का | श्रीमती रूपाली श्रीवास्तव पत्नी स्व0 राजीव कमार श्रीवास्तव व हैसियत संरक्षिका सगी माता, अर्श श्रीवास्वत नावा0 पुत्र राजीव कुमार श्रीवास्तव | श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र प्यारेलाल श्रीवास्तव | विक्रय-पत्र |
| 13. | कुम्हारन टोला | 1 | मकान-पक्का | श्रीमती रामप्यारी पत्नी मुन्ना लाल | श्रीमती आरती पत्नी दिनेश चन्द्र | विक्रय-पत्र |
| 14. | गोकर्णवार्ड | 10 | भू-भाग | श्री गनेश शंकर गुप्ता पुत्र बराती लाल गुप्ता | श्रीमती संतोष देवी पत्नी ईश्वरचन्द | दान-पत्र |
| 15. | भूड़वार्ड | 25 | भू-भाग | श्री मधुकर मेहरोत्रा पुत्र जगदीश नरायन मेहरोत्रा | श्री गगन साहनी पुत्र ओमप्रकाश साहनी | विक्रय-पत्र |
| 16. | कुम्हारन टोला | 20 | मकान-पक्का | श्रीमती जलीपा देवी पत्नी बनवारी लाल | श्रीमती ऊषा पत्नी गंगाराम पुत्री स्व0 प्यारेलाल | दान-पत्र |
| 17. | पा.दी. | 11 | मकान-पक्का | श्री रफीक अहमद पुत्र तसद्दुक हुसैन | श्रीमती शाकिरा बेगम पत्नी स्व0 रफीक अहमद, रईश अख्तर, मोवीन अख्तर पुत्र स्व0 रफीक अहमद | वरासत |
| 18. | भूड़वार्ड | 7 | मकान-पक्का दो | श्रीमती उर्मिला देवी गुप्ता पत्नी जगदीश प्रसाद | श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद गुप्ता | वरासत |
| 19. | भूड़वार्ड | 7 | मकान-पक्का | श्रीमती शीला देवी पत्नी होरी लाल सोनी | श्री राजेन्द्र कुमार सोनी पुत्र होरी लाल सोनी | वरासत |
| 20. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्री रामपाल, राजेन्द्र, रामगोपाल पुत्र राजाराम | श्रीमती कामिनी वर्मा पत्नी राघवेन्द्र कुमार वर्मा | वसीयत |
| 21. | गोकर्णवार्ड | 10 | मकान-पक्का | श्री सत्यपाल वर्मा पुत्र हेमराज वर्मा | श्री अशोक कुमार पुत्र कन्हैया लाल | विक्रय-पत्र |
| 22. | गोकर्णवार्ड | 6 | मकान-पक्का | श्रीमती शान्ती देवी पत्नी रामलडेते त्रिवेदी | श्री अभय शुक्ला पुत्र रविशंकर शुक्ला | विक्रय-पत्र |
| 23. | मुन्नूगंज | 12 | मकान-पक्का | श्री अमनजोत सिंह सोनी पुत्र महेन्द्र सिंह, सुखप्रीत कौर पत्नी जसविन्दर सिंह पुत्री महेन्द्र सिंह व सुखविन्दर कौर पत्नी जगजीत सिंह पुत्री महेन्द्र सिंह | श्री देवेन्द्र कुमार, राजीव चन्देल पुत्र खजान सिंह | वसीयत |
| 24. | प.दी. | 11 | भू-भाग | श्री जमाल सफी अहमद खान पुत्र सफिउल्ला खां निगार फातिमा पत्नी मो0 जावेद स्वयं व हैसियत संरक्षिका सगी माता शावेश खां ना0बा0 पुत्र जावेद अहमद व सिदरा ना0बा0 पुत्री जावेद अहमद | श्रीमती खुशनुमा बानो पत्नी अशफाक खां | विक्रय-पत्र |
| 25. | कुम्हारन टोला | 1 | मकान-पक्का | श्री अरूण कुमार पुत्र रमेश चन्द्र वर्मा | श्रीमती साधना देवी पत्नी राम किशोर त्रिवेदी | विक्रय-पत्र |
| 26. | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान-पक्का | श्रीमती रेशमा बेगम पत्नी मो0 सलीम खां | श्री अमन खान पुत्र अलसहाब | विक्रय-पत्र |
| 27. | मुन्नूगंग | 5 | भू-भाग | श्री आविद अली पुत्र अच्छन अंसारी | श्रीमती रूचि मिश्रा पत्नी जितेन्द्र कूमार मिश्रा | विक्रय-पत्र |
| 28. | गोकर्णवार्ड | 22 | भू-भाग | श्री फूलचन्द गुप्ता पुत्र बाबूराम | श्रीमती विमला देवी पत्नी तिलक राम | विक्रय-पत्र |
| 29. | मुन्नूगंज | 12 | भू-भाग | श्रीमती मीना देवी पत्नी सुरेश कुमार श्रीवास्तव | श्री अवधेश सिंह पुत्र हरिपाल सिंह | विक्रय-पत्र |
| 30. | गोकर्णवार्ड | 6 | मकान-पक्का | श्री सरजू पुत्र मैकू लाल | श्री विमलेश कुमार पुत्र स्व0 सरजू | वरासत |
| 31. | भूड़वार्ड | 7 | मकान-पक्का | श्रीमती संतोष देवी पत्नी नन्हे लाल | श्रीमती रेनू देवी पत्नी मुकेश कुमार | विक्रय-पत्र |
| 32. | मुन्नूगंज | 9 | मकान-पक्का | श्री ज्ञानचन्द पुत्र बूधर राम | श्री रामनिवास शर्मा, सोनू शर्मा, पुत्र स्व0 ज्ञान चन्द शर्मा | वरासत |
| 33. | गोकर्णवार्ड | 6 | भू-भाग | श्रीमती चौहरजा देवी पत्नी स्व0 धर्मराज | श्री राकेश द्विवेदी, मनोज कुमार द्विवेदी पुत्र धर्मराज द्विवेदी | वरासत |
| 34. | गोकर्णवार्ड | 19 | मकान-पक्का | श्री बिहारी लाल पुत्र मोहन लाल, पराग नरायन पुत्र जैराखन लाल | श्री श्रीराम त्रिपाठी पुत्र जैराखन लाल त्रिपाठी | न्यायालय आदेश / समझौता |

**उपजिलाधिकारी / अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ-खीरी**

सेवितव्यो महावृक्ष : फ़लच्छाया समन्वित : ।
यदि देवाद फलं नास्ति, छाया केन निवार्यते ।।

विशाल वृक्ष की सेवा करनी चाहिए क्योंकि वो फल और छाया दोनो से युक्त होता है। यदि दुर्भाग्य से फल नहीं हैं तो छाया को भला कौन रोक सकता है।

संपादकीय

# गहरे हुए बहुआयामी संबंध

पिछले नौ वर्षों में व्यापार और निवेश, रक्षा, सुरक्षा, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा और शिक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ भारत का सहयोग कई गुना बढ़ा है। इसी तरह भारत और कतर के बहुआयामी संबंध सभी क्षेत्रों में गहरे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यूएई और कतर की यात्रा पर रवाना होने से पहले कहा कि हमारा सांस्कृतिक और लोगों से लोगों का जुड़ाव पहले से कहीं अधिक मजबूत है। वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री मोदी की यूएई की सातवीं और कतर की दूसरी यात्रा होगी। वे बुधवार को दुबई में वैश्विक शासन शिखर सम्मेलन में विश्व नेताओं की सभा को संबोधित करेंगे। यह यात्रा दोनों देशों के बीच गहरे एवं बहुमुखी संबंधों को रेखांकित करती है। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों के बढ़ते महत्व को दर्शाती है। संयुक्त अरब अमीरात में 3.3 मिलियन से अधिक प्रवासी भारतीय हैं। हर क्षेत्र में भारत और यूएई के बीच आर्थिक साझेदारी फली-फूली है। जहां वर्ष 2022-23 में द्विपक्षीय व्यापार 85 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार और दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। यूएई के साथ भारत का संबंध इसके सबसे प्रमुख द्विपक्षीय संबंधों में से एक के रूप में उभरा है। यूएई न केवल एक रणनीतिक साझेदार है, बल्कि खाड़ी क्षेत्र में भारत की संलग्नता में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों देशों के प्रमुख नेताओं के बीच घनिष्ठ संबंध को भी उजागर करता है। अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक करने और सेवा व्यापार को 15 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

चूंकि भारत और यूएई अपनी असाधारण रणनीतिक साझेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं, वे अभिसरण और पारस्परिक सम्मान के एक मॉडल का संकेत देते हैं जिसका भविष्य में और सुदृढ़ होना तय है। फिर भी ईरान और अरब देशों (विशेषकर यूएई) के बीच चल रहे संघर्ष के कारण भारत स्वयं को एक नाजुक राजनयिक स्थिति में पाता है। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद, भारत ने ईरान से तेल आयात करना जारी रखा। यह भारत की ईरान और अरब दुनिया दोनों के साथ अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक आगे बढ़ाने की आवश्यकता को उजागर करता है। इजराइल और हमास के बीच छिड़े युद्ध ने भी चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। क्योंकि इससे प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा संकट में पड़ गया है। अमेरिका और रूस जैसे देशों के साथ भारत की टू प्लस टू वार्ता की तरह संयुक्त अरब अमीरात के साथ समान उच्च स्तरीय वार्ता की शुरुआत लाभप्रद सिद्ध होगी।

# क्या सुलझ पाएगा असम और मिजोरम का अंतर्राज्यीय सीमा विवाद


दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मिजोरम और असम 9 फरवरी को लंबे समय से लंबित अंतरराज्यीय सीमा विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त प्रयास करने पर सहमत हुए हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वास सरमा ने 9 फरवरी की सुबह अपने मिजोरम समकक्ष लालडुहोमा को भोजन पर आमंत्रित किया, जो इस समय गुवाहाटी में हैं और दोनों नेताओं ने सीमा मुद्दे पर चर्चा की। बैठक के दौरान लालडुहोमा और सरमा ने दोनों पूर्वोत्तर राज्यों के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की। दोनों नेता तब तक सीमाओं पर शांति बनाए रखने पर भी सहमत हुए जब तक दोनों पड़ोसी राज्य सीमा वार्ता करते रहेंगे। सरमा ने लालडुहोमा से कहा कि असम विधानसभा का चालू बजट सत्र समाप्त होने पर वह सीमा प्रभारी मंत्री को मिजोरम भेजेंगे।

मिजोरम के तीन जिले-आइजोल, कोलासिब और ममित-असम के कछार, कर्मगंज और हैलाकांडी जिलों के साथ 164.6 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं। दोनों पड़ोसी राज्यों के बीच सीमा विवाद एक लंबे समय से चला आ रहा मुद्दा है, जो मुख्य रूप से दो औपनिवेशिक सीमांकन से उत्पन्न हुआ है।

मिजोरम का दावा है कि बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) 1873 के तहत 1875 में अधिसूचित इनर लाइन आरक्षित वन का 509 वर्ग मील क्षेत्र उसके क्षेत्र में आता है। दूसरी ओर असम ने 1933 में भारतीय सर्वेक्षण विभाग द्वारा तैयार किए गए मानचित्र में दिखाई गई सीमा को अपनी संवैधानिक सीमा माना है। इनर लाइन आरक्षित वन के भीतर के विशाल क्षेत्र अब असम के अंतर्गत आते हैं। इसी तरह 1933 के सीमांकन के अनुसार क्षेत्र का एक निश्चित हिस्सा अब मिजोरम की तरफ है। दोनों राज्यों के बीच सीमाओं का कोई जमीनी सीमांकन नहीं है।

मिजोरम और असम के बीच सीमा विवाद ने जुलाई 2021 में एक बदसूरत मोड़ ले लिया था जब दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच अंतर-राज्यीय सीमा पर गोलीबारी हुई, जिसमें छह पुलिसकर्मियों और असम के एक नागरिक की मौत हो गई। हालांकि, यह पहली बार नहीं था कि राज्यों के बीच टकराव हुआ। अक्टूबर-नवंबर 2020 में दोनों राज्यों के स्थानीय लोग एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ गए थे। असम की ओर से स्थानीय लोगों ने मिज़ोरम की ओर माल ले जाने वाले ट्रकों को रोक दिया। दूसरी ओर मिज़ोरम सुरक्षा बल सीमाओं पर खाइयां खोदते और बंकर बनाते देखे गए। 17 अक्टूबर को स्थिति तब ख़राब हो गई जब 20 दुकानें जला दी गईं और दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोग घायल हो गए।

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है।

दोनों राज्यों के बीच विवाद ब्रिटिश औपनिवेशिक काल से चला आ रहा है। अगस्त 1875 में अंग्रेजों ने लुशाई पहाड़ियों (अब मिजोरम) और कछार के मैदानों (अब असम का जिला) के बीच एक सीमा खींची थी। मिज़ो लोगों का मानना है कि यह एक मात्र मौका था जब ऐसा उनके प्रमुखों के परामर्श से किया गया था। बाद में 1933 में लुशाई हिल्स और तत्कालीन मणिपुर रियासत के बीच सीमा का सीमांकन किया गया। यह सीमांकन विवाद की असली जड़ बन गया है क्योंकि मिज़ो लोग इसे स्वीकार नहीं करते हैं और 1875 के सीमांकन की ओर इशारा करते हैं, जो बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन (बीईएफआर) अधिनियम, 1873 (जिसे इनर लाइन रेगुलेशन के रूप में भी जाना जाता है) से लिया गया है।

मिजोरम, जिसे 'लुशाई हिल्स' के नाम से भी जाना जाता है, असम का हिस्सा था और 1972 में केंद्र शासित प्रदेश बन गया और बाद में 1987 में पूर्ण राज्य बन गया। यह असम के साथ 164 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। असम के कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिले की सीमा कोलासिब, ममित और मिजोरम के आइजोल जिले से लगती है। दोनों राज्यों ने एक दूसरे पर जमीन पर कब्ज़ा करने का आरोप लगाया है। मिजोरम के गठन के सात साल बाद 1994 में पहली झड़प हुई। केंद्र सरकार की ओर से दोनों राज्यों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद तनाव बरकरार रहा।

दोनों राज्यों के बीच टकराव ने देश के भीतर राज्य की सीमाओं के निर्धारण में दोष को रेखांकित किया है। झड़प की तीव्रता को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि दोनों राज्यों की राज्य सरकारों ने आधिकारिक तौर पर असम के मुख्यमंत्री सहित प्रत्येक पक्ष के अधिकारियों पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। मामले को और बदतर बनाते हुए, असम सरकार ने लोगों को मिजोरम की यात्रा न करने की सलाह भी जारी की और मिजोरम में रहने वाले अपने लोगों से अत्यधिक सावधानी बरतने को कहा। दूसरी ओर मिजोरम लगातार असम के उपद्रवियों पर राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने और रेलवे ट्रैक को हटाने का आरोप लगाता रहा, जिससे राज्य में आर्थिक नाकेबंदी हो रही थी। एनएच-306 को मिजोरम की जीवन रेखा माना जाता है क्योंकि यह राज्य को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है।

बाद में यथास्थिति बनाए रखने के लिए गृह मंत्रालय ने राज्य बलों के बीच आगे की झड़पों से बचने के लिए एक तटस्थ बल यानी सीआरपीएफ को तैनात किया। इसके बाद दोनों राज्यों ने एक संयुक्त बयान जारी किया और चर्चा के माध्यम से चल रहे अंतर-राज्य सीमा तनाव को कम करने की इच्छा जताई। संयुक्त बयान में कहा गया कि-'दोनों राज्य अपने संबंधित वन और पुलिस बलों को गश्त, प्रभुत्व, प्रवर्तन या किसी भी ऐसे क्षेत्र में नई तैनाती के लिए नहीं भेजेंगे जहां हाल ही में दोनों राज्यों के पुलिस बलों के बीच टकराव और संघर्ष हुआ हो।'

असम का अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के साथ प्रमुख सीमा विवाद है। नागाओं ने सबसे पहले वृहद नागालैंड के लिए मानचित्र को फिर से बनाने की मांग की थी, और विवाद की जड़ 1963 में इसके गठन में थी। असम-नागालैंड सीमा पर बड़ी झड़पें 1968, 1979, 1985 और 2014 में हुई। असम-मिजोरम सीमा संघर्ष के बाद, असम ने पूर्वी मोर्चे पर गतिरोध को कम करने के लिए नागालैंड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए और अदालत के हस्तक्षेप के बिना सीमा विवादों को हल करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के साथ काम कर रहा है। असम की अरुणाचल प्रदेश के साथ 804.1 किमी लंबी सीमा लगती है और दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद है।

इसी तरह स्थानीय लोगों की सहमति के बिना असम राज्य के पुनर्गठन का नतीजा असम-मेघालय सीमा पर भी देखा जा सकता है। मेघालय 1970 में असम से अलग होकर बना और 1972 में पूर्ण राज्य बन गया। हालांकि, मेघालय ने जैंतिया पहाड़ियों के ब्लॉक I और ब्लॉक II को मिकिर पहाड़ियों (असम में) और गारो पहाड़ियों के क्षेत्रों को असम के गोवालपारा जिले में स्थानांतरित करने को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। इस प्रकार इन झड़पों का मुख्य कारण लोगों की पहचान की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है। पूर्वोत्तर के लोगों के मन में अलग-थलग होने का डर बहुत गहरा बैठ गया है। वे ढांचागत विकास परियोजनाओं की लालसा से अधिक अपनी पहचान, संस्कृति और पैतृक भूमि की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा लगाते हैं।

प्रसंगवश

# यहां हर रंग वासंती निराला ही निराला है

वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है।

वसंत ऋतुराज है। प्रकृति के सौंदर्य का चरमोत्कर्ष। जिस ओर दृष्टि जाती है उस ओर धरा का आंचल अनूठे रंगों से हरा-भरा दिखाई देता है। मान्यता है कि वसंत पंचमी के दिन पृथ्वी की अग्नि सृजन की ओर दिशा करती है जिसके कारण शरद ऋतु में शिथिल पड़ चुके पेड़-पौधे, जीव-जंतु अपनी आंतरिक अग्नि को प्रज्ज्वलित कर नवीन सृजन की ओर उन्मुख हो जाते हैं। सृजन का यह स्वर समूची सृष्टि में व्याप्त हो वसंत का उद्घोष करता है। यह उद्घोष समस्त प्राणियों में उल्लास का संचार करता है।

वसंत आध्यात्मिक भावों के सहज आगमन का समय है। मां वीणा वादिनी की आराधना का महोत्सव। मां सरस्वती, जो हमें अज्ञान के अंधेरों से ज्ञान के आलोक में ले जाती हैं, जो असत्य में सत्य का बोध कराती हैं, जो मृत्यु से अमरत्व का मार्ग सुझाती हैं। जो हमारी चेतना को सजीवता प्रदान करती हैं। मांगलिक कार्यों में शुभफल दायी वसंत पंचमी मां वाग्देवी का आशीर्वाद और वरदान है ।


डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.


वसंत मधुमास है। इस समय नव कुसुमों-पल्लवों से अनुपम श्रृंगार धारण किए प्रकृति की हर लय में मौजूद संगीत को सहज ही अनुभव किया जा सकता है। वसंत प्रकृति में नव गति, नव लय और ताल का अनुपम संगीत है। प्रकृति और परिवेश में नवोन्मेष का समय। प्रकृति की हर लय में वसंत अनुपम सौंदर्य और मोद बनकर उतरता है। हताश- निराश मन-प्राणों में आशा और प्रेम की पुलक भर देता है। वसंत वसुधा का सौंदर्य है। उल्लास का महापर्व है। चहूं दिश पसरी हरीतिमा और खेतों में लहराती पीली सरसों बरबस ही मन को आकर्षित करती है। शुभता का प्रतीक पीला रंग मन में असीम आनंद की अनुभूति जगाता है। वसंत मन की मौज का मौसम है। जीवन में सकारात्मकता का सशक्त संदेश है ।

वसंत कामदेव का मित्र है और प्रेम का पर्व। कामदेव पुष्पों का धनुष धारण करते हैं और 'अनंग' के रूप में प्राणियों में बसते हैं। सुकुमार अनंग को 'मार' भी कहा जाता है क्योंकि इनके बाणों से बचने का कोई रास्ता नहीं है। वसंत अपने मित्र कामदेव को नव कुसुमों से सज्जित धनुष बाण उपलब्ध कराता है जिसकी मार से कोई भी बच नहीं पाता और प्रेममय हो जाता है।

गुनगुनाती धूप, सरस परस करती मोदमयी वायु, नव कुसुमों-पल्लवों का संस्पर्श, वृक्षों पर झूलते-फूलते पलाश, बौर की सुगंध, कोयल की मनमोहिनी कूक, तनभावन तापमान ये सब वासंती उपकरण हैं जो वसंत को महज मौसम नहीं बल्कि प्रेम का महापर्व बना देते हैं।

वसंत और साहित्य का गहरा नाता है। साहित्याकाश के जाज्वल्यमान नक्षत्र महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला 'वसंत के अग्रदूत' कहे जाते हैं । यह अद्भुत संयोग ही है कि हिंदी की डाल के इस निराले पुष्प के अवतरण हेतु प्रकृति ने वसंत को चुना। वसंत सर्द मौसम के थपेड़ों के बाद आता है। यह भी संयोग ही है कि निराला जी का जीवन तमाम संघर्षों से घिरा रहा लेकिन वासंती उल्लास इन तमाम जीवन संघर्षों पर भारी रहा। उनका जीवन अभावों से घिरा रहा लेकिन मन-प्राण में वसंत चहकता महकता रहा। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की यही विशेषता उन्हें 'महाप्राण' बनाए रही। वसंत पंचमी के साथ महाकवि निराला की याद वैसे ही जुड़ी हुई है, जैसे वे दोनों दो शरीर एक आत्मा हों। निराला ने 'हिंदी के सुमनों' को संबोधित करते हुए जो कविता लिखी है, उसमें अपने को 'वसंत दूत' ही कहा है। उन्होंने हिंदी में वसंत पर सर्वश्रेष्ठ रचनाओं द्वारा इस कथन को सिद्ध भी किया। निराला जी कहना था कि 'मैं बाहर से खाली कर दिया गया हूं लेकिन भीतर से भर दिया गया हूं'। निस्संदेह यह निराला जी के जीवन का जटिल यथार्थ था जिसे वसंत जीवंत बनाए रहा। तब ही तो वे आवाहन करते रहे-मेरे बसन्त की परी-छवि-विभावरी;सिहरो, स्वर से भर भर, अम्बर की सुन्दरी-छबि-विभावरी' वसंत निराला है और निराला वसंत।

# फिर कुत्ते कहां जाएं


पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

देश के हर ऐसे इलाके में जहां आबादी का विस्तार हो रहा है लेकिन जमीन काम पड़ रही है वहां कुतों को खाना खिलाने वाले और कुत्तों से डरने वालों में टकराव साल-दर साल बढ़ रहा है। सवाल यह है कि आखिर कुत्ते जाएं कहां? युगीन से तो वे इंसान के साथ, बस्ती में ही रहते रहे हैं। यदि पौराणिक ग्रंथों और अतीत में झांकें तो जानकारी मिलती है कि इंसान और कुत्ते का साथ कोई बारह हज़ार साल से है। मनुष्य ने अपने धरती पर पैदा होने के बाद सबसे पहले कुत्ता पालना शुरू किया था। हमें पाषाण काल (नव पाषाण काल लगभग 4000 ईसा पूर्व से 2500 ईसा पूर्व) के मानव कंकाल के साथ कुत्ता दफनाने के साक्ष्य बुर्जहोम (जम्मू कश्मीर) से प्राप्त हुआ है। आदि काल में कुत्ता इंसान को शिकार करने में मदद करता था, फिर वह घर व फसल की सुरक्षा भी करता था, सबसे बड़ी बात कम भोजन में भी वफादार बने रहने के उसके गुण ने आज कुत्ते को इंसान द्वारा पाले जाने वाले सबसे विश्वस्त और सर्वाधिक संख्या का जानवर बना दिया।

ऐसा भी नहीं है कि शहरों में कुछ कुत्ते हिंसक नहीं हो रहे हैं, लेकिन विचार करना ही होगा कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है शहर में जमीन का संकट तो है ही फिर बहुमंजिला इमामर्तों ने कुत्तों से वह देहरी छीन ली जिस अपर बैठ कर वह बगैर पालतू बने ही चौकीदारी किया करता था। कथित सोसायटी में बगीचा, घूमने के स्थान, आदि को संकुचित किया जा रहा है और यदि वह बचे इंसान में कोई कुत्ता आ जाता है तो इंसान को लगता है कि यह उसकी जगह पर कब्जा कर रहा है। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) दुनिया में 36 प्रतिशत कुत्ते के काटने से होने वाले रैबीज़ से मौत के मामले भारत में होते हैं। जो कि 18,000 से 20,000 है। रेबीज़ से मौतों में से 30 से 60 प्रतिशत मामलों में पीड़ित की उम्र 15 साल से कम होती है। हालांकि कुत्ता इंसान पर निर्भर रहने वाला जानवर है लेकिन समझना होगा कि कुत्तों में पीछा करने की आदत होती है। ऐसे में कुत्ता देखा कर भागने वाले कुत्तों का शिकार बन जाते हैं। अगर कुत्ते को लगता है कि आप बलवान हैं, तो वो शायद आप पर हमला न करें।

शहरीकरण के चलते शोर, ट्रेफिक, प्रदूषण, बेतरतीब पड़े कचरे से मांसाहारी खाना और फिर उसका चस्का लग जाना, वाहन और परिसरों में रोशनी की चकाचौंध भी ऐसे कारण हैं जो कुत्ते को हिंसक बना रहे हैं।

सोशल मीडिया पर यदा कदा ऐसे वीडियो दिख जाते हैं जिनमें कुत्ते किसी बच्चे या बुजुर्ग पर हमला करते दिख जाते हैं। इसके बाद बहुत से लोग आशंका में ही आवारा कुत्तों पर चिल्लाते हैं, उन्हें लात मारते हैं, उन पर पत्थर फेंकते हैं, उन पर गर्म पानी या तेजाब फेंकते हैं, उन्हें जहर देते हैं या उन्हें अन्य तरीकों से दुर्व्यवहार करते हैं, तो कुत्ते खुद को या अपने पिल्लों की रक्षा करने की आवश्यकता महसूस करते हैं। समझना होगा कि शहर में बंदर या कस्बों में आवारा सांड अधिक नुकसान और इंसान की मौत का कारक बन रहे हैं, इसके बावजूद उनके प्रति इतना रोष या नफरत दिखती नहीं।

आवारा कुत्तों की संख्या न बढ़े, उन्हें एंटीरेबीज, एंटी डिस्टेम्पर टीके सही समय पर ल-इसके लिए स्थानीय निकाय लापरवाह हैं, वहीं समाज में बहुत से लोगों के लिए ऊंची नस्ल का कुत्ता स्टेट्स सिम्बल है लेकिन वे उससे एक फीसदी कम खर्चे में पलने वाले देशी कुत्तों को पालने को राजी नहीं हैं। विदित हो केंद्र सरकार ने देशी नस्ल के कुत्तों को सुरक्षा बलों में स्थान दे कर संदेश भी दिया है कि हमारे कुत्ते किसी से कम नहीं हैं।

इंसान की कुत्तों के प्रति बढ़ रही नफरत के मद्देनज़र उत्तराखंड हाई कोर्ट का जुलाई-2018 में दिया गया वह आदेश महत्वपूर्ण है जिसमें लिखा था-'जानवरों को भी इंसान की ही तरह जीने का हक है। वे भी सुरक्षा, स्वास्थ्य और क्रूरता के विरूद्ध इंसान जैसे ही अधिकार रखते हैं।' वैसे जब तक समाज के सभी वर्गों तक यह संदेश नहीं जाता कि प्रकृति ने धरती पर इंसान, वनस्पति और जीव जंतुओं को जीने का समान अधिकार दिया, तब तक उनके संरक्षण को इंसान अपना कर्तव्य नहीं मानेगा। यह सही है कि जीव-जंतु या वनस्पति अपने साथ हुए अन्याय का ना तो प्रतिरोध कर सकते हैं और ना ही अपना दर्द कह पाते है। कुत्ता भी इंसान और प्रकृति के बीच के चक्र का अनिवार्य अंग है। उसे नए तरह के शहर और इन्संके अनुरूप ढलने में समय लगेगा लेकिन तब तक इंसान को ही उसके प्रति संवेदनशीलता दिखानी होगी।

सोशल फोरम

# मंझलों के दुख

जब पहलौटे (पहला बच्चा) दुनिया में आते हैं, तो शहनाइयां बजती हैं। मिठाई बांटी जाती है। उनकी हर किलकार हर अदा पर मां-बाप बलिहारी जाते हैं। उन्होंने पहला शब्द क्या बोला, पहली बार वे कौन सी तारीख को पैंया पैयां चले। दसियों श्रृंगार, सैकड़ो फोटो, हजारों चुंबन! वे राजकुमार होते हैं, जिन पर प्यार दुलार ही नहीं सारे साधन भी लुटाए जाते हैं। फिर एक दिन दूसरा बच्चा आता है। मंझला! अब तक सब कुछ एक बार हो चुका है। अब सब बासी है। महफिल में आ ही गए हो तो बैठ जाओ। मंझलों की जंग शुरू होती है। प्यार के लिए, ध्यान के लिए, साधनों के लिए। उनका मुकाबला उस बड़े भाई से है जो आकार में, दिमाग में, हुनर में बहुत बड़ा है। वे उससे जीत नहीं सकते। वे क्या करें? वे कैसे बताएं कि इस ज़मीं और आसमां के दरम्यां हम भी हैं।


संजय वर्मा
इंदौर

फिर वे तिकड़मी हो जाते हैं। या एक अलग दुनिया बसाते हैं। मोहल्ले में अपने जैसे बच्चों के साथ एक समानांतर परिवार बसा लेते हैं। जो प्यार और सम्मान घर पर नहीं मिला, वे इस नई दुनिया में ढूंढ लेते हैं। पर यह ब्लेसिंग इन डिसगाइज़ है.., आपदा में अवसर है। वे जीना, प्यार करना और देना सीखते है। उनके पास बड़कों के मुकाबले बेहतर और ज्यादा दोस्त होते हैं। पहलौटे बेशक तेज दिमाग, ज्यादा महत्वाकांक्षी, नियम अनुशासन वाले और बेहतर नेतृत्व करने वाले होते हैं। इसलिए अमेरिका के 44 राष्ट्रपतियों में से 28 पहलौटे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले 23 यात्रियों में से 21 पहलौटे थे। मंझले अंतरिक्ष नहीं गए। उन्होंने यहीं अपनी दुनिया बसाई। अपनी तिकड़मों, जुगाड़ों से अच्छे व्यापारी बने। जुगाड़ के लिए अगर कोई नोबल पुरस्कार होता तो वह किसी मंझले को ही मिलता। मगर दुनियावी सफलताओं के बावजूद मंझलों के मन में टीस उठती है। क्यों ऐसा हुआ कि बड़कों को सम्मान और छुटकों को सारा लाड़ मिला? उनके दर्द की कहानी अब कोई क्या ही लिखेगा? वैसे भी वे पृथ्वी पर कुछ आखिरी लोग बचे है। हम दो हमारे दो के बाद हम एक और हमारा एक राजकुमार की दुनिया में मंझले एक विलुप्त प्राय प्रजाति के सदस्य हैं। इसीलिए अब क्या ही फर्क पड़ता है।

-फेसबुक वॉल से

# कोई तो है


डा. श्रीधर द्विवेदी
नई दिल्ली

किसने बनाया यह अद्भुत मानव शरीर। दी ऐसी सुगठित काया। बेजोड़ नर तन जिसमें अहर्निश कार्य करने वाला, कभी न थकने वाला हृदय -संचरण तंत्र है, सोचने-बूझने वाला सुपर संगणक मस्तिष्क है, आपाद मस्तक नाड़ी समूह सुषुम्ना है, निरंतर सांस लेने लिए के लिए अप्रतिम श्वसन तंत्र और खान-पान पाचन के लिए अतुलनीय पाचन तंत्र तथा उत्सर्जन के लिए अद्भुत उत्सर्जन अंग-प्रत्यंग वृक्क तंत्र हैं सब कुछ ऐसा व्यवस्थित और सुनियोजित कि उसका कोई तोड़ नहीं। प्रजनन शक्ति प्रदान करता है। त्वचा जैसी सुविस्तृत, सांगोपांग सुरक्षा देता है। ऐसी अद्भुत नैसर्गिक मानव मशीन किसकी संरचना है? देखने को आंखें, सुनने को कान, सूंघने को नाक, और स्वाद के लिए जिह्वा जो वाणी का भी काम करें। महाकवि सूरदास और स्वामी रामभद्राचार्य जैसे ज्ञानी पुरुषों को जिन्हें बहिर्चक्षु नहीं थे उन्हें अन्तर्चक्षु किसने प्रदान किए? गूंगे को वाचाल किसने बनाया? दिव्यांग अरुणिमा सिन्हा एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने की अदम्य शक्ति कौन देता है। निषाद पुत्र महर्षि वेदव्यास को महाभारत जैसा महाकाव्य लिखने की प्रेरणा किसने दी? कौन मछुआरे की संतान एपीजे कलाम को महान वैज्ञानिक और मिसाइल पुरुष बना देता है। आज से पांच-छह सौ वर्ष पूर्व निर्धन गिरमिटिया मजदूरों को स्वदेश से सुदूर फ़िजी, मारीशस, सूरीनाम, दक्षिणी अफ्रीका आदि स्थानों में अत्यंत विकट परिस्थितियों में गीता और रामायण के सहारे जीवन यापन किया। अपनी जड़ें जमाईं। किस लीला -शक्ति के सहारे उनकी आज की पीढ़ियां बिमान प्रसाद, उप प्रधानमंत्री फ़िजी, प्रवीन जगन्नाथ, प्रधानमंत्री, मारीशस तथा चंद्रिका प्रसाद संतोखी, राष्ट्रपति सूरीनाम के रूप में प्रतिष्ठित-सुशोभित हैं। आखिर किस अदृश्य शक्ति के बल पर?

प्रश्न यह है कि किसने निर्माण किया ऐसे अद्वतीय प्राणि जगत की। किसने रचना की इस अखिल ब्रह्मांड की। अनंत उर्जा का स्रोत सूर्य, सुधाकर, पुथ्वीपुत्र मंगल, सौंदर्य का प्रतीक बुध, गुरू बृहस्पति, शुक्र, शनि, राहु और केतु का रचयिता आखिर कौन सी वह शक्ति है? कौन है वह अदृश्य सृष्टि का निर्माता? दिखता तो नहीं पर उसका प्रभाव सर्वत्र विद्यमान है। असंख्य प्राणी, अनगिनत योनियां, इतनी सारी वनस्पतियां, आकाश गंगा, अंतरिक्ष पिंड, अगाध तारे, पर्वत श्रेणियां, जल प्रपात और महासागर इन सबका नियंता वह कौन सत्ता है? सबके सब अतिविशिष्ट और अनूठे। कौन सी वह अलौकिक शक्ति है? आस्तिक उसे ईश्वर कहता है। नास्तिक उसे प्रकृति का नाम देता है। कोई उस निर्माता को साकार स्वरूप मानता है और विविध नाम देता है तो कुछ दूसरे उसे निराकार, अव्यक्त, अलिखित, अकल्पनीय और निरपेक्ष विराट शक्ति। आखिर कौन है वह महिमामयी शक्तिपुंज जिसने यह सब निर्मित किया? कोई तो है। संभवतः उस असीम शक्ति का साक्षात दर्शन करने वाले और छहत्तर वर्ष की अवस्था में रामायण जैसे महाकाव्य की रचना करने वाले महाकवि तुलसी ने मेरी इस जिज्ञासा का समाधान इन शब्दों में व्यक्त कर दिया जब वह लिखते हैं- 'सब कर परम प्रकासक जोई, राम अनादि अवधपति सोई'। पद बिनु चलहिं सुनहिं बिनु काना। कर बिनु करम करही विधि नाना।।' आनन रहित सकल रस भोगी। बानी बिनु बकता बड़ जोगी।।' 'तन बिनु परस नयन बिनु देखा। ग्रहहि घ्राण बिनु बास बिसेखा 'अस सब भांति अलौकिक करनी। महिमा अमित जाहि नहीं बरनी।।' इन कालजयी, शास्वत पंक्तियों को पढ़ने के पश्चात् अब किसी संदेह की संभावना ही कहां रह गई थी कि 'कोई तो है'?

# अर्थ संचय और धर्म की मर्यादा


ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

'बजाओ ढोल स्वागत' वाला रामधुन अभी परवान चढ़ ही रहा है कि कुरूक्षेत्र वाले हुंकार और शंखनाद की आवाजें आने लगी हैं। भगवान राम, हम सभी के लिए मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप मे पूजनीय हैं। मर्यादा की रक्षा एवं लोकहित के लिए उन्होने न केवल राज्यसुख व वैभव का परित्याग किया, बल्कि अपनी अभिन्न प्रियतमा सीता का भी वियोग सहा। महाभारत मे लोकलाज व मर्यादा का कोई स्थान नही था। येन केन प्रकारेण स्वार्थ एवं राज्य लिप्सा की सिद्धि।

साध्य ही सर्वोपरि रहा, एक से एक घटिया साधन अपनाए गए। परिणाम क्या रहा? गौरवशाली कुरूवंश, जिसमें कौरव और पांडव दोनों आते हैं, का लगभग समूल विनाश। एक एक करके सभी मर्यादाएं तार तार। पांचाली की बदजुबानी 'अंधे का पुत्र अंधा होता है' ने चीरहरण व महाभारत की नींव रखी। दुःशासन के रक्त से बेणी का श्रृंगार हुआ। नर व नारायण दोनों के लाडले अभिमन्यु के प्राणों की रक्षा न हो सकी। भगवान श्रीकृष्ण की, स्वयं की ही नारायणी सेना युद्धक्षेत्र में गुमनामी के अंधेरे मे खो गई। सभी पांडव पुत्र निद्रावस्था मे प्रतिशोध की हिंसा के शिकार हुए और मणिविहीन अश्वत्थामा लांछित होकर सदा के लिए दर दर भटकने को विवश हुआ। स्वर्गारोहण के समय सभी पांडव एक एक करके काल के ग्रास बने और धर्मराज युधिष्ठिर जब अकेले जीवित स्वर्ग पहुंचे तो सबसे पहले क्षण भर के लिए ही सही, नरक ही भोगना पड़ा। द्वापर का पलायन हुआ और कलिकाल का आधिपत्य। भगवान राम का जीवन हमें सीख लेने व उनका अनुकरण करने को प्रेरित करता है, महाभारत परोक्ष रूप से यह बताता है कि सर्वनाश से बचने के लिए हमें किन दोषों से दूर रहना चाहिए। काम और अर्थ का संचय धर्म की मर्यादा के अनुसार ही स्थायी और आनंददायी होता है।

### राज्यसभा के लिए सपा को अपना तीसरा प्रत्याशी जिताने को रहेगी एक वोट की आवश्यकता

# जया बच्चन समेत सपा के तीनों प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा के लिए समाजवादी पार्टी के तीनों उम्मीदवारों जया बच्चन, रामजी लाल सुमन और आलोक रंजन ने मंगलवार को नामांकन किया। विधानभवन के कमरा नंबर 48 में इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पार्टी महासचिव शिवपाल यादव, समेत अन्य विधायक मौजूद रहे।

मंगलवार को विधानभवन में निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे के समक्ष सपा के तीनों उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दस-दस प्रस्तावकों के हस्ताक्षर के साथ दाखिल किया। निर्वाचन अधिकारी व विधानसभा के विशेष सचिव ने बताया कि तीनों प्रत्याशियों ने दो-दो सेट में अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सभी उम्मीदवारों ने दोपहर 12 बजे नामांकन दाखिल किये।



राज्यसभा चुनाव के लिए सपा प्रत्याशी आलोक रंजन, जया बच्चन व रामजीलाल सुमन नामांकन पत्र दाखिल करने के उपरान्त अखिलेश यादव के साथ। ● अमृत विचार

**नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख कल :** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। नामांकन पत्रों की समीक्षा 16 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे से की जाएगी। मतदान 27 फरवरी को होगा और नतीजे उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

**तीसरे उम्मीदवार को जिताने को चाहिए एक वोट :** राज्यसभा सदस्य चुने जाने के लिए 37 विधायकों के वोट चाहिए। सपा के वर्तमान में 108 विधायक हैं, उसे तीन सीटों पर जीत के लिए 111 विधायकों की जरूरत है। चूंकि विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में सपा भी शामिल है, ऐसे में उसे कांग्रेस के दो विधायकों का समर्थन मिल जाएगा। उसे सिर्फ एक वोट की और जरूरत पड़ेगी।

**तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है सपा :** सपा के वरिष्ठ प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि रालोद के एनडीए में जाने से राज्यसभा चुनाव के नतीजे पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सपा गठबंधन के पास इतना संख्या बल है कि वह अपने तीनों उम्मीदवारों को जिता सकती है।

### 5 साल में 6 गुना बढ़ी जया की संपत्ति

**लखनऊ।** सपा की ओर से एक बार फिर राज्यसभा जाने को तैयार जया बच्चन ने मंगलवार को जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक उनके पास कुल 1001 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति है। उनकी संपत्ति 5 साल में 6 गुना बढ़ गई है। इनकम टैक्स रिटर्न के मुताबिक, जया बच्चन ने वित्त वर्ष 2022-23 में 1,63,56,190 रुपये की कमाई की थी। जबकि पांच साल पहले यानी 2018-19 में उनकी कमाई 25,54,410 रुपये थी। जया बच्चन ने नामांकन पत्र में अपने पति और दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन की संपत्ति का ब्योरा भी दिया है। जिसके मुताबिक वित्तीय वर्ष 2022-23 में अमिताभ बच्चन की कमाई 273,74,96,590 रुपये थी।

### आलोक-पत्नी के पास 12.50 करोड़ की संपत्ति

लखनऊ। पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन ने राज्यसभा के लिए जो नामांकन फार्म भरा उसके मुताबिक, उनके पास नकदी 20,000 रुपये की नकदी है। जबकि पत्नी के पास भी नकदी के रूप में इतने ही रुपये हैं। वहीं, विभिन्न बैंकों में कुल जमा राशि 1,42,77,924.11 रुपये हैं। पत्नी के नाम बैंकों में जमा 27,27,752.86 रुपये जमा हैं। पूर्व मुख्य सचिव का शेयर आदि में निवेश का मूल्य 2,67,26,526.31 रुपये जबकि पत्नी द्वारा शेयर आदि में निवेश का मूल्य 1,09,70,670.00 रुपये का है। आलोक रंजन के नाम से एक होण्डा सिटी और पत्नी के पास के महिन्द्रा केयूवी कार है। उनके स्वयं के पास ज्वेलरी है जिसकी कीमत करीब 4,00,000 रुपये है।

### रामजी लाल सुमन के पास 60 हजार की नकदी

लखनऊ। सपा के राज्यसभा उम्मीदवारों में से एक रामजी लाल सुमन के नामांकन फार्म से संबद्ध हलफनामे के मुताबिक, उनके पास मात्र 60 हजार की नकदी है। जबकि उनके कोई आश्रित भी नहीं हैं। उनके पास बैंक में डिपॉजिट एलआईसी और तीन लाख की ज्वेलरी समेत कुल स्थायी संपत्ति 37,18 हजार 189 रुपये हैं। जबकि लॉ ग्रेजुएट सुमन के पास 1 करोड़ 85 लाख कीमत की संपत्ति है।

# 36 हजार से अधिक छात्रों ने छोड़ी मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं

## मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल, फाजिल के परीक्षार्थी हुए सम्मिलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षाओं के आयोजन किये गए। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में 36 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने अपनी परीक्षाएं छोड़ी। परीक्षा में सीसीटीवी और सचल दस्तों द्वारा नजर रखी गई।

उप्र मदरसा बोर्ड की परीक्षा सोमवार से दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 24 हजार 353 छात्रों ने विभिन्न विषयों से जुड़ी अपनी परीक्षाएं छोड़ दी। दूसरी पाली 12 हजार के करीब छात्र अनुपस्थित रहे। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में कुल 36 हजार 353 छात्रो अनुपस्थित रहे। दो पालियों में आयोजित परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले 1 लाख 41 हजार 115 छात्रों में से 1 लाख 47 हजार 62 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। 73 जनपदों के 509 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी की बात सामने नहीं आई हैं। बोर्ड रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी लगे थे। जिन्हें राज्य मुख्यालय के कंट्रोल रूम से जोड़ा गया था। छिटपुट समस्या को छोड़कर कहीं कोई बड़ी समस्या सामने आने की सूचना नहीं मिली है।



▶▶ प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित हुई परीक्षाएं

### जिम्मेदार लेते रहे जानकारियां

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की निदेशक जे. रीभा और मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. इफ्तिखार अहमद जावेद संयुक्त रूप से इंदिरा भवन में स्थापित किये गए कंट्रोल रूम के सहारे दोनों पालियों की परीक्षाओं पर नजर रखते रहे। इस दौरान रजिस्ट्रार प्रियंका अवस्थी, बोर्ड सदस्य कमर अली सहित अन्य मौजूद रहे।

### दिव्यांग छात्रों ने भी दी बोर्ड की परीक्षा

मदरसा बोर्ड की परीक्षाओं में दिव्यांग छात्र भी उपस्थित रहे। श्रुति लेखकों द्वारा इनकी मदद की गईं। अलीगढ़, गोण्डा और प्रयागराज में छात्रों ने अपनी अपनी परीक्षाएं दीं।

## अखिलेश को लिखे पत्र में स्वामी ने दिखायी नाराजगी

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देते हुए पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को संबोधित पत्र में स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक राजनीतिक सुझाव का खुलासा करते हुए लिखा है कि, बीते साल जनवरी-फरवरी 2023 में मैंने आपके (अखिलेश) समक्ष सुझाव रखा कि जातिवार जनगणना कराने, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ों के आरक्षण को बचाने, बेरोजगारी व बढ़ी हुई महंगाई, किसानों की समस्याओं व लाभकारी मूल्य दिलाने, लोकतंत्र व संविधान को बचाने, देश की राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी हाथ में बेचे जाने के विरोध में प्रदेशव्यापी भ्रमण कार्यक्रम के लिए रथ यात्रा निकाली जानी चाहिए। इस पर आश्वासन के बाद भी कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस पत्र में अपने हिंदू धर्म एवं साहित्य को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों के कारण भी बताए। उन्होंने लिखा कि, मैंने पाखंड व आडंबर पर प्रहार किया, तो भी कुछ पार्टीजनों ने मुझे निशाना बनाया।

# शिक्षकों के पद खाली, कैसे संवरेगा छात्रों का भविष्य

राजीव शुक्ला, लखनऊ

▶▶ प्रवक्ता और सहायक अध्यापकों क 653 पद खाली

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग के अधीन प्रदेश में संचालित 94 आश्रम पद्धति विद्यालय में शिक्षकों के 653 पद खाली हैं। स्थायी तौर पर नियुक्ति न होने के कारण संविदा पर कार्यरत शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

बता दें कि आश्रम पद्धति विद्यालय में एक भी प्रधानाचार्य कार्यरत नहीं थे। हाल ही में पांच वर्षों से प्रवक्ता के पद पर कार्यरत शिक्षकों को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाया गया। 13 प्रधानाचार्य बनने के बाद उम्मीद जगी है कि शेष विद्यालयों को भी जल्द ही प्रधानाचार्य मिल जाएंगे। प्रवक्ताओं को पदोन्नति देकर प्रधानाचार्य बनाने के लिए 2004 की नियमावली का सहारा लिया गया। आश्रम पद्धति विद्यालय में 32 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं कार्यरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाता है। न्यायालय ने आदेश दिया था कि संविदा पर शिक्षकों को नहीं रखा जाएगा। विद्यालयों में स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति की जाए। समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोग को नियुक्त को लेकर अध्याचन भेजा जा रहा है। इसके बाद भी शिक्षकों की कमी है और संविदा पर तैनात शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो संविदा पर कार्यरत शिक्षक मनमानी तरीके से पढ़ा रहे हैं। कुछ शिक्षक उपस्थिति लगाकर गायब हो जा रहे हैं।

## सार-संक्षेप

### नहीं रहीं अभिनेत्री और सिंगर मलिका राजपूत



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मशहूर सिंगर और अभिनेत्री विजय लक्ष्मी उर्फ मलिका राजपूत की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार कोतवाली नगर के सीताकुंड मोहल्ले में मंगलवार को गायिका व अभिनेत्री का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका मिला। उनके परिवार के सदस्य सदमे में हैं। मलिका काफी दिनों से अवसादग्रस्त थी। मलिका की मां सुमित्रा सिंह ने बताया कि सोमवार रात पूरा परिवार घर में सो रहा था। उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर रखा था। रात दो बजे कमरे में लाइट जल रही थी। इस पर मां ने दो-तीन बार आवाज दी तो मलिका ने दरवाजा नहीं खोला। कोतवाली प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मलिका ने कंगना राणावत के साथ फिल्म रिवाल्वर रानी में काम किया था। इसके अलावा कई शार्ट फिल्में भी कर चुकी हैं।

### शादी के 6 दिन बाद ही दुल्हन जेवर-नकदी लेकर फरार

**सहारनपुर,एजेंसी :** जिले के जनकपुरी थाना इलाके में शादी के 6 दिन बाद ही नई नवेली दुल्हन अपने पति को दूध में बेहोशी की दवा पिलाकर ससुराल से सोने-चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर फरार हो गयी। पीड़ित पति की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने तहरीर के हवाले से बताया कि जनकपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सड़क दूधली निवासी विनोद उर्फ बिटटू की शादी 6 फरवरी को ग्राम दाबकी गुर्जर निवासी ओमप्रकाश की बेटी शिवानी से हुई थी। एसपी ने बताया कि शादी के 6 दिन बाद दुल्हन ने 11 फरवरी की रात अपने पति विनोद को दूध पीने को दिया जिसे पीते ही वह बेहोश हो गया। जैन ने शिकायत के हवाले से बताया कि शिवानी ने दूध में कोई दवा मिला दी थी। जैन ने बताया कि दुल्हन अलमारी से सोने चांदी के जेवर और डेढ़ लाख रुपये की नकदी लेकर भाग गयी। देर रात जब विनोद को होश आया तो उसने शिवानी को कमरे में नहीं पाया। अलमारी में सारा सामान बिखरा पड़ा था और सोने चांदी के आभूषण और डेढ़ लाख की नकदी गायब थी। जैन ने बताया कि विनोद ने अपनी ससुराल फोन किया तो ससुराल वालों ने भी अनभिज्ञता जाहिर की। इसके बाद पुलिस में तहरीर देकर मामला दर्ज कराया गया। जैन ने बताया कि पुलिस शिवानी के मोबाइल फोन का ब्यौरा जुटा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### छात्र का दिनदहाड़े अपहरण, कार पलटने से भागे बदमाश

**इटावा, अमृत विचार :** बीहड़ांचल के गांव से स्कूल जा रहे साइकिल सवार कक्षा पांच के छात्र को कार सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े अगवा कर लिया। पुलिस और गांव वालों के पीछा करने पर हड़बड़ाहट में बदमाशों की कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी, जिससे बदमाश कार और छात्र को छोड़कर भाग निकले। कार में फंसे छात्र को पुलिस ने निकालकर अस्पताल पहुंचाया। कस्बा चकरनगर के प्रमुख किराना व्यवसायी योगेश कुमार गुप्ता का 11 साल का बेटा कर्तव्य गुप्ता मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे साइकिल से घर से एक किमी की दूरी पर सेंट जोसियर स्कूल जा रहा था। रास्ते में कार सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और जबरन साइकिल से खींचकर कार में डालकर भागने लगे। सिकरोड़ी रोड की ओर भाग रहे बदमाशों को देखकर खेतों में काम करने वाले लोगों ने कार का पीछा शुरू कर दिया और पुलिस को घटना की सूचना दे दी। मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी और बदमाशों को दोनों ओर से घेर लिया गया। भरेह पुलिस ने थाने के पास कार को रोकने का किया प्रयास लेकिन बदमाश कार की रफ्तार तेज करके चंबल पुल की ओर भाग निकले। थाने के सिपाही सुमित कुमार ने अपाचे बाइक से कार का पीछा जारी रखा। बदमाश चंबल पुल पार करके भाग रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गयी। कार के पलटते ही बदमाश कार से कूदकर भाग निकले। कार में फंसे बच्चे को सिपाही सुमित कुमार ने जैसे तैसे निकाला। तब तक गांव के लोग भी पहुंच गये। छात्र को कार पलटने से चोटें आयी हैं।

# फर्जीवाड़ा करने वाले सहायक अध्यापकों पर 5 हजार का जुर्माना

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 2018 में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा 68,500 सहायक अध्यापकों की भर्ती परीक्षा में अनियमितता के मामले में कहा कि निष्पक्षता किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की आत्मा है। योग्यता के साथ कोई भी समझौता मेधावी उम्मीदवारों के विश्वास को हिला देता है और अगर परीक्षा प्रक्रिया में कुछ अनियमितता मिलती है तो न्याय के हित में तथा निष्पक्षता बनाए रखने को उसे ठीक करने का प्रयास करना चाहिए।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने उर्वशी व अन्य की याचिका को खारिज करते हुए याचियों को पांच हजार रुपए का जुर्माना उच्च न्यायालय कानूनी सेवा समिति के पक्ष में जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आगे कहा के मेधावी उम्मीदवारों की कीमत पर कम मेधावी उम्मीदवारों को सेवा में बने रहने की अनुमति नहीं है और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए विभाग द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया को अवैध नहीं कहा जा सकता है। दरअसल याचियों को सितंबर 2018 में परीक्षा परिणाम के आधार पर सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त किया गया था और 1 वर्ष बाद यानी सितंबर 2019 में शासनादेश के तहत उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसे वर्तमान याचिका में चुनौती दी गई है। मामले के अनुसार याचियों की उत्तर पुस्तिका और पुनर्मूल्यांकन तथा सारणीबद्ध चार्ट में अलग-अलग अंक प्रदान किए गए। कोर्ट ने मामले के तथ्यों को देखते हुए निष्कर्ष निकाला कि याचियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की गई है। उत्तर पुस्तिकाओं का प्रथम मूल्यांकन और पुनर्मूल्यांकन दोनों असंगत है।

# पहली बार महल में अबीर गुलाल खेलेंगे रामलला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में मनाए जा रहे रामोत्सव का रंग पवित्र पावन बसंत पंचमी के अवसर पर और गहरा होने जा रहा है। 500 वर्षों के बाद पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रंगोत्सव में अबीर और गुलाल खेलेंगे। इसे लेकर ट्रस्ट की ओर से व्यापक तैयारियां भी की गइं हैं। रामलला द्वारा पहली बार अपने महल में रंगोत्सव मनाए जाने को लेकर यहां आने श्रद्धालु भी अह्लादित हैं।

बसंत पंचमी पर अयोध्या धाम के मठ-मंदिरों में रंगोत्सव का परंपरागत आयोजित होता आ रहा है। 22 जनवरी को हुई प्राण-प्रतिष्ठा के बाद यह पहला मौका होगा जब टेंट और अस्थाई मंदिर से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए रामलला अपने खुद के भव्य महल में रंगोत्सव की परंपरा के तहत अबीर और गुलाल खेलेंगे।



इसके अलावा सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी समेत अयोध्या धाम के पाचं हजार मंदिरों में भी रंगोत्सव का बुधवार से प्रारंभ हो जाएगा, जो होली उत्सव तक अनवरत जारी रहेगा। बसंत पंचमी से अयोध्या के मंदिरों में भगवान व भक्तों के बीच अबीर-गुलाल के साथ जमकर होली खेलने की परंपरा शुरू होती है। 40 दिन तक मठ-मंदिरों में आरती पूजन के बाद भगवान को अबीर और गुलाल लगाते हैं। पुजारी भगवान के इस गुलाल का प्रसाद रंगोत्सव में शामिल भक्तों को देते हैं। पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के अनुसार इस दिन रामलला को प्रातः स्नान के बाद सुंदर वस्त्र और आकर्षक विशेष वस्त्र धारण कराए जाएंगे। आरती पूजन के बाद उन्हें अबीर गुलाल भी लगाए जाने के साथ विशेष व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा।

### मंगला आरती के साथ प्रारंभ होगा रंगोत्सव

अयोध्या धाम में रामलला के भव्य मंदिर के साथ बसंत पंचमी पर शुरू हो रहे रंगोत्सव में इस बार खास दृश्य रहेंगे। एक ओर जहां बड़ी संख्या में रामनगरी में मौजूद श्रद्धालु रामलला रंगोत्सव के साक्षी बनेंगे। वहीं हनुमानगढ़ी पर भी पारंपरिक ढंग से रंगोत्सव का विशेष कार्यक्रम होगा। बुधवार भोर में चार बजे मंगला आरती होगी। उसके बाद रामलला के शृंगार पूजन और अबीर गुलाल लगाए जाने के साथ रंगोत्सव विधिवत रूप से होली तक के लिए प्रारंभ हो जाएगा।

## वर्ग पहेली-342

**बाएं से दाएं**

4. मेंढक।

5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।

6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।

7. जीरा।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।

2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।

3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना, मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।

6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।




### वर्ग पहेली - 341 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 मॉं | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

## सुडोकू -59

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 4 | | 7 | |
| | | | | 3 | | | | 5 |
| 2 | | | | | 9 | | | |
| 6 | 5 | | | 7 | | | 8 | |
| | | | 1 | | 8 | | | |
| | 1 | | | 6 | | | 9 | 2 |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 9 | | | | 4 | | 3 | | |
| | 8 | | 3 | | | 1 | | |

### सुडोकू - 58 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| 7 | 2 | 4 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 5 |
| 3 | 5 | 8 | 1 | 9 | 7 | 6 | 2 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 3 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 |
| 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 फरवरी, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 12.09 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




त्योहार/व्रत/दिवस- वसंत पंचमी।
दिशाशूल- उत्तर। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 10.43 तक तत्पश्चात उत्तर अश्विनी।

**मेष** – आज जीवनसाथी से अपने मन की भावनाओं को शेयर कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको बड़ा धन लाभ होगा। कुछ नया सीखने और जानने की जिज्ञासा मन में रहेगी। स्वास्थ्य समस्या का समाधान होगा।

**वृष** – आज अपना मनोबल ऊंचा रखें। जॉब में उच्चाधिकारी आपसे नाराज हो सकते हैं। दूसरों की जवाबदारी लेने से बचें। राजनीतिक मामलों के प्रति आपकी रुचि बढ़ेगी। अनावश्यक कार्यों में धन का अपव्यय हो सकता है। तनाव जैसी परिस्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं।

**मिथुन** – आज आप उत्सव कार्यों में व्यस्त हो सकते हैं। आज आपको अपनी प्रतिभा दिखाने के भरपूर अवसर मिलेंगे। नया व्यवसाय शुरू करने के लिये दिन उत्तम है। आपके सहयोगात्मक व्यवहार के कारण लोग आपका काफी सम्मान करेंगे।

**कर्क** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव करना चाह रहे हैं, तो आज का दिन उत्तम है। मित्रों के साथ की अनबन आज दूर होगी। परिवार में शान्ति का माहौल रहेगा। परिवार को लेकर आप कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी आज ले सकते हैं।

**सिंह** – आज विदेशी कम्पनियों से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। किसी ऑनलाइन सेमीनार आदि में सम्मिलित हो सकते हैं। रिश्तेदारों के साथ आपने संबंध मधुर रहेंगे। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**कन्या** – आज जोखिम युक्त निवेश करने से बचें। आपको कुछ अध्यात्मिक अनुभव हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपका सम्मान बुरी तरह से प्रभावित हो सकता है। घर में अप्रसन्नता का माहौल रहेगा। बोलचाल के दौरान अपनी वाणी पर संयम रखें।

**तुला** – आज आप स्वास्थ्य को लेकर काफी सतर्क रहने वाले हैं। आपको किसी शुभ सूचना को लेकर प्रतीक्षा रहेगी। आर्थिक मामलों को लेकर दिन भाग्यशाली रहेगा। जीवनसाथी को प्रसन्न रखने के लिए उन्हें उपहार दे सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज कारोबार की परेशानियों का निदान होगा। परिस्थितियां आपके नियंत्रण में रहने वाली हैं। घर में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। मित्र और शुभचिन्तक आपको प्रेरित कर सकते हैं। म्यूचूअल फण्ड या किसी पुरानी पॉलिसी से आपको धन लाभ हो सकता है।

**धनु** – आज प्रेम संबंधों के प्रति आप समर्पित रहेंगे। नशे और बुरी आदतों से दूरी बना लें। वरना आपकी छवि खराब हो सकती है। घर के बुजुर्ग लोगों का ध्यान रखें। सर्वाइकल और हड्डियों में दर्द की शिकायत हो सकती है। छोटी-छोटी बातों को ज्यादा महत्व न दें।

**मकर** – आज कुछ समय एकान्त में अपनी मजबूती और कमजोरियों का मूल्याङ्कन अवश्य करें। अजनबी लोगों से आपको धोखा मिल सकता है। गैस और अपच की समस्या से परेशान हो सकते हैं। इसीलिये, सन्तुलित भोजन और जीवनशैली को अपनाना लाभप्रद होगा।

**कुंभ** – आज व्यापार में कुछ प्रभावी सुधार करने के लिए दिन अच्छा है। परिजन आपका मनोबल बढ़ाने में मदद करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन का आनन्द ले सकते हैं। धर्म-कर्म में भी आप अपनी सक्रियता बढ़ा सकते हैं।

**मीन** – आज का दिन आपके लिए बहुत शुभ नहीं है। घर से दूर रह रहे लोगों को परिजनों की चिन्ता रहेगी। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों का हस्तक्षेप न होने दें। किसी बड़े काम को लेकर फण्ड की समस्या हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
हम साथ साथ है
सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड
रात : 09.00

SONY MAX
हे बेबी
दोपहर : 12.53
तू झूठी मैं मक्कार
रात : 07.02

Utsav Gold
हमशक्ल
सुबह : 09.15
दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे
शाम : 06.00

ZEE CINEMA
सोचा न था
सुबह :09.25
कहो ना प्यार है
रात : 07.00

colors CINEPLEX
दोस्ताना
दोपहर : 12.34
दिल है तुम्हारा
शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

वैलेंटाइन डे पर मां-पापा के बाहर जाने के बाद लड़की अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोनकर बोली...
गर्लफ्रेंड – जानू मेरे घर आ जाओ ना,
लड़का– नहीं टाइम नहीं है,
गर्लफ्रेंड–अरे मेरे मम्मी पापा घर में नहीं हैं,
लड़का–झूठ मत बोल, पिछली बार यही बोल कर शॉपिंग पे ले गयी थी।

परीक्षा शुरू होने से पहले चिंटू अपने दोस्त बंटी को ज्ञान दे रहा था...
अगर परीक्षा में सवाल बहुत कठिन हो तो आंखें बंद करना,
गहरी सांस लेना और जोर से बोलना– ये सब्जेक्ट बहुत मजेदार है,
इसलिए इसे अगले साल फिर पढ़ूंगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 815 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1375, फ़ॉर्चून कि. 1715, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन लीo 1570, जय जवान 1435, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1545, राग गोल्ड 1530, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**- डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज 3090 (नई), बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# चावल की कुछ किस्मों के लिए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है सरकार

## वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार चावल की कुछ किस्मों के लिए नए एचएसएन कोड विकसित करने पर विचार कर रही है ताकि उन किस्मों का निर्यात किया जा सके जिनका पारंपरिक रूप से देश में लोग उपभोग नहीं करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

वर्तमान में गैर-बासमती सफेद चावल की सभी किस्मों के निर्यात पर प्रतिबंध है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) की प्रस्तुति के अनुसार, लाल चावल, काले चावल और कालानमक चावल जैसी जीआई



(भौगोलिक संकेतक) दर्जे वाले चावल की किस्मों के लिए अलग-अलग एचएसएन कोड पर काम जारी है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की भाषा में प्रत्येक उत्पाद को एचएसएन कोड (हारमोनाइज्ड सिस्टम ऑफ नोमेनक्लेचर) के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह दुनिया भर में वस्तुओं के व्यवस्थित वर्गीकरण में मदद करता है।

वाणिज्य मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि गैर-बासमती चावल की करीब 40-50 किस्में होती हैं। सरकार जब उसके निर्यात पर प्रतिबंध लगाती है, तो सोना मसूरी, गोविंद भोग, कालानमक या सामान्य सफेद गैर-बासमती चावल जैसी सभी किस्मों का निर्यात बंद हो जाता है। उन्होंने कहा कि चावल की कुछ अन्य किस्मों के लिए नया एचएसएन कोड उद्योग की मांग है, इसमें अंतर कैसे करें यह आंतरिक बहस का मुद्दा है। कहा-हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं ऐसा करने की जरूरत है या नहीं।

### संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद निर्णय लेगा मंत्रालय

सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है और यह निर्णय मंत्रालय संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद लेगा। वर्तमान में गैर-बासमती चावल के लिए छह एचएसएन कोड और बासमती चावल के लिए एक कोड है। चावल, चीनी और गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कृषि-निर्यात में नौ प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एपीडा की पहल के बारे में उन्होंने कहा कि इससे निर्यात किए जाने वाले कृषि उत्पाद तथा उनके गंतव्यों का विस्तार हुआ है। भारत ने सिंघाड़े और मखाने जैसी वस्तुओं का निर्यात भी शुरू कर दिया है। अतिरिक्त सचिव ने कहा-यह कृषि क्षेत्र को काफी मजबूती देता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,800–48,000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,200 |
| चांदी तैयार | 74,300 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,000 |
| चांदी पक्की | 720(अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,150 |
| चांदी आभूषण | 73,200। |

# गोल्ड ईटीएफ की चमक जारी, जनवरी में 657 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** सोने में निवेश को लेकर आकर्षण बना हुआ है। इसका पता इस बात से चलता है कि गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में जनवरी में 657 करोड़ रुपये निवेश किए गए, जो इससे पिछले महीने की तुलना में सात गुना है। उद्योग संगठन एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने यह जानकारी दी।

विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अमेरिका में उच्च मुद्रास्फीति के बीच निवेश के लिए सोना एक सुरक्षित विकल्प है। उद्योग संगठन के आंकड़ों से पता चलता है कि इस निवेश के साथ जनवरी के अंत तक गोल्ड फंड की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) 1.6 प्रतिशत बढ़कर 27,778 करोड़ रुपये हो गई। यह राशि दिसंबर 2023 के अंत में 27,336 करोड़ रुपये थी।

# शेयर बाजारों में रौनक लौटी सेंसेक्स 483 अंक उछला

- निफ्टी भी 127 अंक बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद

**मुंबई, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच बैंक, वित्तीय सेवाओं और आईटी क्षेत्र के शेयरों में खरीदारी से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में रौनक लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 482 अंक से अधिक बढ़त में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 482.70 अंक यानी 0.68 प्रतिशत बढ़कर 71,555.19 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव से कारोबार के दौरान सेंसेक्स 71,662.74 अंक के ऊपरी और 70,924.30 अंक के निचले स्तर तक भी गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 127.20 अंक यानी 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21,743.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर बढ़त लेने में सफल रहे जबकि निफ्टी के



50 में से 11 को छोड़कर बाकी सभी शेयरों में तेजी दर्ज की गई। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.46 प्रतिशत की तेजी रही। एक्सिस बैंक, विप्रो, कोटक महिंद्रा बैंक और एनटीपीसी भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार काफी हद तक पिछले सत्र की गिरावट से उबर गए। इसके पीछे बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन की अहम भूमिका रही। जनवरी में कारोबारी धारणा को बल मिला है।

# एनसीएलटी ने गो फर्स्ट के दिवाला प्रक्रिया की समय सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बंद पड़ी एयरलाइन गो फर्स्ट के समाधान की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए समय सीमा 60 दिनों के लिए बढ़ा दी गई है। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को यह फैसला किया।

एनसीएलटी की दिल्ली स्थित दो सदस्यीय पीठ ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) की याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए समयसीमा बढ़ाने की मांग की गई थी। समाधान पेशेवर की ओर से पेश दिवाकर माहेश्वरी ने तर्क दिया कि अब तक तीन पक्षों ने गो फर्स्ट के लिए अपनी रुचि दिखाई है और बयाना राशि जमा की है। इन कंपनियों से गो फर्स्ट के लिए समाधान योजनाएं मिलने की उम्मीद है। कंपनी 10 मई, 2023 से समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। एनसीएलटी ने इससे पहले पिछले साल 23 नवंबर को 90 दिनों का विस्तार दिया था, जो 4 फरवरी को खत्म हो गया। वहीं स्पाइसजेट, शारजाह स्थित स्काई वन और अफ्रीकी महाद्वीप में केंद्रित कंपनी सैफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स ने गो फर्स्ट को खरीदने में रुचि दिखाई है।

# 20 लाख करोड़ का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली पहली कंपनी रिलायंस

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. (आरआईएल) मंगलवार को 20 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण हासिल करने वाली देश की पहली कंपनी बन गई। शेयर बाजार में मजबूती के बीच मुकेश अंबानी की कंपनी का शेयर भी कारोबार के दौरान 52 सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। आरआईएल का शेयर बीएसई में 1.88 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 2957.80 रुपये प्रति इक्विटी पर पहुंच गया। बाद में यह 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,928.95 रुपये प्रति इक्विटी पर बंद हुआ।

# विकसित देश बनने के लिए 7–8% की वृद्धि दर जरूरी

- आरबीआई के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने कही बात

**हैदराबाद, एजेंसी**

भारत को 2047 तक 13,000 अमेरिकी डॉलर की प्रति व्यक्ति आय के साथ विकसित राष्ट्र बनाने के लिए सालाना सात से आठ प्रतिशत की वृद्धि दर जरूरी है। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी रंगराजन ने मंगलवार को यह बात कही।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के पूर्व चेयरमैन ने यह भी कहा कि असमानता या गरीबी को कम करने के लिए नवाचार एकमात्र समाधान नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज वृद्धि के अलावा, देश को नकदी और न्यूनतम आय जैसी



सब्सिडी के रूप में सामाजिक सुरक्षा जाल की भी जरूरत हो सकती है। रंगराजन ने कहा-मेरे हिसाब से 7-8 प्रतिशत के बीच की वास्तविक वृद्धि इसे विकसित अर्थव्यवस्था के करीब ले जाएगी। विकसित अर्थव्यवस्था की परिभाषा के अनुसार प्रति व्यक्ति आय 13,000 अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक है। भारत की प्रति व्यक्ति आय इस वक्त 2700 अमेरिकी डॉलर है। इसका मतलब है कि प्रति व्यक्ति आय बढ़ाकर पांच गुनी करनी होगी। रंगराजन ने कहा कि इसलिए भारतीय अर्थव्यवस्था की डॉलर के मूल्य में गणना वास्तविक वृद्धि, मुद्रास्फीति के स्तर और विनिमय दर पर निर्भर करती है। वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के पूर्व महानिदेशक रघुनाथ अनंत माशेलकर ने आज आईसीएफएआई के 13वें स्थापना दिवस पर व्याख्यान दिया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति रंगराजन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जुड़कर समारोह की अध्यक्षता की।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### हिंदू विरोधी टिप्पणी के लिए शिक्षिका बर्खास्त

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के एक निजी स्कूल में छात्रों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में एक शिक्षिका को बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सेंट गेरोसा हायर प्राइमरी स्कूल के प्रबंधन ने सातवीं कक्षा के छात्र के माता-पिता की शिकायत और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के हंगामे के बाद यह कार्रवाई की। छात्र के माता-पिता ने सोमवार को मंगलुरु दक्षिण पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई कि शिक्षिका ने 'कार्य ही पूजा है' विषय पर कक्षा के दौरान हिंदू देवताओं के बारे में कथित रूप से आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

### दिल्ली में ट्रेन के डिब्बे में अचानक लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली के पटेल नगर रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक खाली यात्री ट्रेन के एक डिब्बे में मंगलवार को दोपहर में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विभाग को दोपहर एक बजकर 33 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की पांच गाड़ियों को वहां भेजा गया। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। दिल्ली अग्निशमन सेवा विभाग (डीएफएस) के एक अधिकारी ने कहा कि आग पर दोपहर दो बजकर 25 मिनट पर काबू पा लिया गया।

# कोर्ट की जमीन पर 'आप' का दफ्तर हटाने का निर्देश

## न्यायालय की जमीन पर सियासी दफ्तर होने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राउज़ एवेन्यू स्थित आम आदमी पार्टी के दफ्तर की जमीन पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। उच्चतम न्यायालय ने इस मुद्दे पर हैरानी जताते हुए कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट की जमीन पर एक राजनीतिक दल का दफ्तर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी का कार्यालय बनाए जाने को संज्ञान में लेते हुए मंगलवार को नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि सत्ताधारी पार्टी को अपना कार्यालय यहां से हटाना होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट को ये जमीन लौटाई जाए. दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल



के साथ एक बैठक हो और मामले का समाधान निकले। सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कोई भी कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता है और कोई राजनीतिक दल किसी जमीन पर अपना कब्जा कैसे सकता है। जबकि हाईकोर्ट को जमीन कब्जा दिया जाना चाहिए। हाईकोर्ट इसका उपयोग केवल जनता और नागरिकों के लिए करेगा। हम निर्देश देते हैं कि दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव, पीडब्ल्यूडी सचिव और वित्त सचिव अगली तारीख से पहले हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल के साथ एक बैठक बुलाएं। ताकि सभी मुद्दों का समाधान सुनिश्चित हो सके। सभी अतिक्रमण हटाए जाएंगे इस मामले को आगे के निर्देशों के लिए सोमवार को सुनवाई करेंगे।

**क्या है पूरा मामला:** दरअसल एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने बेंच को सूचित किया कि सरकार को एक पार्टी से कब्ज़ा लेना था और इसे हमें देना था। अधिकारी कब्जा लेने गए तो उन्हें बताया गया कि यह कब्जा आम आदमी पार्टी के हाथ में है। अदालत ने देश भर में न्यायिक बुनियादी ढांचे से संबंधित एक मामले से निपटने के दौरान इस मुद्दे पर ध्यान दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ को एमिकस क्यूरी के परमेश्वर ने सूचित किया कि एक राजनीतिक दल का कार्यालय वहां बनाया गया है और वे जमीन वापस नहीं ले सके।

### मुख्य न्यायाधीश ने दी चेतावनी

उच्चतम न्यायालय के नाराज मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील को चेतावनी दी कि जमीन उच्च न्यायालय को वापस कर दी जानी चाहिए। पिछली सुनवाई में, शीर्ष अदालत ने दिल्ली जिला न्यायपालिका में बुनियादी ढांचे के लिए धन उपलब्ध कराने के प्रति उदासीन रवैये के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना की थी। उस समय, सीजेआई ने कहा था कि मार्च 2021 तक चार में से तीन परियोजनाओं के लिए मंजूरी दे दी गई थी। हालांकि, इन परियोजनाओं के लिए धन जारी किया जाना बाकी था।

# आप ने दिल्ली में कांग्रेस के लिए एक लोकसभा सीट की पेशकश की

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में दिल्ली में छह सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है और कांग्रेस को सिर्फ एक सीट देने की इच्छुक है। पार्टी ने दावा किया विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में उसकी वरिष्ठ सहयोगी कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में पिछले चुनावों में अपने प्रदर्शन को देखते हुए एक सीट की भी हकदार नहीं है।

आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा कि वे दिल्ली के लिए सीट बंटवारे पर बातचीत फिर से शुरू होने के वास्ते एक महीने से अधिक समय से इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अभीत तक कोई संवाद नहीं हुआ है।

# उत्तर प्रदेश में केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर रोक की अवधि बढ़ी

**भाजपा-कांग्रेस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कार्यवाही पर अंतरिम रोक की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी।

केजरीवाल ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया है, जिसने सुलतानपुर की एक अधीनस्थ अदालत के समक्ष लंबित आपराधिक मामले में उन्हें आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ केजरीवाल द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गई। पीठ ने कहा-अंतरिम आदेश बरकरार



रहने दीजिए। यह सब क्या है? ये सभी अप्रासंगिक मामले हैं। यह ऐसा मामला नहीं है जिस पर हम गौर करें। केजरीवाल पर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 125 के तहत चुनावों के संबंध में वर्गों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है। केजरीवाल ने दो मई 2014 को प्रचार अभियान में कहा था, जो कांग्रेस को वोट देगा, .देश के साथ गद्दारी होगी... जो भाजपा को वोट देगा उसे खुदा भी माफ नहीं करेगा।

# मणिपुर में फिर गोलीबारी, एक ग्रामीण की मौत

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में दो समुदायों के बीच मंगलवार को हुई गोलीबारी में 25 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी की यह घटना कांगपोकपी जिले की सीमा से लगे पुखाओ शांतिपुर में हुई। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान सगोलसेम लोया के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि उसे इंफाल के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। रविवार रात से पुखाओ और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रुक-रुक कर गोलीबारी की घटनाएं सामने आ रही हैं। मणिपुर में पिछले साल तीन मई से कुकी और मेइती समुदाय के बीच भिड़की हिंसा में अब तक 180 लोगों की जान जा चुकी है।

# कैदियों को भागने में मदद करने के आरोप में चार गिरफ्तार

**जयपुर के बाल सुधार गृह से फरार होने का मामला**

**जयपुर, एजेंसी**

राजस्थान पुलिस ने बाल सुधार गृह से किशोर कैदियों के फरार होने के मामले में सुधार गृह के दो केयरटेकर (देखभाल करने वाले) और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने मंगलवार को बताया कि फरार हुए एक कैदी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है जो इस महीने बालिग हो गया है। जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित बाल सुधार गृह से सोमवार को 23 किशोर कैदी खिड़की तोड़कर फरार हो गये थे। ट्रांसपोर्ट नगर थानाधिकारी जुल्फिकार ने बताया कि किशोर कैदियों को बाल सुधार गृह से भगाने में मदद करने के आरोप में दो केयरटेकर और दो सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। जुल्फिकार ने कहा-सीसीटीवी फुटेज से घटना में दो सुरक्षा कर्मियों और दो केयरटेकर की संलिप्तता का पता चला है। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जेल में बंद सेंथिल ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद कई महीनों तक बिना विभाग के मंत्री रहे वी. सेंथिल बालाजी ने एम. के. स्टालिन के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। राजभवन की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्यपाल आर. एन. रवि ने इस संबंध में स्टालिन की सिफारिश स्वीकार कर ली है। राज्यपाल ने पहले बालाजी के मंत्रिमंडल में बने रहने का विरोध किया था। कहा गया है कि राज्य मंत्रिमंडल से सेंथिल बालाजी के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश से संबंधित मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के 12 फरवरी के एक पत्र के आधार पर राज्यपाल आर. एन. रवि ने इसे मंजूरी दे दी। करूर से द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के वरिष्ठ नेता बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नौकरी के बदले नकदी घोटाले में गिरफ्तार किया था।

# शत्रुघ्न-सनी लोस की किसी बहस में नहीं आए

- पांच साल में सभी 274 बैठकों में मौजूद रहे भाजपा के कांकेर और अजमेर सांसद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी के मोहन मंडावी और भागीरथ चौधरी 17वीं लोकसभा में ऐसे दो सदस्य रहे, जिन्होंने पांच साल की अवधि के दौरान कुल 274 बैठकों में 100 प्रतिशत उपस्थिति का गौरव हासिल किया। यह संयोग की कहा जाएगा कि पहली बार लोकसभा पहुंचे इन दोनों सदस्यों को सदन में एक-दूसरे के बगल वाली सीटें आवंटित की गई थीं। दूसरी तरफ, अभिनेता-राजनेता सनी देओल (भाजपा) और शत्रुघ्न सिन्हा (टीएमसी) उन नौ लोकसभा सदस्यों में से थे, जिन्होंने किसी भी चर्चा में भाग नहीं लिया। मंडावी ने कहा कि मुझे जो काम सौंपा गया है, मैं उसे पूरी जिम्मेदारी के साथ करता



हूं। मैं छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र कांकेर का प्रतिनिधित्व करता हूं और मैंने कोविड-19 महामारी के दौरान भी सदन में भाग लिया था।'

'पीआरएस लेजिस्लेटिव' नामक संस्था द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, राजस्थान के अजमेर लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी और मंडावी की उपस्थिति 17वीं लोकसभा के दौरान 100 प्रतिशत रही। इस पांच वर्षों के कार्यकाल के दौरान औसतन 79 प्रतिशत की उपस्थिति देखी गई।

यूपी के हमीरपुर से भाजपा सदस्य पुष्पेंद्र सिंह चंदेल संसद में सबसे सक्रिय सदस्य थे, जिन्होंने 17वीं लोकसभा में 1,194 चर्चाओं में भाग लिया था, उनके बाद अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से कुलदीप राय शर्मा थे। यह संस्था किसी सदस्य द्वारा विधेयकों पर चर्चा में भाग लेने, शून्यकाल के दौरान मुद्दे उठाने, विशेष उल्लेख और अन्य सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों से खुद को जोड़ने को 'चर्चा में भागीदारी' की श्रेणी में मानती है। वहीं बसपा सांसद मलूक नागर (बिजनौर) ने कुल 582 चर्चाओं में भाग लिया।

# समीर वानखेड़े के खिलाफ जारी जांच दिल्ली स्थानांतरित

**मुंबई।** ईडी ने मंगलवार को बंबई उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) के मुंबई जोन के पूर्व निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धनशोधन के मामले में जांच अपने दिल्ली कार्यालय को स्थानांतरित कर दी है। ईडी ने कहा कि वानखेड़े को उनके खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये बंबई उच्च न्यायालय की जगह दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख करना चाहिए। अपने खिलाफ मामले को रद्द कराने के लिये पिछले हफ्ते बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाले वानखेड़े ने अपनी याचिका पर फैसला होने तक जांच पर अस्थायी रोक लगाने और दंडात्मक कार्रवाई से सुरक्षा की मांग की है।

# ईडी ने कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे

- राशन घोटाले की जांच के संबंध में हुई कार्रवाई

**कोलकाता, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन घोटाले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को सुबह कोलकाता में कई स्थानों पर छापेमारी शुरू की। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय बलों के साथ आए ईडी के दलों ने सॉल्ट लेक, कइखाली, मिर्जा गालिब स्ट्रीट, हावड़ा और कुछ अन्य स्थानों पर छापे मारे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की जा रही है उनमें कारोबारी और घोटाले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों के करीबी लोग शामिल हैं।

ईडी के एक अधिकारी ने कहा-ये छापे राशन वितरण घोटाले से जुड़े



हैं। हमें मामले में पहले ही गिरफ्तार हुए लोगों से पूछताछ करने के बाद इन लोगों की संलिप्तता के बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि उत्तर 24 परगना जिले के एक विदेशी मुद्रा कारोबारी समेत तीन लोगों के परिसरों पर तलाशी ली जा रही है। उन्होंने बताया-इस घोटाले में पैसा विदेश में अलग-अलग खातों में भेजा गया। यह कारोबारी बनगांव से है और गिरफ्तार टीएमसी नेता शंकर आध्या से उसके अच्छे संबंध हैं।

आध्या बनगांव नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष हैं और केंद्रीय जांच एजेंसी ने पहले दावा किया था कि वह अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर पंजीकृत कम से कम 90 विदेशी मुद्रा व्यापार कंपनियों के मालिक हैं। अधिकारी ने बताया कि कारोबारी के सॉल्ट लेक के सेक्टर 5 में स्थित कार्यालय और ईएम बाईपास पर उसके दो फ्लैट में तलाशी ली जा रही है।

### कर्नाटक, आंध्र प्रदेश में 31 लाख रुपये जब्त

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने एक धनशोधन मामले के सिलसिले में कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में कई स्थानों पर तलाशी के दौरान 31 लाख रुपये की 'बेहिसाब' नकदी जब्त की है। ईडी ने एक बयान में कहा कि सूर्य नारायण रेड्डी और भरत रेड्डी नामक दो व्यक्तियों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था। बयान के अनुसार, धनशोधन का यह मामला कर्नाटक के बेल्लारी में दर्ज एक प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है और तलाशी 10 फरवरी को ली गई थी। इसमें कहा गया है कि एजेंसी को 'आपत्तिजनक साक्ष्य' मिले हैं, जो दर्शाते हैं कि भरत रेड्डी ने कथित तौर पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कुछ ही महीनों में लगभग 42 करोड़ रुपये नकद जुटाए और इस धन का इस्तेमाल 'गैरकानूनी लेनदेन' के लिए किया।

# यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने निलंबन हटाया, 1 जुलाई तक कराए चुनाव

## चुनाव न होने पर 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को किया था निलंबित, प्रदर्शनकारी पहलवानों से भेदभाव नहीं करने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

विश्व कुश्ती की संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) ने भारत पर लगाया अस्थाई निलंबन हटा दिया है, लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया है कि वह प्रदर्शनकारी पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं करे। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के समय पर चुनाव नहीं कराने पर गत वर्ष 23 अगस्त को उसे निलंबित किया था।

संस्था ने कहा कि यूडब्ल्यूडब्ल्यू ब्यूरो की निलंबन की समीक्षा और अन्य विषयों पर चर्चा के लिए 9 फरवरी को बैठक हुई तथा तथ्यों पर गौर करने के बाद निलंबन हटाने का फैसला किया गया। डब्ल्यूएफआई को यूडब्ल्यूडब्ल्यू को गारंटी देनी होगी कि डब्ल्यूएफआई की सभी स्पर्धाओं विशेष कर ओलंपिक खेलों के ट्रायल्स तथा अन्य प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेने के लिए बिना किसी भेदभाव के पहलवानों का चयन करेगा, जिनसे भेदभाव नहीं होगा उनमें वह तीन पहलवान भी है जिन्होंने पूर्व अध्यक्ष (बृजभूषण शरण सिंह) के कथित गलत कामों के खिलाफ प्रदर्शन किया था। पिछले साल दिसंबर में डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए थे, जिसमें पूर्व अध्यक्ष के करीबी संजय सिंह को नया प्रमुख चुना गया था। खेल मंत्रालय ने हालांकि राष्ट्रीय खेल संहिता के उल्लंघन का हवाला देकर कुछ दिन बाद महासंघ को निलंबित कर दिया था। देश में कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित हुई थी। डब्ल्यूएफआई ने हालांकि खेल मंत्रालय के फैसले को नामंजूर कर दिया था। उसने मंगलवार को विश्व संस्था के फैसले का स्वागत किया।

### चुनाव में केवल खिलाड़ी ही होंगे मतदाता

विश्व संस्था ने डब्ल्यूएफआई से अपने एथलीट आयोग के चुनाव फिर से कराने के लिए कहा। संस्था ने बयान में कहा है कि इस आयोग में सक्रिय खिलाड़ी या फिर वे खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं, जिनको संन्यास लिए हुए 4 साल से अधिक का समय नहीं हुआ है। मतदाता केवल खिलाड़ी ही होंगे। इन चुनाव का आयोजन किसी भी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान किया जा सकता है, लेकिन चुनाव 1 जुलाई 2024 से तक कराने होंगे। विश्व संस्था ने कहा कि वह पहलवानों के संपर्क में रहेगी और आगामी दिनों के घटनाक्रम पर उनसे बात करेगी।

### जल्द आयोजित किए जाएंगे ट्रायलः संजय

संजय सिंह ने कहा कि तदर्थ समिति का अब कोई महत्व नहीं रह गया है क्योंकि हमें विश्व संस्था से मान्यता मिल गई है। यह ओलंपिक वर्ष है तथा हम जल्द ही ट्रायल्स आयोजित करेंगे। मैं यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि किसी भी पहलवान का भविष्य खराब ना हो। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं किया जाएगा तथा संजय सिंह सुलह करने के लिए प्रदर्शनकारी तीनों पहलवानों को जल्द पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि हमें इन तीनों पहलवानों से कोई शिकायत नहीं है। पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय महासंघ को निलंबित कर दिया गया था। प्रतिबंध हटाने का मतलब है कि भारतीय पहलवान अब विश्व संस्था की अगली प्रतियोगिता में देश के ध्वज तले खेल पाएंगे।

# भारत के सामने नीदरलैंड चुनौती

राउरकेला, एजेंसी

एफआईएच महिला प्रो-लीग



पिछले कुछ समय से खराब प्रदर्शन कर रही भारतीय महिला हॉकी टीम जब बुधवार को एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में अब तक अजेय रहे नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसके सामने लय हासिल करने की चुनौती होगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद से भारतीय टीम के प्रदर्शन में लगातार गिरावट आई है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जारी मौजूदा प्रो लीग में टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। सविता पूनिया की कप्तानी में टीम मौजूदा सत्र में पांच मैचों में सिर्फ एक मुकाबला जीतने में सफल रही है। भारतीय टीम को अपने घरेलू मैदान में चीन (1-2), नीदरलैंड (1-3) और ऑस्ट्रेलिया (0-3) के खिलाफ लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इसके बाद अमेरिका को 3-1 हराकर वापसी की, लेकिन सोमवार को उसे चीन से फिर से 1-2 की शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत को अपने अगले मुकाबले में सबसे कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। नीदरलैंड की टीम नौ मैचों में 27 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर है। भारत इस समय नौ टीमों की लीग में पांच मैचों में केवल 3 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। भारतीय कप्तान सविता पूनिया ने कहा कि हमें वे परिणाम नहीं मिले जो हम चाहते थे, लेकिन मेरा मानना है कि हमारे पास अच्छा प्रदर्शन करने और कुछ अंक हासिल करने के लिए आवश्यक चीजें हैं। मुझे लगता है कि हम टुकड़ों में अच्छा खेल रहे हैं लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। भारतीय अग्रिम पंक्ति को अब तक आंशिक सफलता मिली है, जिसमें संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, नवनीत कौर और सलीमा टेटे गोल करने में सफल रहे हैं।

## खेल डायरी

### आज राजधानी पहुंचेगी यूपी टीम,16 से 19 फरवरी तक इकाना स्टेडियम में होगा रणजी मुकाबला

लखनऊ, अमृत विचार। यूपी टीम बुधवार सुबह लीग का आखिरी मुकाबला खेलने को लखनऊ पहुंचेगी। हालाकि रणजी ट्रॉफी में यूपी टीम नाकआउट चरण से बाहर हो चुकी है। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में 16 से 19 फरवरी तक होने वाले मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ टीम के भी बुधवार देर शाम तक आने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार यूपी टीम दोपहर के सत्र में बी ग्राउंड में अभ्यास करेंगी, जबकि छत्तीसगढ़ टीम का अभ्यास सत्र गुरुवार सुबह होगा। नीतीश राणा को कप्तान और भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर व मुख्य चयनकर्ता रहे सुनील जोशी को कोच बनाने के बावजूद यूपी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। पिछले दो मुकाबलों में तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को आराम देना समझ से परे रहा। आंध्र प्रदेश के खिलाफ मंगलवार को खत्म हुए मुकाबले में यूपी की टीम पहली पारी में पिछड़ने से ड्रॉ मैच में मात्र एक अंक ही पा सकी। लखनऊ में यूपी टीम का आखिरी मैच मात्र औपचारिकता है। 1934 से खेली जा रही रणजी ट्रॉफी में यूपी की टीम मात्र एक बार वर्ष 2005-06 में मो. कैफ की कप्तानी में खिताब जीत सकी है। 2007-08 तथा 2008-09 में यूपी टीम फाइनल तक पहुंचने में कामयाब हुई थी।

### अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर

कोलकाता, एजेंसी। दिल्ली के गोल्फर अर्जुन प्रसाद ने मंगलवार को यहां एक करोड रुपए इनामी पीजीटीआई प्लेयर्स चैंपियनशिप के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ अंडर 62 का कार्ड खेला। सोमवार को अपना 25वां जन्मदिन मनाने वाले अर्जुन प्रसाद पहले दौर के बाद एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद दिल्ली के एक अन्य गोल्फर और मौजूदा चैंपियन सचिन बैसोया (63) का नंबर आता है। वह अर्जुन से एक शॉट पीछे हैं। चेक गणराज्य की स्टीपन दानेक तथा भारत के उदयन माने, करण प्रताप सिंह और मोहम्मद संजू ने 64 का कार्ड खेला। यह चारों खिलाड़ी संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीजीटीआई ऑर्डर का मेरिट के 2022 के चैंपियन मनु गंडास ने 65 का स्कोर बनाया तथा वह राहिल गंगजी और चार अन्य के साथ संयुक्त सातवें स्थान पर हैं।

### एसयूएफसी ने पुणे में 3 प्रशिक्षण केंद्र खोले

पुणे, एजेंसी। बेंगलुरु के निजी प्रोफेशनल फुटबॉल क्लब साउथ यूनाइटेड फुटबॉल क्लब (एसयूएफसी) ने पुणे में अकादमी के विस्तार की घोषणा की है। एसयूएफसी की प्रतिष्ठित अकादमी साउथ यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी (एसयूएफए) ने हाल ही में पुणे में बावधन, खराड़ी और उंद्री में तीन केंद्रों का उद्घाटन किया है। पुणे में एसयूएफ तीन साल की उम्र से ही बच्चों को फुटबॉल यात्रा शुरू करने के लिए स्वागत करेगा। साउथ यूनाइटेड केंद्रों पर 3 कार्यक्रम चलाएगा, जिसमें उनका अद्वितीय शिशु विकास कार्यक्रम (3-5 वर्ष), उनका प्रमुख युवा विकास (5-18 वर्ष), और उनकी विशिष्ट युवा टीमें (अंडर 13, 15 और 17)) होंगी। जिसमें एथलीटों को क्लब से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

### यूपी की तीन बालिकायें क्वार्टर फाइनल में

लखनऊ, एजेंसी। एसआरजीआई अंडर-12 बालक व बालिका ऑल इंडिया आइटा टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश की शुभी रंजन, लावण्या सिंह व सौंदर्या जायसवाल ने जीत के साथ बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बालक वर्ग में उत्तर प्रदेश के कृष्णा सिंह, तेजस सिंह, अणर्व श्रीवास्तव ने अपने-अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। गोमतीनगर स्थित कमलेश शुक्ला टेनिस अकादमी में आयोजित चैंपियनशिप में बालिका प्री क्वार्टर फाइनल में शुभी रंजन ने मध्य प्रदेश की अनाया खान को हराया। लावण्या सिंह ने मध्य प्रदेश की अहाना दोषी को और सौंदर्या जायसवाल ने यूपी की शिवान्या गौतम को मात दी। बालिका वर्ग के अन्य प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में मध्य प्रदेश की अनाया राठी ने मप्र की गीतिका बोथरा को, उप्र की अदित्रि सिंह ने उप्र की वाही पी.कौर को, उप्र की सिद्धि सिंह ने उप्र रीत पी. सिंह को, उप्र की आशी किरन ने उप्र की प्रणवी कश्यप को हराया। बालक वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में उप्र के कृष्णा सिंह ने उप्र के आरव पटेल को, उप्र के अणर्व श्रीवास्तव ने दिल्ली के सात्विक सिंह को, उप्र के तेजस सिंह ने उप्र के प्रणव शर्मा को, उप्र के आयुष्मान पाठक ने उप्र के शिवांश सिंह को, प. बंगाल के कबीर पारेख ने उप्र के अथर्व श्रीवास्तव को, उप्र के पविथ सिंह ने उप्र के आरव शुक्ला को, उप्र के कबीर शर्मा ने उप्र के अथर्व गोयल को और दिल्ली के रेयांश भल्ला ने निकुंज अरोड़ा को मात दी।

# जुरेल और सरफराज को मिल सकता है पदार्पण का मौका

## गिल ने अभ्यास सत्र में नहीं लिया हिस्सा, दाहिने हाथ की अंगुली में लगी थी चोट

राजकोट, एजेंसी

खिलाड़ियों के चोटिल होने से परेशान भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की श्रृंखला के तीसरे मुकाबले में घरेलू दिग्गज सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को खेलने का मौका दे सकती है। श्रृंखला का तीसरा मैच 15 फरवरी से यहां खेला जाएगा। मैच से पहले टीम के अभ्यास सत्र को देखे तो सरफराज ने स्लिप और गली क्षेत्र में क्षेत्ररक्षण का अभ्यास किया जबकि जुरेल ने विकेटकीपिंग का। पिछले मैच की दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले शुभमन गिल ने टीम के इस वैकल्पिक अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया।

गिल को विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट में क्षेत्ररक्षण के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी अंगुली में चोट लग गई थी। उन्होंने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान क्षेत्ररक्षण नहीं की लेकिन यह भी कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं है। श्रेयस अय्यर के बाहर होने और केएल राहुल के चोट से उबरने में नाकाम रहने से सरफराज के लिए दरवाजे खुल गए हैं, जो कुछ वर्षों से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वालों में से हैं। जुरेल को बेहतर बल्लेबाज होने के तमगे के कारण तरजीह मिल सकती है। भरत लगातार 7 टेस्ट मैचों में एक भी अर्धशतक बनाने में असफल रहे हैं। रजत पाटीदार, सरफराज और जुरेल चौथे से सातवें क्रम के बीच बल्लेबाजी करेंगे। मध्य क्रम के 4 खिलाड़ियों में से 3 (रविंद्र जडेजा को छोड़कर) कुल मिला कर एक टेस्ट के सामूहिक अनुभव के साथ मैच में उतरेंगे। पाटीदार ने विशाखापत्तनम में पदार्पण किया था। भारतीय टीम बदलाव के दौर से गुजरने को तैयार है, ऐसे में इस मैच को टीम के भविष्य की झलक देखने को मिलेगी। टीम के अभ्यास सत्र में पाटीदार और सरफराज दोनों को स्लिप क्षेत्ररक्षण में अभ्यास करते देखा गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और कोच राहुल द्रविड़ यहां पिच का मुआयना करने के बाद लंबे समय तक गुफ्तगू करते दिखे। रोहित इसके बाद क्षेत्ररक्षण अभ्यास के लिए चले गए, लेकिन द्रविड़ मैदानकर्मियों से बात करते दिखे। पिछले मैच में शतक जड़ने वाले जडेजा ने अभ्यास करते हुए सबसे ज्यादा समय बिताया। टीम के चारों स्पिनर भारतीय बल्लेबाजों के साथ अभ्यास करते दिखे।



### जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा, लेकिन आगे टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैंः कुलदीप

राजकोट, एजेंसी। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ वर्तमान टेस्ट श्रृंखला के मैचों में टर्निंग विकेट देखने को मिल सकते हैं, इसके साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि पहले दो टेस्ट मैचों के लिए तैयार किए गए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा है। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला अभी 1-1 से बराबरी पर है। तीसरा टेस्ट मैच गुरुवार से सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। कुलदीप ने भारतीय टीम के अभ्यास सत्र से पूर्व कहा कि कुल मिलाकर सभी चीज महत्वपूर्ण हैं। तेज गेंदबाज अपनी भूमिका निभा रहे हैं जैसे कि पिछले मैच में देखा होगा। इसलिए जीवंत विकेट क्रिकेट के लिए अच्छा होता है। लेकिन ऐसा नहीं है की आपको आगे टर्निंग विकेट देखने को नहीं मिलेंगे। उम्मीद है कि आपको आगे इस तरह के विकेट देखने को मिलेंगे। भारतीय टीम को अभी तक इंग्लैंड के आक्रामक खेल का सामना करना पड़ा है।

# बेन स्टोक्स ने कई मामलों में क्रिकेट को बदल दियाः पोप

राजकोट, एजेंसी



इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप ने 100वां टेस्ट खेलने की तैयारी कर रहे कप्तान बेन स्टोक्स की तारीफ में कहा कि उन्होंने कई मामलों में क्रिकेट खेलने के तरीके को बदल दिया है। अपने खेल से बल्लेबाजी और गेंदबाजी में प्रभाव छोड़ने वाले स्टोक्स ने कप्तानी मिलने के बाद 'बैजबॉल' रणनीति से टेस्ट क्रिकेट खेलने का नजरिया बदल दिया। स्टोक्स 15 फरवरी को राजकोट में तीसरे टेस्ट मैच के लिए मैदान में उतरते ही इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो जाएंगे।

पोप ने एससीए स्टेडियम में मंगलवार को इंग्लैंड के अभ्यास सत्र के इतर कहा कि उन्होंने शायद खेल को कई मायनों में बदल दिया है। उनके पास वह तरीका है, जिससे वह जरूरत पड़ने पर टीम से उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकते हैं। एशेज श्रृंखला के उस लॉर्ड्स टेस्ट को कौन भूल सकता है जब पूरी तरह से दबाव में होने के बाद भी उन्होंने टीम को जीत दिलाई।

पोप ने कहा कि अपने 99 टेस्ट के अब तक के कॅरियर में उन्होंने कई बार ऐसा किया है और यह अविश्वसनीय है। किसी के लिए भी 100 टेस्ट मैच खेलना शानदार है। जाहिर तौर पर उनके कॅरियर में उतार-चढ़ाव आए, लेकिन जब से वह कप्तान बने हैं तब से उनका प्रदर्शन अद्भुत रहा है। खिलाड़ियों का प्रबंध करने का स्टोक्स का तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है।



# क्रिकेट में हजारे को टक्कर देने वाले बल्लेबाज थे दत्ताजीराव

नई दिल्ली, एजेंसी

उम्रदराज भारतीय टेस्ट क्रिकेटर

- दत्ताजीराव का 95 वर्ष की आयु में गृहनगर बड़ौदा में हुआ निधन



किस्मत से भारतीय कप्तान बने दत्ताजीराव गायकवाड़ कवर ड्राइव के साथ अन्य शॉट खेलने के मामले में विजय हजारे को टक्कर देते थे लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वह अपनी प्रतिभा के साथ न्याय करने में विफल रहे। बड़ौदा के इस बल्लेबाज को 11 से अधिक टेस्ट खेलने चाहिए थे। दत्ताजीराव का मंगलवार को 95 वर्ष की आयु में उनके गृहनगर बड़ौदा में निधन हो गया। वह 2016 में दीपक शोधन की मृत्यु के बाद सबसे उम्रदराज जीवित भारतीय टेस्ट क्रिकेटर थे। अपने शानदार कवर ड्राइव से 1950 के दशक की बॉम्बे (अब मुंबई) की मजबूत टीम को परेशान करने वाले दत्ताजीराव का अंतर्राष्ट्रीय करियर घरेलू क्रिकेट जितना परवान नहीं चढ़ा। उन्हें 1952 से 1961 तक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वैसी सफलता नहीं मिली। उनके बेटे अंशुमान ने 1970 से 80 के दशक तक 40 टेस्ट खेले।

# महिला वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचीं मंधाना

दुबई, एजेंसी

भारत की सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। मुंबई की 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट का स्थान लिया जो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे श्रृंखला में लचर प्रदर्शन से पांचवें स्थान पर खिसक गई हैं। इंग्लैंड की नेट साइवर ब्रंट, श्रीलंका की चमारी अटापट्टू और ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले तीन स्थान पर काबिज हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर दसवें स्थान पर बनी हुई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गई हैं, लेकिन ऑलराउंडर की सूची में वह एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं। गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेसटोन शीर्ष पर बनी हुई हैं।




### जोसेफ, एमी हंटर आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

दुबई, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शामर जोसेफ मंगलवार को आईसीसी मासिक पुरस्कार को जीतने वाले वेस्टइंडीज के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए। आयरलैंड की आक्रामक युवा बल्लेबाज एमी हंटर जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन के बाद महिला वर्ग में यह खिताब जीतने में सफल रहीं। पिछले सप्ताह खिलाड़ियों की सूची की घोषणा के बाद आईसीसी ने जनवरी के लिए पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की।



# बॉलीवुड हलचल

## 'सेक्शन 108' में वकील बनेंगे नवाजुद्दीन



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी आने वाली फिल्म 'सेक्शन 108' में वकील की भूमिका में नजर आएंगे। 'सेक्शन 108' का निर्देशन रसिख खान ने किया है और यह फिल्म सिनेमावाला प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में नवाजुद्दीन ने बीमा क्लेम करने वाले वकील ताहूर खान की भूमिका निभाई है। 'सेक्शन 108' के निर्माताओं ने बताया कि यह फिल्म एक मनोरम सिनेमाई अनुभव देने का वादा करती है, जिसमें नवाजुद्दीन एक बार फिर प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ अपने बहुमुखी अभिनय कौशल का प्रदर्शन करेंगे। इस फिल्म में अरबाज खान, रेजिना कैसेंड्रा, आसिफ खान, रूमी खान, सानंद वर्मा, अलीशा ओहरी और सहर्ष कुमार शुक्ला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक 'सरफिरा' में नजर आएंगे अक्षय



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म 'सरफिरा' में दिखाई देंगे। ये फिल्म दक्षिण भारतीय फिल्म सोरारई पोटरु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में तमिल स्टारर सूर्या ने लीड रोल निभाया था। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरफिरा' का अनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। अक्षय कुमार ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर 'सरफिरा' का वीडियो शेयर किया है। इसके साथ ही उन्होंने रिलीज डेट की जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा, इतना बड़ा सपना देखों, वो तुम्हें पागल बुलाए 'सरफिरा' सिनेमाघरों में 12 जुलाई, 2024 को रिलीज हो रही है।

## लाहौर 1947 में सनी देओल संग काम करेंगी प्रीति जिंटा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा फिल्म निर्देशक राजकुमार संतोषी की फिल्म लाहौर 1947 में नजर आएंगी। आमिर खान फिल्म लाहौर 1947 का निर्माण कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार संतोषी कर रहे है। लाहौर 1947 में सनी देओल की अहम भूमिका है। लाहौर 1947 मे अब प्रीति जिंटा का नाम भी जुड़ गया है। राजकुमार संतोषी ने बताया कि लंबे समय के बाद, प्रीति जिंटा फिर से सिल्वर स्क्रीन पर लाहौर 1947 के साथ एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। वह वास्तव में हमारे इंडस्ट्री के एक बेहद प्रतिभाशाली बेहतरीन और सबसे स्वाभाविक अभिनेत्री हैं। प्रीति जो भी किरदार निभाती हैं, उसमें खुद को पूरी तरह से निवेश कर देती हैं और दर्शकों को यह महसूस कराती हैं कि वह उस किरदार के लिए ही बनी हैं। फिल्म 1947 की स्क्रिप्ट एक ऐसी जोड़ी की मांग करती है जो सनी और प्रीति की तरह सटीक हो।



### भूल-भुलैया 3 में हुई विद्या की एंट्री

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन फिल्म 'भूल-भुलैया 3' में नजर आएंगी। फिल्म भूल भुलैया में विद्या बालन ने अहम भूमिका निभाई थी। भूल भुलैया 2 में विद्या बालन ने काम नहीं किया। 'भूल-भुलैया 3' में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर बताया कि भूल भुलैया 3 में विद्या बालन की एंट्री हो गई है। कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, 'और ये हो रहा है... ऑरिजनल मंजुलिका की दोबारा भूल भुलैया की दुनिया में एंट्री हो चुकी है। विद्या बालन का स्वागत करते हुए सुपर थ्रिल महसूस कर रहा हूं।' कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट के बाद विद्या बालन ने सोशल मीडिया पर लिखा, मेरे ढोलना... आ रही है वापस, आपकी मंजुलिका, इस बार रूह बाबा कार्तिक आर्यन के साथ।



## रश्मिका ने पुष्पा 2 के सेट से की तस्वीरें साझा



अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म का निर्माण जोरों पर है और टीम इसकी सफलता में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस दौरान मंदाना ने सेट से फिल्म निर्माता सुकुमार की तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ये तस्वीर साझा की। मेकर्स ने हाल ही में फिल्म की रिलीज से पहले ओटीटी रिलीज की घोषणा की है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है कि जल्द ही पुष्पा 2 नेटफ्लिक्स पर हिंदी, तमिल और तेलुगु में आएगी। हालांकि, फिल्म की ओटीटी रिलीज डेट अभी तय नहीं हुई है। ये फिल्म दुनिया भर के सिनेमाघरों में कई भाषाओं में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित, पुष्पा 2 में अल्लू अर्जुन, रश्मिका और फहद फासिल मुख्य भूमिका में हैं। संगीत राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता देवी श्री प्रसाद ने दिया है।

### माही और गोल्डी का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी फिल्म अभिनेत्री माही श्रीवास्तव और गायिका गोल्डी यादव का गाना मरद बनाइब रंगदरवा के रिलीज हो गया है। 'मरद बनाइब रंगदरवा के' गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्डस भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने में माही श्रीवास्तव कहती हैं कि 'तू ही कहा केहू से डेराई केहु के, खात बानी आपन लजाई काहे के... ढील देले बानी इयारवा के, राखेला सवख हथियरवा के, जाईब खिलाफ भले घरवा के, बाकी मरद बनाइब रंगदरवा के...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत मरद बनाइब रंगदरवा के' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस गाने की सिंगर गोल्डी यादव हैं। इसके वीडियो में माही श्रीवास्तव हैं। गीतकार आशुतोष तिवारी हैं और संगीतकार प्रियांशु सिंह हैं। वीडियो डायरेक्टर विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, डीओपी राजन वर्मा हैं। इस गाने का ऑल राइट वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के पास है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# किसानों ने लोहे और कंक्रीट के लगे बैरिकेड्स तोड़े, चक्का जाम



तमिलनाडु के किसानों ने प्रदर्शन कर पंजाब-हरियाणा के किसानों को अपना समर्थन दिया है। किसानों की 'दिल्ली चलो' यात्रा को समर्थन देते हुए त्रिची के किसान सड़कों पर लेट गए। मांगो को लेकर कई किसान मोबाइल टावर पर चढ़ गए।



मंगलवार को टिकरी बॉर्डर पर लगे बैरिकेड्स और कंसर्टिना तार को हटाते किसान।

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों के लिए पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में किसानों ने राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया। सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के आंदोलन के चलते आम लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

दिल्ली से जुड़े सोनीपत के कुंडली और बहादुरगढ़ के टीकरी बॉर्डर को दिल्ली पुलिस ने पूरी तरह से सील कर दिया है। हरियाणा के सात जिलों में 15 फरवरी तक इंटरनेट बंद हैं। दिल्ली पुलिस ने कई लेयर में बैरिकेड लगाकर दिल्ली की तरफ आने-जाने वाले दोनों रास्तों को बंद कर दिया है। टिकरी बॉर्डर से दिल्ली की तरफ जाने वाले अन्य रास्तों को भी बंद कर दिया गया है। सोनीपत में कुंडली बॉर्डर पर वाहनों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद करने के बाद केएमपी-केजीपी एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से वाहनों को निकाला जा रहा है।

प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए दिल्ली-एनसीआर की सीमाओं पर बैरिकेडिंग की गई, लेकिन किसानों ने उन्हें भी तहस-नहस कर दिया। पुलिस और किसानों के बीच हुई इस झड़प में कई घायल हुए। तमिलनाडु के किसानों ने भी पंजाब-हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों को अपना समर्थन दिया। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी और कई मांगों को स्वीकार कराने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।



शंभू बॉर्डर पर उग्र किसानों को काबू करने के लिए पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले।

### किसान नेता नजरबंद

पुलिस ने हरियाणा के किसान नेताओं के घर पर दबिश दी और करीब एक दर्जन किसान नेताओं को उनके घरों में ही नजरबंद कर दिया गया। बापौली थाना पुलिस मंगलवार सुबह गांव गढ़ी भलौर में किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सूरजभान रावल के घर पहुंची। पुलिस ने उनको घर पर ही नजरबंद कर दिया है। इसके अलावा कई किसान नेता पुलिस की पकड़ से बचने अपने मोबाइल फोन बंद करके भूमिगत हो गए हैं।



मंगलवार को किसान आंदोलन की बजह से चक्का जाम हो गया, दिल्ली-एनसीआर में वाहन घंटों तक कतार में खड़े रहे। वहीं गाजीपुर बॉर्डर पर फंसे वाहन।

### अन्य राज्यों से साधा संपर्क

गुरुग्राम, फरीदाबाद, मेवात, राजस्थान, नोएडा, फरीदाबाद व हरियाणा के पुलिस अधिकारियों से बात कर सहयोग लिया जा रहा है। हर वाहन को चेक करने के बाद ही दिल्ली में प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने कुछ थानों में 15 से ज्यादा डिटेशन सेंटर बनाए हैं। जिस जगह पर किसान हिरासत में लिए जाएंगे, उस जगह के विपरीत उन्हें डिटेशन सेंटर में बंद किया जाएगा।

### वार्ता में फिर शामिल हों, तोड़फोड़ समस्याओं का हल नहीं



नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों से अपनी मांगों को लेकर सरकार के साथ फिर से बातचीत में शामिल होने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव उनकी समस्याओं का समाधान नहीं है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सरकार ने उन किसान संगठनों की कुछ मांगें मान ली हैं, जो बड़ी संख्या में नई दिल्ली की ओर मार्च कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत के विश्व व्यापार संगठन से बाहर निकलने और मुक्त व्यापार समझौतों को रद करने जैसे मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श की आवश्यकता होगी।

## एक नजर

### अमेरिका: न्यूयॉर्क में गोलीबारी एक की मौत, पांच लोग घायल

न्यूयॉर्क सिटी। अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार को ब्रोंक्स के एक सबवे स्टेशन पर छह लोगों को गोली मार दी गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य पांच घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ये घटना शाम करीब 4:38 बजे हुई। सबवे स्टेशन पर गोलीबारी करने के बाद हमलावर भी फरार हो गया है। पुलिस ने कहा कि करीब 30 साल के एक व्यक्ति की फायरिंग में मौत हो गई है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि गोलीबारी में घायल हुए पांच लोगों को गंभीर रूप से चोटें आई हैं। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस गोलीबारी की घटना में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट नहीं बताा है कि गोलीबारी में घायल हुए लोगों की हालत कैसी है।

### अमेरिका: दो भारतवंशियों पर वीजा धोखाधड़ी में लगाया अभियोग

न्यूयॉर्क। भारतीय मूल के दो युवकों पर फर्जी सशस्त्र डकैती करने और वीजा धोखाधड़ी की साजिश के लिए अभियोग लगाया गया है। रामभाई पटेल (36) और बलविंदर सिंह (39) पर धोखाधड़ी की साजिश रचने के आरोप है। रामभाई को पिछले साल दिसंबर में सिएटल में गिरफ्तार कर, मुकदमा लंबित रहने तक हिरासत में रखा गया था। बलविंदर सिंह को उसी समय यहां क्वींस में गिरफ्तार किया गया था और दिसंबर 2023 में प्रारंभिक उपस्थिति के बाद कुछ शर्तों पर रिहा कर दिया गया था।

### श्रीनगर: पंजाब के दो श्रमिकों की हत्या करने वाला आतंकी गिरफ्तार

श्रीनगर। पिछले सप्ताह पंजाब के दो मजदूरों की हत्या करने वाले आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि आतंकी के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई है। उन्होंने कहा सात फरवरी को शहर के हब्बा कदल इलाके में पंजाब के दो मजदूरों पर गोलियां चलाने वाले आतंकवादी आदिल मंजूर लंगू को गिरफ्तार कर लिया गया है। कुमार ने कहा कि श्रीनगर में गिरफ्तार किए गए लंगू को सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तान के आतंकियों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया गया था।

### ट्रंप ने चुनाव हस्तक्षेप केस स्थगित करने की कोर्ट से की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि उन्हें 2020 के चुनाव में हार को पलटने की साजिश रचने संबंधी आरोप में अभियोजन से छूट प्राप्त है और इसलिए उन पर चल रहे चुनाव हस्तक्षेप मुकदमे को स्थगित किया जाना चाहिए। उनके वकीलों ने सोमवार को अदालत में एक आपातकालीन अपील दायर की। इससे चार दिन पहले न्यायाधीशों ने इस बार के राष्ट्रपति चुनाव से उन्हें बाहर करने के प्रयासों से संबंधित मुकदमे में सुनवाई की थी। ट्रंप के वकीलों को संघीय अदालतों में अपनी अपील को लेकर अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

राष्ट्रपति चुनावः विपक्ष के बाद अपने ही पार्टी के निशाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति

# बाइडन की उम्र पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा


वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन दोबारा राष्ट्रपति पद के लिए कमर कस चुके हैं, लेकिन बढ़ती उम्र का मुद्दा उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। अब अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री और पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की पत्नी हिलेरी क्लिंटन ने एक साक्षात्कार में कहा है कि राष्ट्रपति बाइडन की उम्र डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का मुद्दा है।



हिलेरी ने कहा है कि बाइडन भी इस मामले की गंभीरता को समझते हैं। सारा विवाद गोपनीय दस्तावेज से जुड़े केस में स्पेशल काउंसिल रॉबर्ट हर की रिपोर्ट से शुरू हुआ है। इस रिपोर्ट में दावा किया गया कि बाइडन इतने बुजुर्ग हो गए हैं कि उन्हें ओबामा सरकार में 2015 में बेटे ब्यू की कैंसर से मौत की तारीख तक याद नहीं। इस रिपोर्ट पर बाइडन ने कहा कि मेरी याद्दाश्त सही है। लेकिन, कुछ मिनट बाद बाइडन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी को मैक्सिको का राष्ट्रपति कह दिया।

### बाइडन-ट्रंप में कौन लोकप्रिय



**42 फीसदी** बाइडन (81)
18 अगस्त को शिकागो में डेमोक्रेटिक कंवेंशन, जो बाइडन औपचारिक रूप से डेमोकेट प्रत्याशी घोषित होंगे।



**45 फीसदी** ट्रंप (77)
15 जुलाई को मिलवाकी में रिपब्लिकन कंवेंशन होगा, जिसमें औपचारिक रूप से राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति प्रत्याशी चुना जाएगा।

### बाइडन को दी जा सकती है चुनौती

नए उम्मीदवार को अगस्त में होने वाले शिकागो के डेमोक्रेटिक सम्मेलन (डीएनसी) में 3936 डेलीगेट्स में से 1969 का समर्थन पाना होगा।

### बाइडन खुद हटें तो होगी बैठक

डीएनसी को आपात बैठक बुलानी होगी, इसमें 500 डेमोक्रेटिक डेलीगेट्स राष्ट्रपति पद के नए उम्मीदवार के बारे में बहुमत से फैसला करेंगे।

### चिंता: 73% डेमोक्रेट समर्थक भी मानते हैं बाइडन की उम्र ज्यादा

बाइडन की उम्र से डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए चिंता का विषय है क्योंकि अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के लिए बाइडन मानसिक रूप से फिट नहीं है। हाल ही में एबीसी/इप्सोस के एक सर्वे में सामने आया है कि 86 फीसदी अमेरिकी मतदाता मानते हैं कि राष्ट्रपति पद के दूसरे कार्यकाल के लिए बाइडन की उम्र काफी ज्यादा है। वहीं, 73 फीसदी डेमोक्रेट मतदाता भी बाइडन को बुजुर्ग मानते हैं। काउंसिल की रिपोर्ट के बाद बाइडन के डिमेंशिया टेस्ट की मांग भी जोर पकड़ रही है।

### उपलब्धि: अर्थव्यवस्था-रोजगार के मुद्दे पर बाइडन का पलड़ा भारी

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बाइडन की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि उन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को तब गर्त से बाहर निकाला, जब दुनिया दो बड़े युद्धों का सामना कर रही थी। रूस-यूक्रेन और इजराइल हमास युद्ध के बावजूद बाइडन के दौर में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में वेतन बढ़ता और बेरोजगारी कम होते देखी है। बाइडन ने पिछले महीने 3.53 लाख नई नौकरियां जोड़ीं। लाखों छात्रों को शिक्षा लोन के बोझ से मुक्त कराया है।

## नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम और नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला आज श्रीनगर में ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीनगर पहुंचने के बाद ही ईडी कार्यालय में जाऊंगा।



उन्होंने कहा मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है मैंने कोई गलत कार्य नहीं किया है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि इससे पहले ईडी मुझे पहले भी दो बार पूछताछ कर चुकी है। ईडी इस मामले में फारूक से पहले भी तीन बार बुला चुकी है। वह सिर्फ 11 जनवरी 2024 को ईडी के बुलाने पर नहीं गए थे। उससे पहले उन्हें जब भी बुलाया गया, वह पूछताछ के लिए पहुंचे हैं। शुरू में इस मामले की जांच जम्मू कश्मीर पुलिस की अपराध शाखा ने की, इसके बाद में जांच का जिम्मा सीबीआई को सौंपा गया। सीबीआई ने अपनी जांच में घोटाले की पुष्टी करते हुए 11 जुलाई 2018 को अदालत में आरोपपत्र दायर किया था।

# बिलावल पीएम पद की रेस से बाहर, नवाज का समर्थन करेंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में चुनावी नतीजे आने के बाद सरकार बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। बिलावल भुट्टो जरदारी मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की दौड़ से हट गए और कहा कि उनकी पार्टी सरकार का हिस्सा बने बिना प्रधानमंत्री पद के लिए पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

बिलावल का फैसला पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा मंगलवार को यह दोहराए जाने के कुछ घंटों बाद आया कि पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ रिकॉर्ड चौथी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। बिलावल ने अपनी अध्यक्षता में हुई पीपीपी की उच्चाधिकार प्राप्त केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के बाद कहा कि उनकी पार्टी केंद्र में सरकार बनाने के लिए जनादेश प्राप्त करने में विफल रही। पीपीपी के नेता फैसल करीम ने धमकी दी कि अगर बिलावल को पीएम नहीं बनाया गया तो पीपीपी विपक्ष में बैठने को तैयार है।

### पीटीआई ने भी ठोकी सत्ता पर दावेदारी


इमरान की पार्टी पीटीआई ने भी सरकार बनाने की कोशिशें तेज कर दी हैं। पार्टी ने कई विशेष समीतियों का गठन किया है, जो केंद्र में, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा राज्य में पीटीआई की सरकार बनाने की रणनीति बनाएंगी। चुनाव नतीजों के बाद पीटीआई की कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सरकार और संसदीय पदों पर लोगों की नामांकन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी। पाकिस्तान आम चुनाव में पीटीआई समर्थित 101 निर्दलीय उम्मीदवार जीते हैं और पीटीआई सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

### पीटीआई नेता को पुलिस के सामने मारी गोली, मौत

इमरान की पार्टी के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया के अनुसार, पीटीआई के पूर्व संसदीय मामलों के सदस्य चौधरी मुहम्मद अदनान को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी है। पीटीआई नेता ने रावलपिंडी के निर्वाचन क्षेत्रों से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था।

## चुनाव आयोग के फैसले को शरद पवार ने दी चुनौती, शीर्ष कोर्ट में दायर की याचिका

मुंबई। शरद पवार गुट ने चुनाव आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। दरअसल, शरद पवार गुट ने भारत के चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसमें अजीत पवार समूह को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के रूप में मान्यता दी गई थी।



यह याचिका शरद पवार ने वकील अभिषेक जेबराज के माध्यम से सोमवार शाम को दायर की थी। उनसे पहले, अजीत पवार गुट ने वकील अभिकल्प प्रताप सिंह के माध्यम से एक कैविएट दायर की थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अगर शरद पवार समूह शीर्ष अदालत में जाता है, तो उसके पक्ष में कोई एकतरफा आदेश पारित न किया जाए। 6 फरवरी को चुनाव आयोग ने घोषणा की कि अजित पवार गुट ही असली एनसीपी है, जिससे पार्टी संस्थापक शरद पवार को बड़ा झटका लगा।

# न्यूयॉर्क में एमटीए बोर्ड में भारतवंशी मीरा जोशी नामित

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- मीरा बोलीं, सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़, सभी का आभार, जल्द संभालेंगी पद

न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने भारतवंशी मीरा जोशी को मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्टेशन अथॉरिटी (एमटीए) बोर्ड के लिए नामित किया है। जोशी डिप्टी मेयर (ऑपरेशन) हैं। न्यूयार्क शहर के बुनियादी ढांचे, सार्वजनिक क्षेत्र और जलवायु पोर्टफोलियो की देखरेख करने वाली डिप्टी मेयर जोशी को आठ फरवरी को एनवाइसी विभाग के सिटी प्लानिंग निदेशक और सिटी प्लानिंग कमीशन के अध्यक्ष डैन गारोडनिक के साथ नामित किया गया है।

इसकी जानकारी देते हुए एक आधिकारिक नोट जारी किया गया है। आधिकारिक नोट में कहा गया है कि एडम्स ने बोर्ड में सार्वजनिक परिवहन के लंबे समय से समर्थक रहे दोनों अधिकारियों को नामित कर न्यूयॉर्क वासियों को सुरक्षित, विश्वसनीय और सुलभ सार्वजनिक परिवहन प्रणाली प्रदान करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। एडम्स ने कहा कि नामित दोनों शख्स एमटीए के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए उचित हैं। बोर्ड के लिए नामांकन के बाद डिप्टी मेयर मीरा जोशी ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन प्रणाली न्यूयॉर्क की रीढ़ है।

न्यूयॉर्क के कार्यों को सुगमता के साथ संचालित करने में कोई भी चीज ऐसी नहीं है जो सार्वजनिक परिवहन प्रणाली से अधिक प्रभावित कर सकती है। उन्होंने इसके लिए सभी का आभार जताते हुए धन्यवाद किया। वह न्यूयॉर्क सिटी सिविलियन कंप्लेंट रिव्यू बोर्ड की पहली उप कार्यकारी निदेशक थीं, जिन्होंने पुलिस कदाचार के नागरिक आरोपों की जांच का नेतृत्व किया।

### मूर्तियों को संवारने में मग्न मूर्तिकार ...



गुवाहाटी : बसंत पंचमी आज है। बुधवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ऐसे में पूजा की तैयारी जोरों पर है। पूजा स्थल की साज-सज्जा की जा रही है। मूर्तिकार ऑर्डर के अनुरूप मूर्ति को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। तैयार मूर्तियों को आयोजक ले जा रहे हैं। गुवाहाटी में मां सरस्वती की कई फीट ऊंची मूर्तियां बनाईं गई, अंतिम रूप देने के बाद संवारने में मग्न मूर्तिकार। ● एजेंसी

## कोर्ट ने हत्या मामले में विपक्षी विधायक को उम्रकैद की सजा सुनाई

आरा (बिहार)। महागठबंधन के एक विधायक को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। भोजपुर के अगिआंव विधायक से माले विधायक मनोज मंजिल को हत्या में मामले में सजा सुनाई गई है।



आरा सिविल कोर्ट इस मामले में सुनवाई कर रही थी। मंगलवार को एडीजे तीन की अदालत ने मनोज मंजिल को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही अर्थ दंड भी लगाया। दरअसल, 2015 विधानसभा चुनाव के समय जेपी सिंह नाम के व्यक्ति की हुई थी। इसका आरोप मनोज मंजिल पर लगा था। मंगलवार को तरारी से माले विधायक सुदामा प्रसाद भी आरोपी विधायक से मिलने पहुंचे।

## कनाडा में आतंकी पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग, जांच जारी

टोरंटो। कनाडा के ओंटारियो प्रांत में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीबी के घर पर फायरिंग की घटना सामने आई है। द गार्जियन के अनुसार, ब्रैम्पटन में आतंकी के करीबी इंद्रजीत सिंह गोसल के घर की खिड़की पर गोली का छेद मिला है। हालांकि, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस ने इससे इनकार नहीं किया है कि घर पर और कई राउंड फायरिंग हुई हों। इंद्रजीत सिंह ने हाल ही में घोषणा की थी कि टोरंटो स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर वह 17 फरवरी को खालिस्तान समर्थक रैली निकालेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, उसने पन्नू के साथ कार्य किया है। गौरतलब है कि यह घटना आतंकी हरदीप सिंह निज्जर के करीबी के घर पर की गई फायरिंग के कुछ दिन बाद सामने आई है।

विज्ञान — इंग्लैंड के सेंट्रल लंकाशायर विवि के वैज्ञानिकों ने की खोज, ग्रहों के गोल आकार की अवधारणा बदली

# पहली बार हुई चपटे आकार के एक्सोप्लैनेट ग्रह की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : माना जाता रहा है कि ब्रह्मांड में तारों की परिक्रमा करते ग्रहों का आकार गोल होता है। मगर हाल में खोजे गए एक बाहरी ग्रह (एक्सोप्लैनेट) ने इस अवधारणा पर विराम लगा दिया है। इंग्लैंड में सेंट्रल लंकाशायर विश्वविद्यालय (यूसीएलएन) के वैज्ञानिकों की एक टीम ने यह खोज की है।

उन्होंने दूर अंतरिक्ष में एक ग्रह को युवा तारे की परिक्रमा करते हुए देखा। मगर उसका आकार गोलाकार के विपरीत चपटा था। जिसे देखकर वैज्ञानिक हैरान हो गए और इसकी वास्तविकता को जानने के लिये अध्ययन क्षेत्र का विस्तार करना पड़ा। अंत में कंप्यूटर सिमुलेशन का उपयोग करना। इस अध्ययन में चपटी आकृतियाँ सामने आई।



पहली बार खोजा गया चपटा ग्रह।

वैज्ञानिकों का यह दल लंबे समय से बाहरी ग्रहों की खोज कर रहे हैं, लेकिन पहले कभी सिमुलेशन के जरिए ग्रहों के आकार की जांच करने की जरूरत नही पड़ी। मगर इस खोज में पहली बार इसका सहारा लेना पड़ा।

खोजकर्ता टीम के वैज्ञानिक दिमित्रिस स्टैमाटेलोस का कहना है कि हम बहुत आश्चर्यचकित थे कि जिसे हम गोलाकार समझ रहे थे, वह चपटा निकला। वैज्ञानिक इस ग्रह को स्मार्टीज़ चॉकलेट नाम से पुकार रहे हैं। सर्वविदित है कि नेस्ले कंपनी चौकलेट बनाती है। जिसका आकार चपटा होता है। यह खोज एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स लेटर्स जर्नल में प्रकाशित होने जा रही है।

### ग्रहों के निर्माण की जानकारी देगा ग्रह

इस बाहरी ग्रह का आकार भविष्य चपटा रहेगा या गोलाकार में परिवर्तित होगा, इस बारे में अभी निश्चित कुछ नही कहा जा सकता। बहरहाल खगोलविद इस ग्रह पर निरंतर नजर रखेंगे और इ सका अध्ययन जारी रखेंगे। इससे कई जानकारियां मिल सकती हैं। जिनमें सबसे बड़ी जानकारी ग्रहों के निर्माण व विकास से जुड़ी होगी।

## अमेरिका में उड़ान के बीच गिरा विमान का दरवाजा, आपात लैंडिंग

चीकटोवागा। अमेरिका में उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद एक छोटे विमान का पिछला दरवाजा गिर गया। इस दौरान विमान एयरपोर्ट से दक्षिण में कुछ दूरी पर चीकटोवागा के ऊपर उड़ान भर रहा था, जिसके बाद इसकी आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

मीडिया के मुताबिक, विमान में दो लोग सवार थे। विमान को बफेलो नियाग्रा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। इस घटना में संपत्ति के नुकसान या किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विमान के दरवाजे की तलाश की गई, लेकिन उसका पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी इस तरह का एक मामला सामने आ चुका है। अलास्का एयरलाइंस की एक फ्लाइट की खिड़की उड़ान के दौरान 16 हजार फीट की ऊंचाई पर अचानक निकल गई थी।

# इजराइल को हथियारों की आपूर्ती रोके अमेरिका : यूरोपीय संघ

वाशिंगटन, एजेंसी

राफा शहर पर हमले के बाद इजराइल पर दुनियाभर से दबाव पड़ना शुरू हो गया है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति के प्रमुख जोसेप बोरेल ने मांग की है कि इजराइल के सहयोगी खासकर अमेरिका, इजराइल को हथियारों की आपूर्ती करना बंद करे। बोरेल ने कहा कि गाजा में बड़ी संख्या में लोग मारे जा रहे हैं।

बीते हफ्ते ही अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि इजराइल की सैन्य कार्रवाई चरम पर पहुंच चुकी है। बोरेल ने बाइडन के उस बयान का हवाला देते हुए कहा कि अगर आपको लगता है कि लोग मारे जा रहे हैं तो आपको कम मात्रा में हथियार देने चाहिए ताकि कई लोगों को मरने से बचाया जा सके। ब्रुसेल्स में मीडिया से बात करते हुए बोरेल ने कहा कि अमेरिका का युद्ध पर चिंता जताना और इस्राइल को हथियारों की आपूर्ती जारी रखना सही नहीं है। बोरेल ने कहा कि 'कितनी बार प्रमुख देशों के नेताओं और विदेश मंत्रियों ने लोगों के मारे जाने पर चिंता जतायी है। अगर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को लगता है कि नरसंहार हो रहा है और लोग मारे जा रहे हैं तो हमें शायद हथियारों के बारे में सोचने की जरूरत है।

### युद्धविराम का समर्थन के लिए तैयार: क्रेमलिन

मॉस्को। क्रेमलिन ने मंगलवार को कहा कि वह इजराइली बंधकों की रिहाई और गाजा में युद्धविराम के लिए किसी भी कार्रवाई का समर्थन करने के लिए तैयार है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा, हमारा मानना है कि कार्रवाई रचनात्मक होनी चाहिए, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय कानून और पहले से अपनाई गई सुरक्षा के ढांचे के भीतर समस्या का व्यापक समाधान करना हो। पेसकोव इजराइल और हमास के साथ अमेरिकी वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे।